* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

22 अगस्त, 2022
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 07, अंक 302

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन को राहत:मंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज, हाइकोर्ट ने कहा- उन्हें दिमागी तौर पर कमजोर नहीं कह सकते














### आरोपी राजीव कुमार को लेकर इडी रांची पहुंची

# सदर अस्पताल में चेकअप के बाद की जा रही पूछताछ

- पैसे के लेन-देन के मामले में इडी ने भी दर्ज किया है केस
- अमित अग्रवाल की शिकायत पर कोलकाता में गिरफ्तार हुए थे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोलकाता में गिरफ्तार अधिवक्ता राजीव कुमार को रिमांड पर लेने के बाद इडी रांची ले आयी है। रांची लाते ही सबसे पहले उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया, यहां उनका मेडिकल टेस्ट कराया गया। कानूनी लड़ाई के बाद इडी को एडवोकेट राजीव कुमार की रिमांड मिली है। रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट के आदेश के आलोक में इडी की टीम राजीव कुमार को रिमांड पर लेने के लिए शुक्रवार को कोलकाता पहुंची थी। न्यायालय के आदेश के आलोक में शनिवार को रिमांड पर लेना था, लेकिन, कोलकाता पुलिस ने उसमें अड़ंगा लगा दिया था। कोलकाता पुलिस ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर राजीव कुमार को कोलकाता में ही रहने देने की मांग की थी। उसने कहा था कि 24 अगस्त को राजीव कुमार का वाइस सैंपल लेना है।

### समय सब कुछ बतायेगा: राजीव कुमार

अधिवक्ता राजीव कुमार को जब सदर अस्पताल मेडिकल चेकअप के लिए लाया गया, तब पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि आखिर ऑडियो कॉल रिकॉर्ड और उनको पैसे देने लेने की बात की क्या सच्चाई है? उन्होंने सधे हुए शब्दों में बताया कि टाइम विल टेल यानी समय सब कुछ बतायेगा। अभी हमें इस पर कुछ भी नहीं कहना है।

### कोलकाता पुलिस कोलकाता में ही रखना चाहती थी

गौरतलब है कि कोलकाता पुलिस नहीं चाहती थी कि राजीव कुमार को इडी रिमांड पर लेकर रांची जाये। इसके लिए कोलकाता पुलिस की ओर से दलील दी गयी थी कि राजीव कुमार को 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था। घटना से संबंधित एक ऑडियो भी पुलिस को मिला है, जिसमें रुपयों के लेन-देन की बात है। मामले की जांच के लिए अभियुक्त की आवाज का नमूना लेना जरूरी है, इसलिए अभियुक्त को कोलकाता में ही रहने का आदेश दिया जाये। इडी ने कोलकाता पुलिस की इस दलील का कोर्ट में विरोध किया। उसने कहा कि इडी को अभियुक्त को रिमांड पर लेने से नहीं रोका जा सकता। कोर्ट का आदेश है, उन्हें रिमांड पर देना चाहिए। इडी की दलील सुनने के बाद जज ने कोलकाता पुलिस की याचिका खारिज कर दी और राजीव कुमार को इडी की रिमांड पर ले जाने की इजाजत दी।

कोलकाता में बैंकशाल स्ट्रीट के कुमकुम सिंघा की विशेष अदालत द्वारा इडी को रांची ले जाने की अनुमति देने के बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से रांची लाया गया। सूत्रों ने कहा कि राजीव कुमार से पूछताछ शुरू हो गयी है। उनसे अमित अग्रवाल के बारे में पूछताछ की गयी। साथ ही वह कोलकाता कैसे पहुंचे और कोलकाता जाने का उद्देश्य क्या था, इस बारे में भी पूछताछ की है। उन्होंने कहा कि हिरासत में बंगाल पुलिस ने उन्हें बुरी तरह से प्रताड़ित किया है। वह शारीरिक और मानसिक रूप से बेहद थके हुए हैं। उन्होंने इडी से कुछ समय के लिए आराम करने की अनुमति मांगी। साथ ही कुछ खाना और दवाएं देने का भी अनुरोध किया। इडी अधिकारियों ने उन्हें कुछ देर आराम करने की अनुमति दे दी। लिहाजा उनसे करीब डेढ़ घंटे तक ही पूछताछ की जा सकी है।

### श्रीकृष्ण की झांकी : अल्बर्ट एक्का चौक पर उमड़ा जनसैलाब



# डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत

- पांच बच्चे आये थे नहाने, दो डूबने से बचे, कोडरमा में भी एक बच्चे की डूबने से मौत

**धीरज पुरी**

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मेरु के रेहदा डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। तीनों बच्चे बीएसएफ में कार्यरत जवान के पुत्र हैं। डूबनेवालों में अजय प्रसाद के पुत्र अंशु राज (13), पिता सुरेश राम के पुत्र देवेश कुमार (16) और राजेश रजक के पुत्र रघु रजक (13) के रूप में पहचान हुई है। तीनों मेरु में रहते थे। अंशु राज पिता अजय प्रसाद दारू प्रखंड के गाड़ीसाडम का स्थायी निवासी है। मेरु के अपना घर बनाकर रहते हैं। देवेश कुमार इचाक थानांतर्गत तिलरा गांव का रहने वाला था, जो मेरु में किराये के मकान में रहता था। वहीं रघु रजक बिहार बेगूसराय का रहने वाला है, जो मेरु में पेट्रोल पंप के पास किराये के मकान में रहता था।



जानकारी के अनुसार घटना रविवार शाम तीन बजे की है। ग्रामीणों के बच्चों को डूबने की सूचना मिली। स्थानीय लोगों ने दो बच्चों को डैम से निकाला। उनमें से देवेश कुमार को सदर अस्पताल व अंशु को आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। तीसरा बच्चा को बीएसएफ की रेस्क्यू टीम ने दो घंटे की खोज बीन के बाद निकाला, जिसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। तीनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सदर विधायक मनीष जयसवाल, बटेश्वर मेहता, थाना प्रभारी अरविंद कुशवाहा, सीओ राजेश कुमार, मेरु मुखिया सीमा सिंह, अशोक प्रसाद, दशरथ यादव, राजीव कुमार मेहता, महेंद्र राम पहुंच कर घटना की जानकारी लिये। साथ ही मृतक के परिजनों को दस-दस लाख मुवाआजा देने की मांग की। वहीं, कोडरमा में भी एक बच्चे की डूबने से मौत हो गयी।

### टंडवा: सतवहनी जलाशय में एक बच्चा डूबा

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** गाडीलोग के सतवहिनी जलाशय में रविवार की शाम पांच बजे दो बच्चे डूब गये। इसमें एक बच्चा को बचा लिया गया। दूसरा बच्चा अरविंद राम का 10 वर्षीय पुत्र अंकुश अब भी लापता है, जिसकी खोजबीन जारी है। जानकारी के अनुसार गाडीलोग के तीन बच्चे उक्त जलाशय के पास मोबाइल से तस्वीर ले रहे थे। इसी बीच अंकुश समेत दो बच्चे जलाशय में डूब गये, जबकि एक बच्ची जलाशय के ऊपर खड़ी रही। बताया गया कि एक चरवाहा भोला इसी बीच आकर रस्सी देकर एक बच्चे ऋषभ को तो बचा लिया, पर अंकुश लापता है, जिसकी खोजबीन अब भी जारी है। इस स्थल पर विधायक किशुन दास गोताखोर के माध्यम से ढूंढ़वा रहे हैं।

### सीएम हेमंत ने दी स्वीकृति

## निलंबित अभियंता प्रमुख रास बिहारी सिंह के खिलाफ होगा पीई दर्ज

**रांची।** पथ निर्माण विभाग के निलंबित अभियंता प्रमुख रास बिहारी सिंह के विरुद्ध मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि झारखंड पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एक रिपोर्ट में पथ निर्माण विभाग के निलंबित अभियंता प्रमुख रास बिहारी सिंह के पास आय से 199 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली थी। बीते जून माह में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग से एसीबी को पीई दर्ज करने संबंधित आदेश भेजने की बात सामने आयी थी। उसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने रविवार को पीई दर्ज करने का निर्देश दिया ।अब निलबिंत अभियंता प्रमुख के खिलाफ विधिवत जांच होगी।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यमंत्री लगातार उठा रहे सख्त कदम**

पद संभालने के बाद से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कई अहम फैसले लिये हैं, इसमें प्रमुख हैं-

- हेहल, रांची के तत्कालीन अंचलाधिकारी अनिल कुमार सिंह के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति के मामले में मुख्यमंत्री ने प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति दी।
- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, पलामू थाने में दर्ज प्राथमिकी में जिला कल्याण कार्यालय में सहायक के पद पर कार्यरत अभियुक्त मनोज कुमार और जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 1988 (संशोधित अधिनियम, 2018) की धारा-7 (ए) के तहत अभियोजन चलाने का निर्देश दिया गया था। मामला अनुसूचित जनजाति, अनसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग विभाग में हुए भ्रष्टाचार से जुड़ा है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 49,000 रु./10 ग्राम |
| सोना (खरीद) | 46,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 59,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com


## खेला होबे : इस साल के अंत तक कुछ 'बड़ा खेला' होने की संभावना

# पश्चिम बंगाल में तैयार हो रही है बड़े सियासी खेल की जमीन!

आजाद सिपाही विशेष

**कहा जाता है कि पश्चिम बंगाल जो आज सोचता है, वह बाकी देश कुछ दिन बाद सोचता है। इसलिए वहां की राजनीति भी देश के दूसरे हिस्सों से एकदम अलग है। कभी कांग्रेस का गढ़ रहे इस राज्य में पिछले डेढ़ दशक से ममता बनर्जी और उनकी तृणमूल कांग्रेस शासन कर रही है। इससे पहले वामपंथी दलों ने तीन दशक तक राज्य की राजनीति की कमान अपने पास रखी। पिछले विधानसभा चुनावों में ममता बनर्जी ने अकेले दम पर भाजपा के विजय रथ को रोक कर यह बता दिया था कि बंगाल अलग तरह से सोचता और फैसले करता है। लेकिन वही ममता बनर्जी इन दिनों बेहद असमंजस में फंसी दिखाई दे रही हैं। अपने विश्वस्त सहयोगियों का भ्रष्टाचार उजागर होने और पार्टी के भीतर चल रहे अंदरूनी संघर्ष के कारण उनका रुख पिछले कुछ दिनों में अजीब सा दिखने लगा है। कभी वह भाजपा के नजदीक जाने के लिए विपक्षी खेमे से दूरी बनाती हुई नजर आती हैं, तो कभी विपक्षी नेताओं के साथ गलबहियां करने के लिए उत्सुक दिखती हैं। इन सबके बीच अब चर्चा यह होने लगी है कि बंगाल में कुछ ऐसा 'बड़ा खेला' होनेवाला है, जिसके बारे में किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। यह 'बड़ा' खेला निश्चित रूप से राजनीति के मैदान में ही होगा और वह खेल भी राज्य की सियासत को नया मोड़ दे सकता है। अब राजनीतिक हलकों में इस संभावित खेल को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है, जिसमें सत्ता परिवर्तन से लेकर राष्ट्रपति शासन और तृणमूल कांग्रेस में दो फाड़ होने तक की संभावनाओं की चर्चा चल रही है। इन चर्चाओं के आधार और संभावित परिणाम का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**


राहुल सिंह

2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी के आह्वान ने नयी अटकलों को जन्म दिया है। राजनीति के जानकार और नेता इसे बंगाल की राजनीति के नयी करवट लेने की आहट करार दे रहे हैं। कुछ इसे ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की ओर से महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे की राह अपनाने की अटकलें भी लगा रहे हैं। राजनीतिक पंडित इस बात को लेकर चर्चा करने लगे हैं कि क्या राज्य में डेढ़ दशक से सत्तासीन रही तृणमूल कांग्रेस पार्टी के दो फाड़ होनेवाले हैं या कि कुछ और ही नया नजर आनेवाला है। इन अटकलों को उस समय एक आधार मिला, जब दक्षिण कोलकाता के इलाके में तृणमूल कांग्रेस के पोस्टरों से ममता बनर्जी की तस्वीर गायब देखी गयी। दक्षिण कोलकाता के कालीघाट इलाके में ही ममता बनर्जी का आवास है और पार्टी के पोस्टर में उनकी तस्वीर का नहीं होना किसी 'बड़े राजनीतिक खेल' का संकेत तो देता ही है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस इसे पूर्व घोषित योजना की एक कड़ी करार दे रही है। इन पोस्टरों को लेकर फैल रही चर्चाओं के बीच पार्टी के कई नेता चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं कुछ का कहना है कि पार्टी प्रदेश की राजनीति में बदलाव के लिए नयी पीढ़ी को आगे कर रही है। इसी का इशारा है कि शायद पार्टी ने इस तरह के पोस्टर लगाये हुए हैं। इन पोस्टरों में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की बजाय महासचिव अभिषेक बनर्जी का चेहरा नजर आ रहा है। पोस्टरों पर छह महीने में 'नयी तृणमूल कांग्रेस आयेगी' का स्लोगन लिखा हुआ है। इसमें दावा किया गया है कि नयी और सुधरी हुई टीएमसी छह महीने में अस्तित्व में आनेवाली है।

**तृणमूल कांग्रेस में दो फाड़ की भी अटकलें**



### ममता और अभिषेक में तकरार

बताया जाता है कि इस पोस्टर कांड के पीछे ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के बीच पैदा हुई खाई है। हालांकि दोनों के बीच मतभेद की यह पहली घटना नहीं है। पहले भी अभिषेक बनर्जी और ममता बनर्जी में तकरार की खबरें आ चुकी हैं। इसके पीछे की वजह यह है कि अभिषेक बनर्जी ने एक व्यक्ति, एक पद की नीति को बढ़ावा देने का मन बनाया था। इसके तहत उनका कहना है कि पार्टी एक व्यक्ति एक पद की नीति को लागू करे। वहीं सीएम ममता बनर्जी के समर्थक और पार्टी के पुराने नेताओं ने इस नीति का विरोध किया था।

इसके विरोध में अभिषेक बनर्जी के समर्थकों ने सोशल मीडिया में अभियान भी चलाया था। बंगाल की राजनीति के जानकारों ने तृणमूल के इन पोस्टरों को लेकर कहा कि यह तो होना ही था। पार्टी में बीते एक साल से अंदर ही अंदर कलह जारी है। लगातार पार्टी धड़ों में बंट रही है। अभिषेक भ्रष्टाचार में लिप्त नेताओं को अपनी राह से हटा रहे हैं। वह तृणमूल को पूरी तरह से अपने नियंत्रण में करना चाहते हैं।

### भाजपा नेताओं का 'खेला होबे' का दावा

तृणमूल कांग्रेस के आंतरिक कलह के बीच अब ममता बनर्जी सरकार तक के गिरने का दावा किया गया है। नया दावा करनेवाले नेता हैं भाजपा के सुवेंदु अधिकारी। उन्होंने कहा कि दिसंबर तक तृणमूल कांग्रेस टूट जायेगी। इसके बाद बंगाल में भी महाराष्ट्र को दोहराया जायेगा। इससे पहले भाजपा नेता और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती भी इस तरह का दावा कर चुके हैं। मिथुन ने दावा किया था कि टीएमसी के 38 विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या सच में बंगाल में महाराष्ट्र को दोहराया जा सकता है? बंगाल विधानसभा के समीकरण क्या कहते हैं? सरकार बदलने के लिए कितने विधायकों को पाला बदलना होगा?

### अभी क्या हैं बंगाल के समीकरण?

294 सदस्यीय पश्चिम बंगाल विधानसभा में इस वक्त टीएमसी के 220 विधायक हैं। ममता बनर्जी की पार्टी को भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक पार्टी के एक विधायक का भी समर्थन मिला है। भाजपा के 70 विधायक हैं। एक-एक सीट से आइएसएफ और निर्दलीय विधायक हैं। एक सीट खाली है। मौजूदा 293 सदस्यों के सदन में बहुमत का आंकड़ा 147 का है। यानी ममता बनर्जी की पार्टी के पास बहुमत के आंकड़े से काफी ज्यादा विधायक हैं।

### सरकार बदलने का समीकरण क्या है?

पश्चिम बंगाल विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 147 है। भाजपा के पास 70 विधायक हैं। दो अन्य विधायकों का समर्थन अगर उसे मिलता है, तब भी उसे बहुमत का आंकड़ा जुटाने के लिए 75 विधायकों की जरूरत होगी।

यानी टीएमसी के कम से कम 75 विधायकों को तोड़ना होगा। हालांकि ऐसा करने पर भी सरकार बदल जायेगी, ऐसा नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि इस स्थिति में बगावत करने वाले 75 विधायकों पर अयोग्यता की तलवार लटक जायेगी।

### ये विधायक इस्तीफा भी तो दे सकते हैं?

कर्नाटक और मध्यप्रदेश में जब सरकारें बदलीं, तब इस तरह का कदम विधायकों ने उठाया था। इन दोनों राज्यों में सत्ताधारी गठबंधन के पास इतना बड़ा बहुमत नहीं था, जितना ममता के पास है। कर्नाटक में जहां 13 विधायकों के इस्तीफे से समीकरण बदल गये थे, वहीं मध्यप्रदेश में 22 विधायकों के इस्तीफे के चलते कमलनाथ सरकार गिर गयी थी। बंगाल में अगर विधायकों के इस्तीफे से सरकार बदलने की कोशिश होती है, तो बहुत बड़ी संख्या में विधायकों को इस्तीफा देना पड़ेगा। विधायकों के इस्तीफे के बाद भाजपा अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में तभी आयेगी, जब सदन में सदस्य संख्या 139 हो जाये, यानी टीएमसी के 154 विधायक इस्तीफा दे दें। इतनी बड़ी संख्या में विधायकों का इस्तीफा देना काफी मुश्किल लगता है।

### महाराष्ट्र मॉडल तो हो सकता है?

महाराष्ट्र में शिवसेना के दो तिहाई से ज्यादा विधायकों ने अपनी ही सरकार के खिलाफ बगावत कर दी थी। बगावत करने वाले विधायकों ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में भाजपा के साथ मिलकर नयी सरकार बना ली। महाराष्ट्र में शिवसेना के 56 विधायक हैं। इनमें से 40 इस वक्त एकनाथ शिंदे गुट के साथ हैं। अगर यह मॉडल पश्चिम बंगाल में लागू करें, तो टीएमसी के कम से कम दो तिहाई विधायकों को बगावत करनी होगी। यानी बागी विधायकों का आंकड़ा 147 से कम नहीं होना चाहिए।

### इतने विधायकों का एक साथ पाला बदलना संभव है?

ऐसा होना मुश्किल जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। भारतीय राजनीति के इतिहास की बात करें, तो ऐसे कई मौके रहे हैं, जब पूरी-पूरी पार्टी ने अपने नेता के खिलाफ बगावत कर दी थी। चाहे 1995 में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एनटी रामाराव के खिलाफ हुआ विद्रोह हो या हाल ही में शिवसेना प्रमुख उद्धव के ठाकरे के खिलाफ हुआ विद्रोह, ये सब इसी तरह के उदाहरण हैं।

यहां तक कि देश की राजनीति में भी इस तरह का विद्रोह देखने को मिल चुका है। 1969 में हुए राष्ट्रपति चुनाव के दौरान कांग्रेस के 163 सांसदों ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की अपील पर पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ वोट दिया था। इसके बाद ही कांग्रेस अध्यक्ष एस निजलिंगप्पा ने इंदिरा को पार्टी से निकाल दिया था। इसके बाद भी इंदिरा की सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा था।

### तो क्या सच में ममता सरकार पर मंडरा रहा खतरा?

यह पहली बार भी नहीं है, जब पश्चिम बंगाल में ममता सरकार गिरने का दावा किसी भाजपा नेता ने किया है। इससे पहले मिथुन चक्रवर्ती भी इसी तरह का दावा जुलाई में कर चुके हैं। यहां तक कि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी कह चुकी हैं कि भाजपा इडी और अन्य एजेंसियों की मदद से राज्यों में विपक्ष की सरकार गिराने का काम कर रही है। वह बंगाल में ऐसा नहीं कर पायेगी।

राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि इन बयानों से साफ है कि ममता को भी इस तरह की आशंका है। वहीं दूसरी ओर भाजपा के इन दावों को टीएमसी नेतृत्व से असंतुष्ट विधायकों को अपनी ओर करने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है।

---

# चाइबासा में झारखंड बचाओ मोर्चा की सभा

**विधायक लोबिन हेंब्रम और पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव हुईं शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चाइबासा के गांधी मैदान में झारखंड बचाओ मोर्चा की सभा आयोजित की गयी।

इस सभा का आयोजन 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता नीति लागू करने के समर्थन में किया गया। सभा में झारखंड बचाओ मोर्चा के मुख्य संयोजक और विधायक लोबिन हेंब्रम और पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने शिरकत की। चाइबासा पहुंचने से पहले चक्रधरपुर में प्रखंड कार्यालय परिसर के पास स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर



माल्यार्पण किया। इस दौरान विधायक लोबिन हेंब्रम और पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि झारखंड राज्य बने 22 वर्ष हो गये, लेकिन आज भी राज्य के 1932 खतियानधारी झारखंडी मूल निवासी को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिली हैं। झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों को राज्य सरकार की नियुक्ति में सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए और इसके लिए राज्य सरकार खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति का निर्धारण जल्द करे। पिछले 22 वर्षों से इन्हें अनदेखा किया जा रहा है। इस केंद्रित मांग के साथ ही सीएनटी/एसपीटी एक्ट का सख्ती से अनुपालन, भाषा नीति, विस्थापन नीति, पांचवीं अनुसूची का प्रभावी अनुपालन करने की मांग भी शामिल है।

वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि झारखंड गठन के 21 वर्ष बीत जाने पर भी यहां के आदिवासी- मूलवासियों को न्याय नहीं मिला है। राज्य स्तरीय नियुक्तियों में झारखंड के स्थानीय निवासियों को ठगा जा रहा है, जबकि दूसरे राज्यों में स्थानीय के लिए राज्य स्तरीय नियोजनों को आरक्षित किया जाता है। इस अवसर पर पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कोर्ट के मध्यस्थों-वकीलों के लिए मानदेय का निर्धारण

**रांची।** झारखंड सरकार ने न्यायालयों के मध्यस्थों, वकीलों के लिए मानदेय का निर्धारण किया है। इस संबंध में मीडिएशन एंड कांसीलेशन प्रोजेक्ट कमेटी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आलोक में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के सदस्य सचिव ने राज्य सरकार से अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति के बाद विधि विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। महानिबंधक झारखंड, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, प्रमंडलीय आयुक्त, उपायुक्त, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश झारखंड, सदस्य सचिव विधिक सेवा प्राधिकार को भी जानकारी दी गयी है।

# पीडीएस दुकान संचालक ने की महिला के साथ छेड़खानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पंचायत में कान पकड़ कर उठक बैठक करने की मिली सजा तो भाग गया**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के जमुआ प्रखंड अंतर्गत आने वाले लताकी में केजीएन महिला समूह पीडीएस दुकान में दुकान संचालक सह भाजपा नेता इरफान आलम ने दूसरे समुदाय से आनेवाली महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद हिंदू समुदाय में घटना को लेकर उबाल है। लेकिन, स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जिला परिषद सदस्य संजय हाजरा ने अपनी अध्यक्षता में दोनों की रजामंदी से एक मीटिंग बुलायी, जिसमें पंचायत के सभी लोग शामिल रहे। इसमें पंचनामा



तैयार किया गया, जिसमें आरोपी पक्ष और पीड़िता पक्ष के अलावा सभी पंचगणों ने हस्ताक्षर किया कि जो पंचगणों का फैसला होगा, वह सर्वमान्य होगा। इस फैसले के दौरान पाया गया कि इरफान आलम ने महिला के साथ छेड़छाड़ की है और उन्होंने कुबूल भी किया। लेकिन, जब पंचगणों ने पांच बार कान पकड़ कर उठक बैठक करने का फैसला सुनाया, तो इरफान आलम ने मानने से इनकार कर दिया और पंचायत छोड़ कर फरार हो गया। इसे लेकर हिंदू समुदाय में आक्रोश है और इन लोगों का कहना है कि एक तो महिला के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया है और दूसरी तरफ वह अपनी दबंगई दिखाते हुए फैसले को मान भी नहीं रहा है। थाना में आरोपी के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवा दी गयी है।

---

## खुशखबरी : देवघर श्रावणी मेला में तैनात थे 13717 पुलिसकर्मी

# पुलिस पदाधिकारी और जवानों को मिलेगा अनुमति अवकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 13717 पुलिस पदाधिकारी और जवानों को पांच दिनों का अनुमति अवकाश मिलेगा।

ये सभी पुलिस पदाधिकारी और जवान देवघर श्रावणी मेला में तैनात थे। इसको लेकर देवघर एसपी ने संथाल परगना डीआइजी के निर्देश पर रांची, धनबाद, जमशेदपुर के एसएसपी और गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, चाईबासा, पलामू, लातेहार, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, रामगढ़, खूंटी, साहेबगंज,



बोकारो, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, सरायकेला के एसपी सहित पुलिस के अन्य विंग के कमांडेंट को पत्र लिखा है।

### क्या है पत्र में

पत्र में कहा गया है कि राजकीय श्रावणी मेला-2022 के अवसर पर आपके जिला इकाई वाहनी से पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों की प्रतिनियुक्ति देवघर जिला में की गयी थी। श्रावणी मेला समाप्ति के पश्चात संथाल परगना डीआइजी द्वारा पुलिस निरीक्षक से लेकर आरक्षी तक को पांच दिनों का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया गया है, जो अपने अपने जिला, इकाई वाहिनी में योगदान करने के पश्चात उपभोग करेंगे। अनुरोध है कि श्रावणी मेला में प्रतिनियुक्त किये गये पुलिस पदाधिकारी और कर्मी को अपने अपने जिला, इकाई, वाहिनी से पांच दिनों का अनुमति अवकाश प्रदान करेंगे।

### 13717 पुलिस अधिकारी और जवान प्रतिनियुक्ति थे

देवघर सावन मेले की सुरक्षा के लिए सीआइडी, विशेष शाखा, एटीएस, एसीबी, जैप-1 से जैप-10, एसआइआरबी-1, झारखंड जगुआर, सीसीटीएस मुसाबनी, झारखंड सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पदमा, झारखंड पुलिस अनुसंधान केंद्र हजारीबाग, जंगलवार फेयर स्कूल नेतरहाट, रांची, धनबाद, जमशेदपुर, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, चाईबासा, पलामू, लातेहार, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, रामगढ़, खूंटी, साहेबगंज, बोकारो, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, सरायकेला और रेल जमशेदपुर से करीब 13717 पुलिस अधिकारी और जवान प्रतिनियुक्ति थे।

# चान्हो के पूर्व बीडीओ लियाकत अंसारी को मिली निंदन की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने चान्हो के पूर्व बीडीओ लियाकत अंसारी को निंदन की सजा दी है। उनके ऊपर स्वच्छ भारत अभियान के तहत बनाये जा रहे शौचालयों के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगा था। राज्य के लोकायुक्त ने भी पूरे मामले की जांच करायी थी। इस संबंध में रविवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जानकारी के मुताबिक चान्हो प्रखंड के विभिन्न ग्रामों में शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण कराये बिना ही फर्जी बिल तैयार कर सरकारी राशि का गबन किया गया। बीडीओ ने भुगतान के पूर्व न तो योजना का निरीक्षण किया और न ही अनुश्रवण किया, जो सरकारी कार्यों के प्रति शिथिलता एवं लापरवाही थी। इस मामले में पूर्व बीडीओ चान्हो शालिनी विजय, परमानंद बासिल, कुमार डांग पर भी कार्रवाई हुई थी। लोकायुक्त ने इनके खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। कार्मिक विभाग ने पूरे मामले की जांच करायी थी। यह बात सामने आयी कि इसमें लियाकत अंसारी की आंशिक संलिप्तता है। इसलिए इन्हें निंदन की सजा दी गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.6°c | 21.7°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.16 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.27 बजे |



## स्कूलों में जाति प्रमाणपत्र बनाने के निर्णय का किया विरोध, कहा

# शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाना अनुचित

**कहा, मुख्य सचिव से मिलेंगे और उन्हें ज्ञापन सौंपेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में अभियान चला कर कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों का जाति प्रमाण पत्र विद्यालय में बनाने का फरमान जारी कर दिया है। इसको लेकर शिक्षकों में विरोध शुरू हो गया है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस आदेश का पुरजोर विरोध किया है। संघ ने शिक्षकों पर गैर शैक्षणिक कार्यों को लेकर कार्रवाई किये जाने को अनुचित बताया है। संघ के सदस्य इस मामले को लेकर जल्द ही मुख्य सचिव से मिलेंगे और उन्हें ज्ञापन सौंपेंगे। बात नहीं बनने पर संघ विरोध में सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होगा।

### नौनिहालों के भविष्य के साथ हो रहा है खिलवाड़: नसीम अहमद

संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे, महासचिव राममूर्ति ठाकुर और मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा है कि कोरोना महामारी काल में दो वर्ष छात्रों का पठन-पाठन पूरी तरह ठप रहा है। इससे नौनिहालों का काफी नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई करना अति आवश्यक है। शिक्षक इस कार्य में जी-जान से लगे हुए हैं। इसके बाद भी शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य में लगाकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

संघ ने प्रदेश के प्रारंभिक शिक्षकों से इस कार्य का जोरदार तरीके से बहिष्कार करने की अपील की है। संघ के पदधारियों का कहना है कि शिक्षकों का कार्य सिर्फ छात्रों को पढ़ाना है। जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए अंचल कार्यालय, सीआइ और कर्मचारी बकायदा नियुक्त हैं। इस कार्य के लिए वे निपुण हैं। नियमावली और बारीकी की जानकारी उन्हें ही है। उनसे बेहतर शिक्षक नहीं जान सकते हैं।

**मानसिक तौर पर परेशान करनेवाला निर्णय**

**संघ ने कहा कि यह कार्य सिर्फ शिक्षकों को मानसिक रूप से परेशान करने वाला निर्णय है। जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य शिक्षकों का नहीं है। सब काम में शिक्षकों को ही घसीटा जा रहा है। इतना ही नहीं, बात-बात पर शिक्षकों का वेतन बंद कर दिया जा रहा है। संघ ने धमकी दी है कि इस तरह के आदेश देने से अधिकारी बाज आयें। सरकार शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने की बात करती है और प्रशासन उन्हें गैर शैक्षणिक कार्य में ही उलझा कर रखना चाहता है। अगर इसे नहीं रोका गया तो आंदोलन होगा।**

# रिम्स कैदी वार्ड में पानी नहीं आने से हंगामा

**गुस्साये कैदियों ने नहीं किया नाश्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के कैदी वार्ड में इलाजरत कैदियों ने जम कर हंगामा किया है। जानकारी के मुताबिक, वार्ड में पानी नहीं आने से नाराज कैदियों का आक्रोश फूट पड़ा। इस दौरान सभी कैदी एक स्वर में प्रबंधन से बातचीत करने के लिए जोर दे रहे थे। प्रबंधन से बात नहीं होने पर नाराज कैदियों ने सुबह का नाश्ता भी नहीं लिया है।

### कैदी वार्ड में भर्ती है 21 मरीज

रिम्स के कैदी वार्ड में राज्य के विभिन्न जेल से आये 21 कैदी भर्ती हैं। इनमें 19 पुरुष और 2 महिला कैदी हैं, जिनका इलाज अस्पताल के विभिन्न विभागों में चल रहा ह।कैदियों ने कहा कि वार्ड में लगी आरओ मशीन से गंदा पानी आता है। ऐसे में हम सभी गंदा पानी पीने को मजबूर हैं।

### कैदी वार्ड में हैं कई खामियां

रिम्स के बेसमेंट में स्थित कैदी वार्ड की खिड़की में लगा शीशा भी टूटा हुआ है, जिस वजह से वार्ड के अंदर बारिश का पानी आ जाता है। साथ तेज हवा चलने पर भी परेशानी होती है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा। |
| वृष | कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी। |
| मिथुन | कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी। |
| कर्क | शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है। |
| सिंह | राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है। |
| कन्या | प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे। |
| तुला | संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृश्चिक | नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। |
| धनु | आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी। |
| मकर | अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी। |
| कुंभ | सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख। |
| मीन | लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकते हैं। |

## मोरहाबादी में लगी महंगाई पर चौपाल, कहा

# अब तो दाल-रोटी पर भी आफत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर देश में बढ़ती महंगाई को लेकर 17 अगस्त से हो रहे आंदोलन के तहत रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोरहाबादी मैदान बाजार में महंगाई पर चर्चा की। इसमें आमलोगों ने भी हिस्सा लिया और बढ़ती महंगाई को लेकर हो रही परेशानियों का जिक्र किया। प्रदेश कांग्रेस संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दुबे, कांग्रेस नेता लालकिशोर नाथ शाहदेव के नेतृत्व में आज पांचवें दिन अनूठे अंदाज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी एवं घर चलाने में हो रही मुश्किल, और इस सबके लिए केंद्र सरकार की जिम्मेदारी को दर्शाया गया। महंगाई पर चर्चा में भाग लेते हुए आम गृहिणी एवं आम नागरिकों ने कहा कि महंगाई की मार ने बच्चों के दूध तक को नहीं छोड़ा, सब्जियां भी काफी महंगी हो गयी हैं, गेहूं और आटा की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने की वजह से दो वक्त के खाना पर भी आफत आ गयी है।

महंगाई पर चर्चा करते हुए कांग्रेस नेता आलोक दूबे ने कहा कि चार महीने के अंदर 15 से 20 प्रतिशत तक जरूरी वस्तुओं की कीमत बढ़ गयी है। हर चीज की कीमत लगातार बढ़ रही है। देश के प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री एवं भाजपा के नेताओं को छोड़ कर सबके लिए महंगाई आसमान छू रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा गेहूं के दाम अब तक के सर्वोच्च ऊंचाई पर है। पेट्रोलियम पदार्थ की कीमत सबसे निचले स्तर पर है, लेकिन देश की जनता को इसका कोई फायदा नहीं मिल रहा है। कार्यक्रम में आफताब आलम, आशापति टोप्पो, चंदन गुड़िया, नीरज महतो, गुई राम महतो, गुड़िया देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# भारी बारिश का असर : कांके डैम का फाटक खोला गया

**रूक्का और हटिया डैम खतरे के निशान से चार फीट दूर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 36 घंटे तक लगातार हुई बारिश के कारण रांची का कांके (गोंदा) डैम लबालब भर गया है। डैम की अधिकतम क्षमता 28 फीट पर पहुंचने के बाद रविवार की सुबह एक फाटक खोल दिया गया, ताकि किसी तरह का खतरा न हो। वहीं शहर के गेतलसूद (रूक्का) डैम और हटिया डैम खतरे के निशान से महज चार फीट दूर हैं। अब शहर के तीनों डैम में पर्याप्त पानी का भंडारण हो गया है। ऐसे में आनेवाली गर्मी में पानी का संकट नहीं होगा।

### हटिया डैम का फाटक खोलने को तैयार जल संसाधन विभाग

हटिया डैम का जलस्तर 33 फीट पर पहुंच गया है। इसके बाद पेयजल विभाग और जल संसाधन विभाग अलर्ट मोड पर है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता आलोक भारती ने बताया कि सारा सामान आ गया है। बस अब स्टॉलेशन का काम बाकी है। यह दो से तीन दिन में हो जायेगा। पिछली बार जैसी स्थिति नहीं आयेगी। बताते चलें कि पिछली बार हटिया डैम ओवर फ्लो हो गया था। लेकिन बारिश थमने और रसियन तकनीक से बने फाटक की मजबूती के कारण बड़ा हादसा टल गया था। इसके बाद पेयजल विभाग ने जल संसाधन विभाग को डैम के फाटककी मरम्मत का काम सौंपा था। मई में विभाग की एजेंसी ने मरम्मत का काम शुरू किया था, लेकिन कुछ सामान बाहर से मंगवाने के कारण इस काम में काफी विलंब हुआ। लेकिन अब सारा सामान आ चुका है, इसलिए दो से तीन दिनों में डैम के चारों फाटक खोलने लायक बना दिये जायेंगे।

## प्रमंडलवार होगी एसडीआरएफ टीम की तैनाती

**रांची।** झारखंड में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। राज्य के लगभग सभी जगहों में पेड़ गिरने से सड़क जाम रही। वहीं सैकड़ों घर भी छतिग्रस्त हुए। लगातार बारिश के कारण सभी डैम का जलस्तर भी बढ़ गया है। ऐसे में आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने जरूरी दिशा निर्देश दिये हैं। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए बन्ना गुप्ता ने एसडीआरएफ टीम की तैनाती प्रमंडलवार करने का निर्देश दिया है, ताकि आवश्यकता अनुसार टीम त्वरित कार्रवाई कर लोगों का रेस्क्यू कर सके। बन्ना गुप्ता ने एसडीआरएफ की टीम को मजबूत करने के लिए जरूरी उपकरण खरीदने का भी निर्देश दिया है।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि विभागीय सचिव अमिताभ कौशल को एक सप्ताह पहले ही दिशा निर्देश दिया गया है। इसके तहत राज्य के स्कूलों में तड़ित चालक लगाने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग और शिक्षा विभाग सामंजस्य स्थापित करके काम करेगा। मंत्री बन्ना गुप्ता ने वैसे स्कूलों को चिह्नित करने का निर्देश दिया है, जिसमें छात्रों की संख्या ज्यादा है।

# 23 अगस्त को आमया का महाधरना प्रखंडों में चला जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** उर्दू एवं अल्पसंख्यकों से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर 23 अगस्त को राजभवन के समीप होनेवाले महाधरना को सफल बनाने को लेकर रविवार को रांची के विभिन्न मुहल्लों एवं प्रखंडों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान झारखंड छात्र संघ एवं आमया के केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने लोगों से महाधरना में शामिल होने का आह्वान किया। एस अली ने कहा कि महागठबंधन सरकार के लगभग तीन वर्ष होने को हैं, बावजूद उर्दू एवं अल्पसंख्यकों से जुड़े मामले यथावत हैं। महाधरना के जरिए शिक्षा विभाग एवं कल्याण विभाग की गलत नीतियों को उजागर किया जायेगा। साथ ही, 14 सूत्री मांगपत्र जारी किया जायेगा। ज्ञातव्य हो कि महाधरना का यह कार्यक्रम राजभवन रांची के साथ-साथ गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, साहिबगंज, चक्रधरपुर एवं अन्य जिलों के मुख्यालय में विभिन्न सामाजिक सगठऩों द्वारा किया जायेगा।

# रांची में बारिश से 45 जगहों पर गिरे बिजली के पोल, आपूर्ति बहाल नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के कई जिलों में लगातार तेज हवा के साथ तीन दिनों तक झमाझम बारिश हुई। इसके कारण राजधानी रांची के कई इलाकों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। सड़कों पर पेड़ों की टहनियां गिर गयी। लोगों को आने-जाने में दिक्कतें हुईं। भारी बारिश से रांची के अधिकांश इलाकों में शनिवार से बिजली नहीं थी। बिजली नहीं होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। इस बीच रांची विद्युत आपूर्ति इलाके के जीएम पीके श्रीवास्तव ने बताया कि रांची शहर में हुई बारिश से लगभग 45-50 जगहों में बिजली पोल गिर गये, जहां व्यवस्था बनी उन इलाकों में इसे ठीक कर बिजली बहाल की गयी। बिजली वितरण निगम और नगर निगम की ओर से गिरे हुए पेड़ों को हटाया गया, लेकिन कुछ जगहों में बड़े पेड़ गिर गये थे, जिन्हें रविवार सुबह से हटाया जा रहा है। श्रीवास्तव ने कहा कि निगम की टीम लगी हुई है। रांची शहर में शनिवार को ही कुछ इलाकों में बिजली बहाल की गयी। उन्होंने बताया कि किसी भी इलाके में ग्रिड में परेशानी नहीं है।

शनिवार को हुई भारी बारिश के बाद कुछ इलाकों में दोपहर तीन बजे के बाद बिजली दी गयी। अधिकांश इलाकों में बिजली गुल रही। ओरमांझी, कोकर, होटवार, लालपुर, हरमू, हटिया, नामकुम, कांके समेत कई इलाकों में बिजली बाधित है। दोपहर तीन बजे के बाद मेन रोड, चर्च रोड, बहुबाजार, चुटिया जैसे इलाकों में बिजली दी गयी। हालांकि, पूर्व में ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड की ओर से बताया गया था कि राजधानी में अधिक पावर ट्रिपिंग हो रही है। ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड की तरफ से कर्मचारियों को पेट्रोलिंग पर लगाया गया है।

## राजनीति : राजभवन और चुनाव आयोग को घेरने की हो रही तैयारी

# समरीलाल की सदस्यता को लेकर पलटवार करेगा सत्ता पक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चल रहे शह-मात के खेल में कांके के भाजपा विधायक समरी लाल राजभवन और भारत निर्वाचन आयोग पर पलटवार का हथियार बन सकते हैं। समरी लाल पर आरोप है कि उन्होंने अनुसूचित जाति के खिलाफ सुरक्षित कांके विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की, जबकि एक शिकायत के आधार पर हुई जांच में यह पाया गया कि वह जातिगत आरक्षण के लाभ के दायरे में नहीं आते। राजभवन को विधानसभा की ओर से उनका अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट से निर्वाचन का मामला और जाति प्रमाणपत्र पत्र रद्द करने संबंधी छानबीन समिति की रिपोर्ट भी भेजी गयी थी।

इस संबंध में वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी सुरेश बैठा का आवेदन भी संलग्न था। विधानसभा अध्यक्ष ने समिति के फैसले की जानकारी और संवैधानिक प्रविधानों का भी राज्यपाल को लिखे पत्र में जिक्र किया था। इसके मुताबिक ऐसे मामलों में संविधान के अनुच्छेद 192 में राज्यपाल को फैसला लेने का अधिकार प्राप्त है। निर्वाचन आयोग से विमर्श करने के बाद राज्यपाल इस मामले में अंतिम निर्णय लेंगे।

### भाजपा विधायक समरी लाल का जाति प्रमाणपत्र रद्द

स्पीकर ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि संविधान के अनुच्छेद 371ए के खंड (2) के मुताबिक अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कांके सीट पर इसी अनुसूचित जाति के व्यक्ति ही विधायक बन सकते हैं। समरी लाल का जाति प्रमाण पत्र रद्द हो गया है। इससे उनकी विधायक रहने की योग्यता प्रभावित हुई है।

### निर्वाचन आयोग से मांगा गया है मंतव्य, जवाब नहीं

इस मामले में निर्वाचन आयोग से मंतव्य मांगा गया है, लेकिन इसमें कोई प्रगति नहीं है। उधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके भाई विधायक बसंत सोरेन के खिलाफ इसी अवधि में दो अलग-अलग शिकायतों पर राजभवन और निर्वाचन आयोग ने पूरी तत्परता दिखायी। इन मामलों में बहस पूरी हो चुकी है और फैसले का इंतजार किया जा रहा है। इसे देखते हुए सत्ता पक्ष समरी लाल के बहाने राजभवन और निर्वाचन आयोग पर पलटवार की तैयारी में है।

### झामुमो और कांग्रेस ने सौंपा था राज्यपाल को ज्ञापन

समरी लाल की सदस्यता रद्द करने की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल रमेश बैस से मिल कर शिकायत की थी। प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया था कि समरी लाल का जाति प्रमाणपत्र जाति छानबीन समिति ने रद्द कर दिया है, लिहाजा उन्हें विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाये। फिलहाल इस पर निर्वाचन आयोग का मंतव्य अपेक्षित है।

### कांग्रेस का सवाल, आखिर इतनी तत्परता क्यों

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के मुताबिक हेमंत सोरेन के खिलाफ पत्थर खनन लीज मामले में भाजपा की शिकायत पर राजभवन और निर्वाचन आयोग की हड़बड़ी समझ में नहीं आती। खनन लीज सरेंडर भी हो चुका है। निर्वाचन आयोग ने विशेष दूत भेज कर उस वक्त मुख्यमंत्री कार्यालय को नोटिस थमाया, जब वह अपनी बीमार मां के सिलसिले में राज्य के बाहर थे। भाजपा के कई नेता बार-बार इस मामले को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे है, जिससे लगता है कि सब कुछ पूर्व नियोजित है। संवैधानिक संस्थाओं को इससे बचना चाहिए। कांके से भाजपा के विधायक समरी लाल पर अत्यंत गंभीर प्रकृति का आरोप है। उनके जाति प्रमाणपत्र को विभागीय समिति ने रद कर दिया है, लेकिन उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में यह लगता है कि षड्यंत्र हो रहा है। संवैधानिक संस्थाओं को इसका ख्याल रखना चाहिए। एक आधारहीन और बेबुनियाद मामले में अत्यधिक हड़बड़ी और सत्य साबित हो चुके मामले में शिथिलता बरतना घातक है।

कार्यालय-पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
-सह-
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन "प्रकल्प" गढ़वा
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
स्वच्छ गढ़वा सुन्दर गढ़वा




शुभकामनाएं संदेश
2022




15 अगस्त 2022 (स्वतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा-सह- जिला जल एवं स्वच्छता मिशन "प्रकल्प" गढ़वा की ओर से सभी गढ़वावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) के तहत गढ़वा जिला के सभी लक्षित ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) Phase-II के तहत शेष बचे IHHL का निर्माण किया जा रहा है, एवं पुनः छुटे हुए लाभुकों को IHHL निर्माण हेतु विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आवेदन करने हेतु प्रकाशित किया गया है जिसमें लाभुकों को online हेतु https://sbm.gov.in/sbmphase2/homenew.aspx वेबसाईट के लिंक द्वारा आवेदन करने का प्रावधान किया गया है, तथा ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन (SLWM), पर कार्य हेतु सर्वे का कार्य प्रगति पर है, साथ ही जल जीवन मिशन के तहत "हर घर नल से जल" योजना अंतर्गत गढवा जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को FHTC (चालित नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्य योजना के अनुकल कार्य किया जा रहा है, जिसमें बृहत ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना के रूप में 04 अदद पूर्ण है, जिससे कुल 10112 लक्ष्य के विरूद्ध 9445 घरों में नल के माध्यम से पानी दिया जा रहा है, एवं 22 अदद कार्य प्रगति पर है, जिसका लक्ष्य 137263 के विरूद्ध 4369 अदद पूर्ण है, एवं शेष कार्य प्रगति पर है। एकल ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना के रूप में कुल 130 ग्रामों को लक्षित किया गया है, जिसमें 126 ग्रामों में कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है जिसमें 30818 अदद घरों के लक्ष्य के विरूद्ध 17122 अदद घरों में नल के माध्यम से पानी दिया जा रहा है शेष कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार वर्ष 2024 तक हर घर को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा।

अतः सभी गणमान्यजनों, पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका आदि से अनुरोध है कि अपने बच्चों एवं पूरे परिवार के अच्छे स्वास्थ्य आदि के लिए शौचालय का प्रतिदिन उपयोग करें साथ ही ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन (SLWM), पर तथा अपने-अपने घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्धता में अपना सहयोग प्रदान करें।

ह./- कार्यपालक अभियंता-सह-सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, गढ़वा

पत्रांक : 380 / गढ़वा, दिनांक : 13.08.2022

## बीमा योजना के अंतर्गत 2 दिनों के अंदर 1010 किसानों का बीमा करवाया



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत काडतरी पंचायत मुखिया पारसनाथ महतो के नेतृत्व में कांडतरी पंचायत भवन प्रांगण में शिविर लगाकर फसल बीमा कराया जा रहा है जिसमें पंचायत के सभी वार्ड से 1010 किसानों ने झारखंड फसल राहत बीमा योजना के तहत बीमा कराया गया है। इस संबंध में मुखिया पारसनाथ महतो ने पंचायत के ग्रामीणों से आग्रह किया है कि जितना जल्दी हो सभी किसान पंचायत भवन आकर झारखंड फसल राहत बीमा योजना का लाभ उठाएं ।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुगांई खुर्द में जल जमाव को लेकर मुखिया का सौंपा ज्ञापन

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चंदौल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुगांई खुर्द में जल जमाव के कारण विद्यालय के बच्चों को आने जाने व प्रेड् प्रार्थना करने में काफी परेशानी हो रही है ।जिसको लेकर विद्यालय के सचिव व प्रबंधन समिति ने मुखिया एतवरिया देवी को आवेदन देखा जलजमाव से मुक्ति दिलाने की मांग की है। आगे उन्होंने कहा है कि ग्रामीण विकास ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आर ई ओ विभाग से पुल का निर्माण कि गया है। पुलिया के नीचे से पानी निकासी को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण पानी पूरा स्कूल परिसर में भारी मात्रा में जमा हो गया है ।इस संबंध में मुखिया ऐश्वर्या देवी एवं प्रतिनिधि सनीत महतो ने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। बताया कि पुलिया के नीचे बुद्धि नाथ यादव पिता डेगन यादव द्वारा मिट्टी से भर दिया गया है। जिसके कारण स्कूल परिसर तलाब में तब्दील हो गया है इस संबंध में बुद्धि नाथ यादव से बात करने पर मिट्टी हटाने की बात कही है। 4 दिन बीत गए लेकिन अब तक पुलिया का मिट्टी नहीं हटाया गया है। आवेदन में स्कूल के सचिव रामदेव दास ,प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामदेव प्रजापति, ग्रामीण शंकर कुमार, सीताराम प्रजापति, महेंद्र गोप , किशोर यादव ,नारायण प्रजापति, सहदेव प्रजापति, आदि ने मांग किया है ।

## 4 बच्चे तालाब में डूबे, एक की गयी जान

**कोडरमा।** रविवार संध्या 5:30 बजे कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई गोसाई टोला स्थित तालाब में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार लोकाई के 4 बच्चे सौम्या सिन्हा (13), सुमित कुमार (12) दोनों के पिता दिलीप सिन्हा, हर्षिका कुमारी (12), अंकेश कुमार (13), दोनों के पिता प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह बगल के ही तालाब के पेड़ घुमने गए थे। इसी दौरान चारों बच्चे पानी में उतरे और डूबने लगे। तीन बच्चे एक दूसरे को पकड़ कर निकल गए, जबकि एक बच्चा अंकेश कुमार मिट्टी में फस गया जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों को जानकारी मिलने पर उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिलीप सिन्हा के अनुसार दो-तीन दिन पहले उस तालाब में पानी नहीं था और कुछ लोगों के द्वारा एक जगह पर मिट्टी का उठाव कराया गया था। बीते शनिवार को मूसलाधार बारिश होने के कारण तालाब में पानी भर गया बच्चों को यह पता नहीं था कि तालाब में एक जगह मिट्टी उठा है। बच्चो को लगा पानी थोड़ा है, और देखने के लिए नजदीक गए और उस गड्ढे में चारों बच्चे गिर गए।

## वोट बैंक के लिए हिंदुओं की आस्था और धर्म साथ खिलवाड़ करना बंद करे अम्बा : करणी सेना

**बड़कागांव** ।करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिरमा गांव में महिला सम्मान और महिलाओं की हक की बात करने वाली इस हेमंत सोरेन एवं कांग्रेस की सरकार में बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पंचायत सिरमा में बीते 10 तथा 11 अगस्त को एक नाबालिग लड़की को मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा पाकिस्तान का झंडा उतार कर भगवा झंडा लगाने का वीडियो वायरल करने पर हिंदू बहन के घर रात्रि के समय घुसकर सरेआम प्रताड़ित किया गया उठक बैठक कराई गई। धर्म परिवर्तन के लिए धमकी दी गई, इतना ही नहीं उस परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट तक की गई। पीड़ित परिवार के ऊपर दबाव बनाकर केस वापस लेने और गांव छोड़ने की सरेआम मुसलमानों के द्वारा धमकी मिल रही थी इसे लेकर करणी सेना की टीम पीड़ित परिवार के घर उनसे मिलने गयी थी। पीड़िता ने और उसकी माँ ने करणी सेना को घटना की आपबीती बतायी। करणी सेना ने ऐसी तालिबानी सोच वाले लोगों को चेतावनी दी थी कि वह देश की हिंदू बहन बेटियों को प्रताड़ित करना बंद करें अन्यथा करणी सेना ईट का जवाब पत्थर से देगी। धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने वालों को करणी सेना माफ नहीं करेगी। करणी सेना ने राज्य सरकार एवं झारखंड पुलिस से मांग की है कि दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी हो। पीड़ित परिवार वालों को 24 घंटे सुरक्षा मुहैया कराई जाए। पीड़ित परिवार के ऊपर किए गए झूठे मुकदमे अविलंब वापस लिए जाएं। करणी सेना ने केंद्र सरकार से भी मांग की कि इस घटना की जांच केंद्रीय एजेंसी से कराने की मांग की है।

## उपायुक्त ने लोहासिकर व टिटैया, लतबेधवा गांव का किया दौरा

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने कोडरमा प्रखंड अंतर्गत लोहासिकर व जयनगर प्रखंड अंतर्गत टिटैया, लतबेधवा गांव का दौरा किया। जहां ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त का पारपंरिक तरीके से स्वागत किया गया। उपायुक्त ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना से लाभान्वित होकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य करें ताकि आने वाली पीढ़ी को पानी की समस्या का सामना करना न पड़े। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी योजना का लाभ लें और स्वरोजगार से जुड़े। उन्होंने कहा कि अपने गांव को शिक्षा की डोर से बांधे, जब सब ग्रामीण शिक्षित होंगे तो आजीविका संवर्धन विकास होगा, स्वावलंबन बन अपने आजीविका के स्रोत में वृद्धि लायें। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के तहत कई योजनाओं का संचालन किया जाता है जो आपको स्वावलंबन की मुख्यधारा से जुड़े। उन्होंने कहा कि गांव के आपसी विवाद को छोड़ कर गांव व अपने विकास के लिए कार्य करे।

## कांग्रेस ने चलाया जागरूकता अभियान

डोमचांच। प्रखंड में रविवार को केंद्र सरकार के द्वारा जनता पर जबरदस्ती थोपा गया महंगाई कालाबाजारी भ्रष्टाचारी के खिलाफ कॉंग्रेस पार्टी द्वारा जनता को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लीलावती मेहता एवं संचालन प्रदीप सिंह ने किया। यह निर्णय लिया गया कि अगले चार दिनों तक मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों, महंगाई, कालाबाजारी, भूखमरी के विरोध में जनता जनार्दन के बीच जाकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुषमा पांडेय, दीनदयाल प्रसाद, सरोज मेहता, विकास कुमार सिन्हा, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, रफीक मियां, बाल गोविंद पांडेय सहित काफी संख्या में कॉंग्रेस पार्टी से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## नगर भ्रमण कर शिव पार्वती मंदिर का हुआ उद्घाटन

**कोडरमा** ।कोडरमा घाटी लटवहिया में शिव पार्वती मंदिर का उद्घाटन नगर भ्रमण करते हुए किया गया। उद्घाटन श्री श्री 1008 श्री ध्वजाधारी के महंत सुखदेव महाराज के द्वारा नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया गया। साथ ही नगर भ्रमण भी किया गया। नगर भ्रमण में कोडरमा घाटी होते हुए कोडरमा बाजार, बजरंगबली होते हुए फिर लठवाहिया चला गया। वहीं 24 घंटा का हरि कीर्तन के साथ पूजा अर्चना भी शुरू किया गया। इस दौरान सागर कुमार गिरी के द्वारा इस मंदिर का निर्माण कई सालों से चल रहा था जिसका आज 21 अगस्त को सुखदेव महाराज जी के द्वारा उद्घाटन किया गया। मौके पर रीतेश कुमार सिंह, अजय राजवंशी, भोला कुमार, अजय कुमार, सुरेंद्र सिंह, विशाल कुमार , सूरज कुमार, राहुल कुमार, छोटू कुमार, जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, संतोष कुमार, अमरदीप गिरी आदि मौजूद थे।

# विधायक अंबा प्रसाद पीड़िता और उसके परिजनों से मिलीं

## मुस्लिम समुदाय ने राखी बंधवा कर परिवार की रक्षा का दिया वचन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के ग्राम सिरमा में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा एक बच्ची के झंडा उतारने का विडीओ शेयर करने पर कान पकड़कर उठक बैठक कराने की घटना हुई थी ।विधायक गाँव पहुँचकर पीड़ित बच्ची और परिवार से मिली । विधायक मामले पर लगातार नजर बनाए रखी हैं ।घटना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रशासन द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कुछ आरोपी अभी भी फरार हैं जिनकी



तलाश पुलिस के द्वारा की जा रही है । आरोपियों को गिरफ़्तार कराने में मुस्लिम समाज के लोगो के साथ पूरा गांव मिलकर सहयोग कर रहा है ।गाँव में पीड़िता की मां ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से कहा कि कुछ लोग गांव का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं ।दूर-दूर से कई संगठनों के लोग आकर इस विवाद को सांप्रदायिकता का रंग देकर हमारे गांव समाज का माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं ।पीड़िता की मां ने कहा कि जिन लोगों ने मेरी बेटी को प्रताड़ित कर इस तरह का कृत्य किया है उनको जल्द से जल्द सजा मिले ।इसमें किसी धर्म विशेष अथवा समाज का कोई दोष नहीं है ।

### ग्रामीणों ने जर्जर सड़क पर धन रोपनी किया

## सड़क नहीं बनी तो करेंगे जोरदार आंदोलन : ग्रामीणों

**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक बाजार टू नगवां भाया साडम - चंदवारा सड़क की जर्जर स्थिति के विरोध में ग्रामीण सड़क पर उतर धन रोपनी कर सड़क निर्माण की मांग की। यह सड़क पूर्ण रूप से गड्ढों में तब्दील हो चुका है। यह सड़क भूसाई, साड़म, चंदवारा, पारटांड, टेपसा, धरमू आदि गांव के आवागमन का मुख्य पथ है, जिससे प्रत्येक दिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। आज इस पथ की स्थिति यह है की सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क यह बता पाना मुश्किल है। पूरे सड़क में आधा फिट से लेकर एक फिट तक गड्ढा बन गया है। रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि दिगंबर कुमार मेहता और कांग्रेस नेता कुमार संतोष सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण सड़क पर उतरे और धन रोपनी कर सड़क निर्माण की मांग की। साथ ही कहा की अगर जल्द विभाग इस ओर ध्यान नही देता तो आधा दर्जन गांव के लोग सड़क पर उतर आंदोलन करेंगे। मौके पर पूर्व मुखिया संतोष प्रसाद मेहता, संजय मेहता, कर्मवीर सिंह, भूषण सिंह, दिलीप मेहता, रविकांत सिंह, खेमलाल मेहता, नागेश्वर मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का प्रदेश स्तरीय विस्तार

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक केंद्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष शिबू सोरेन के आदेशानुसार एवं महासचिव फागू बेसरा के स्वीकृति के अनुसार कमेटी का विस्तार किया गया। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना बड़कागांव हजारीबाग के मजदूर एवं विस्थापित का सम्मेलन समुदायिक भवन चेपाकला में की गई। जिसकी अध्यक्षता लखन साव एवं संचालन रोहित कुमार ने किया। सम्मेलन के बतौर पर्यवेक्षक आरएन सिंह उपस्थित रहे। पूर्व निर्धारित संयोजक मंडली की उपस्थिति में कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें एनटीपीसी कॉल ब्लॉक झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, उपाध्याय गणेश गंजू, प्रमोद महतो, मोहम्मद साबिर हुसैन, संजय सिंह, सचिव दिनेश्वर कु रवि, सह सचिव निकिता कुमारी, संयुक्त सचिव अनन्या मुखर्जी, सह संयुक्त सचिव रोहित कुमार, संगठन सचिव लखन साव, कार्यालय सचिव गोपाल महतो, सह कार्यालय सचिव परमेश्वर कुमार गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष मोहम्मद सफीउल्लाह को बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में घनश्याम गोप, मिथिलेश प्रजापति, अशोक गंजू, मोहम्मद रवानी, अभय कुमार दास और चमन कुमार साव को चुना गया।

## विदाई समारोह आयोजित

**बरकट्ठा** : बरकट्ठा थाना परिसर में एस आई एल हांसदा एवं सेवानिवृत्त चौकीदार हिरालाल पासवान का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता बरकट्ठा सर्किल इंस्पेक्टर अमित कुमार लकड़ा व संचालन चौकीदार संघ जिला सचिव मुन्नीलाल पासवान ने किया। मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी विक्रम कुमार, पूर्व मुखिया बसंत साव, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद उपस्थित थे। मौके एस आई एल हांसदा का पदस्थापन पेलावल थाना हजारीबाग हो गया है उन्हें माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त चौकीदार हिरालाल पासवान को माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एस आई नरेंद्र कुमार, एएसआई मनोज सिंह, एएसआई भगत जी, एएसआई तरूण महतो, रवि कुमार, उसमान मियां, दिनेश पासवान, सुरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, केदार पासवान, बसीर अंसारी, मेहरून खातून, शाबीर अंसारी समेत सभी थाना कर्मि उपस्थित थे।

## विधायक आवास के पास रात में जलाया था पटाखा, अभियुक्त भेजा गया जेल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विधायक डा. नीरा यादव के आवास पर बीती रात पटाखा से विस्फोट के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच पटाखा उड़ाने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की माने तो पटाखा उड़ाने वाला मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वहीं नीरा यादव ने सरकार पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष का विधायक होने के कारण मामले को हल्के में लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिस शख्स



ने धमाके की घटना को अंजाम दिया, उसे एक दिन पहले भी तलवार लहराते हुए विधायक आवास के पास देखा गया था। नीरा यादव ने मामले की जांच की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपित से पूछताछ हुई है। कोडरमा थाना में भादवि की धारा 452, 286 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। जांच के बाद पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा। घटना के तुरंत बाद कोडरमा एसपी कुमार गौरव के ट्विटर हैंडल से बताया गया था कि आरोपी महावीर मुहल्ला निवासी शिवनंदन यादव मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसने आवास के पास पटाखा उड़ा दिया था। घटना के समय वह नशे में था। पुलिस इसकी गहराई से जांच कर रही है।

## गुरु चट्टी शिक्षण संस्थान के द्वारा क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**बड़कागांव** ।प्रत्येक रविवार की भांति इस रविवार भी गुरु चट्टी बड़कागांव कुशवाहा धर्मशाला में गुरु चट्टी शिक्षण संस्थान के द्वारा कक्षा आठ नौ दसतक के बच्चों को लेखन प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। बता दें कि इस प्रतियोगिता में जनरल नॉलेज से कुल 100 ऑब्जेक्टिव प्रश्न दिए गए थे जिसका उत्तर ओएमआर शीट पर देना था। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संतोष कुमार, द्वितीय स्थान जयपाल महतो और तृतीय स्थान कृष्णा कुमार ने प्राप्त किया।वही लेखन प्रतियोगिता में प्रथम ममता कुमारी पिता बोधि महतो,द्वितीय गुंजन मेहता पिता प्रमोद महतो, व तृतीय स्थान लक्की संगम पिता संतोष कुमार ने प्राप्त किया। सभी प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मोमेंटो व सभी प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चों को समाजसेवी सुरेन्द महतो ने अपने निजी खर्च से सभी को सम्मानित किया। मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र महतो ने कहा कि पढ़ाई लिखाई संबंधित ऐसे कार्यक्रम होते रहे मैं अपनी ओर से यथासंभव मदद करने को तैयार रहूंगा।उक्त प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से शिक्षक संतोष कुमार, देवनाथ कुमार,सीआरपी अजय कुमार,अभिषेक कुमार आलोक और दिनेश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मनीष जायसवाल सिरमा पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर दी सांत्वना

**आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारी, परिवार को मिले सुरक्षा तथा पीड़िता पर दर्ज किए गए मामला वापस : विधायक**

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड के सिरमा गांव पहुंचकर पीड़िता सुमन कुमारी उसकी बहन अंशु कुमारी एवं विधवा मां किरण देवी से मिलकर घटना की जानकारी ली तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया पूछताछ के दौरान पीड़िता ने विधायक मनीष जसपाल को बताया कि हम लोग भयभीत हैं और मैं स्कूल तक नहीं जा पा रही हूं मुझे डर लगता है कि कहीं दोबारा घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो क्योंकि मेरे साथ बहुत प्रताड़ना की गई ,अभद्र व्यवहार किया गया साथ ही साथ मेरे कान उठक बैठक की घटना को उन्हीं लोगों द्वारा रिकॉर्ड कर वायरल किया गया जिसका मुझे आज भी भय सता रहा है जिसके कारण में आज भी गांव में नहीं रह रही हूं विधायक ने पूरे परिवार को आश्वस्त किया कि अब आपको



घबराने की आवश्यकता नहीं है हम लोग सभी आपके साथ हैं श्री जायसवाल ने घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो तथा पीड़िता पर दर्ज किए गए मामले अविलंब वापस हो साथ ही साथ उप परिवार की सुरक्षा की गारंटी भी यहां का समाज और प्रशासन दें। वही सिरमा सेक्रेटरी ने कहा कि 24 घंटे के अंदर मुख्य अभियुक्त समेत सभी आरोपी जेल के अंदर होंगे उसके बाद बैठक कर दोनों पक्षों के लोगों द्वारा शांति बहाल करने पर कार्य किया जाएगा और जो भी असामाजिक तत्व है उनको सामाजिक रूप से दंडित किया जाएगा वहीं पीड़िता की मां किरण देवी ने कहा कि आवेदन में मुखिया पुत्र वसीम समय 6 लोगों का नाम दिया गया है इसके अलावा भी कुछ अज्ञात लोग हैं जिस पर अविलंब कार्रवाई होनी चाहिए हालांकि पूर्व मुखिया वाजिद अली ने उक्त परिवार की घटना को सुनाते हुए रो पड़ा और कहा कि हम लोगों के जीते जी इस तरह की घटना से काफी शर्मिंदा हूँ जिसको लेकर सामाजिक स्तर पर भी पहल की जा रही है और दोषियों को सजा दिलाने का काम किया जाएगा। वही पीड़ित परिवार से मिलने के उपरांत विधायक मनीष जायसवाल ने सिरमा अंजुमन कमेटी समेत उपस्थित ग्रामीणों के साथ बैठक की और पीड़ित परिवार के भय को आपस में मिलकर दूर करने के लिए पहल करने की बात कही ।जिसमें सदर सेक्रेटरी समेत सभी लोगों ने विधायक को आश्वस्त किया कि आगे इस तरह की घटना नहीं होगी और इस घटना से भयभीत बेटी को भी भयमुक्त किया जाएगा और उनके भय को निकालकर स्वतंत्र रूप से कार्य करने में सहयोग किया जाएगा ताकि वह अपने कामों को नियमित रूप से कर सकें जिसको लेकर पीड़ित परिवार के साथ हम सभी लोग उनके साथ हैं।

## रंगदारी मांगने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**चौपारण** ।इसमें एक नाम जुड़ गया है।ताजा मामला में जीटी रोड में चलती गाड़ियों से दिन दहाड़े रंगदारी वसूलने का मामला प्रकाश में आया है।रंगदारी वसुलने के दौरान एक अपराधी पुलिस के हत्थे भी चढ़ गया।वहीं इस घटना में संलिप्त 6 - 7 अन्य अपराधियों की धड़पकड़ के लिए छापेमारी जारी है। इस सम्बंध में चौपारण थाना प्रभारी शम्भू नन्द ईश्वर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वरीय पदाधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि बरही की ओर से दो पिकअप वाहन संख्या डब्लू बी 23 ई 2690 एवं डब्लू 823 एफ 1782 पर लदे मछली का जीरा जो उत्तर प्रदेश जा रही है, को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सरदार पुर से पीछा करते हुए बहेरा आश्रम जंगल के पास रोककर गाड़ी मालिक से रंगदारी की मांग की जा रही है। उक्त सूचना का सत्यापन हेतु गस्ती दल में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं बल को घटनास्थल के पास भेजा गया। घटनास्थल पर पुलिस बल को देखते ही सभी अपराधकर्मी भागने लगा जिसमें से एक अपराधकर्मी को पुलिस द्वारा पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति पूछताछ के क्रम में बताया की इस घटना में हमलोग 07-08 व्यक्ति शामिल होकर गाड़ी को रोककर गाड़ी मालिक से रंगदारी स्वरूप रुपये की माँग कर रहे थे।

## हाथियों के झुंड ने लुंदरू गांव में जम कर मचाया उत्पात

**इचाक** ।हाथियों के झुंड ने देवकुली पंचायत के लूंदरू गांव में जम कर मचाया उत्पात मचाया। इस दौरान घर भी तोड़े और फसलों को भी रौंदा। हाथियों ने नजमा खातून के तीन कमरों के मकान को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही खेत में लगे फसल को भी बर्बाद कर दिया। मो नजमा खातून दीवार गिरने से घायल हो गई। उसके बाद हाथियों ने उमेश महतो के घर पर धावा बोला इनके घर के मुख्य दरवाजा को धक्का मारकर अंदर घुसा और घर में रखे अनाज को चट कर गया। सभी परिवार छत पर चढ़ अपनी जान बचाए। इनके अलावे शंकर महतो पिता सुदी महतो के फसल को भी रौंद बर्बाद किया। उमेश पासवान के मकान में लगे दो खिड़की, लोहा के ग्रिल को भी धक्का मार अंदर की ओर धकेल दिया। मुखिया मंजू देवी और मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो नेता महेंद्र दास ने वन विभाग एवम् जिला प्रशासन से सभी पीड़ित को मुआवजा और मो नजमा खातून को आवास मुहैया कराने की मांग की है। मो नजमा को मुखिया प्रतिनिधि के प्रयास से जन वितरण दुकानदार जान मोहम्मद ने 1 क्विंटल चावल दिया।

## जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ की हुई बैठक



**हजारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ की एक बैठक डीवीसी गेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप में जदयू जिलाध्यक्ष अर्जुन कुमार मेहता, प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, जिला महासचिव बसंत मेहता, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी राकेश ठाकुर उपस्थित थे। बैठक में जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार मेहता के निर्देश पर सर्वसम्मति से जिला कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष अंजुम बानो, महासचिव सुजाता सिंह, रीना देवी, सचिव पिंकी देवी पिंकी कुमारी, कोषाध्यक्ष संजीदा खातून को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। कार्यसमिति में माया देवी, यासीन परवीन, तरन्नुम सबीना खातून, सायरा खातून, वीणा देवी, सलमा खातून को चुना गया। बैठक की अध्यक्षता कर रही महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी एवं नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष अंजुम बानो ने महिला सशक्तिकरण एवं सभी प्रखंडों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर तत्काल लगाम लगाने की बात कही। बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार मेहता ने उपस्थित सभी कार्यकताओं को धन्यवाद एवं नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दिया।

## झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक

**हजारीबाग।** झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन हजारीबाग संघ द्वारा डीवीसी परिसर में बैठक हुई। अध्यक्षता श्याम सुंदर प्रसाद ने किया। मुख्य रूप से हजारीबाग सहित झारखंड के गृह रक्षकों की समस्या पर चर्चा हुई। जिसमें झारखंड सरकार गृह विभाग द्वारा 2014 के बाद व्यवस्था लाई गई है 60-40 कर 40 परसेंट जवानों की छटनी कर नई नियुक्ति करने का आदेश है, जबकि गृह रक्षकों की रिटायरमेंट की उम्र 60 वर्ष है। हर 4 वर्ष के बाद रक्षकों को पुनर नामांकन बॉन्ड भरने की प्रक्रिया को समाप्त करने के लिए झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है, जिसमें झारखंड के समस्त गृह रक्षकों को सहयोग करने की अपील की गई है। झारखंड पंचायत चुनाव ड्यूटी के उपरांत अभी तक वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। साथ ही साथ केंद्र सरकार गृह मंत्रालय द्वारा होमगार्ड बिल 1965 और 1969 में संशोधन कर होमगार्ड को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने के लिए भारत के समस्त राज्यों से इस विषय पर परामर्श मांगा गया, इस पर समस्त गृह रक्षकों ने खुशी जाहिर की है इस पर भी चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन संघ के जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर प्रसाद, जिला सचिव रामस्वरूप यादव, जिला संरक्षक रामसेवक प्रसाद, उपाध्यक्ष मोहम्मद मजीद, शैलेश रंजन, आशुतोष राय, राज देव कुमार, अजय कुमार यादव, साकेत कुमार, जगन्नाथ महतो, दीपक कुमार मेहता, सुरेंद्र महतो, शत्रुघन सिंह, नंदलाल मुंडा, सुभाष कुमार, विनय कुमार, नीलांबर पांडे समेत अन्य गृह रक्षक उपस्थित थे।

## हरे कृष्ण और हरे राम नाम की भजन कीर्तन में झूमते रहे श्रद्धालु



**विष्णुगढ़** ।प्रखण्ड के बकसपुरा पंचायत के करहेनीखेत टोला में राधे कृष्ण मंदिर निर्माण स्थल पर कृष्ण जन्माष्टमी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूजन कार्यक्रम रात्रि नौ बजे भजन कीर्तन के साथ जनार्दन पांडेय के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ की गई ।तत्पश्चात भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर फूल अर्पित कर श्रद्धालु भक्तों द्वारा माखन का भोग लगाकर प्रभु श्री कृष्ण को पालकी में झूलना झुलाई गई।मध्य रात्रि भगवान श्री कृष्ण की गीतों में झूमते हुवे श्रद्धालु भक्तों द्वारा मटके को फोड़ा गया।पूरे रात्रि भर प्रभु श्री कृष्ण के गीतों एवं भजन कीर्तन कर भक्तगण झूमते हुए उत्साहित नजर आए।इस्कॉन सदस्य रामेश्वर प्रभु अपने धर्म प्रचार किया, उनका कहना है कि इस कलियुग में श्री हरि-नाम के बिना कोई भी साधन सरलता से पापों को नष्ट नहीं कर सकता,इसलिए इस कलियुग में हरे कृष्ण,हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे की जाप करने से सारे कष्ट-पाप दूर होकर, व्यक्ति का अपने मन पर नियंत्रण होता है और मन में शांति मिलती है. मौके पर मुखिया नन्हकु महतो , सुरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार,रामेश्वर सिंह, पोखन महतो रामकिशुन महतो, देवनाथ महतो, पुरन महतो, तेजनरायण महतो, घनश्याम महतो, कैलाश सिंह, बद्री सिंह, आशीष कुमार, आदित्य कुमार, जागेश्वर महतो, महेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, मनीष कुमार, प्रदीप कुमार, सचिन कुमार, संजय कुमार,कमल रविदास,सतीश कुमार, प्रेमी कुमारी, काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पम्मी कुमारी, मनीषा कुमारी, सुनीता कुमारी समेत कई श्रद्धालु भक्तगण शामिल थे।

## गणपति पूजा को लेकर कुरहा में हुई बैठक, मुनेंद्र मेहता बने अध्यक्ष

**इचाक।** कुरहा शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। अध्यक्षता डॉ अर्जुन प्रसाद मेहता जबकि संचालन मुखिया प्रतिनिधि राकेश मेहता ने किया। बैठक में गणपति पूजा को धूमधाम से मानने को लेकर चर्चा की गयी। गणपति उत्सव 31 अगस्त से 6 सितंबर तक होना है। उत्सव में पूरे गाँव की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए आम राय बनाई गई। उपस्थित लोगो ने कहा कि कई वर्षो से कुरहा में गणपति उत्सव मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी धूम धाम और हर्सोल्लास से मने। इसके लिए एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमें भाजपा नेता मुनेंद्र प्रसाद मेहता को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं राजेश प्रसाद मेहता को सचिव, लिलो प्रसाद मेहता को उपाध्यक्ष, सुभाष प्रसाद मेहता और टिंकु प्रसाद मेहता को कोषाध्यक्ष, सिकन्दर भारती और श्रीकांत पांडेय को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि पंसस केदार प्रसाद मेहता, अर्जुन प्रसाद मेहता, राजेन्द्र प्रसाद मेहता, गुलेश्वर प्रसाद मेहता, राजेन्द्र प्रसाद मेहता, राकेश प्रसाद मेहता, उमेश मेहता, राजेन्द्र प्रसाद मेहता, गोविंद मेहता, रामा मेहता, शशिकांत कुमार, मुकेश कुमार, राजन कुमार और अमन कुमार को सदस्य बनाया गया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 31 अगस्त से 6 सितंबर तक मांस, मछली, मदिरा पान समेत सभी तरह के नशा सेवन एवं विक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि नियम को कोई तोड़ने का प्रयास करेंगे उन पर सामाजिक कार्रवाई किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com



# रजरप्पा मंदिर में भैरवी उफान पर

## युवक के डूबने की सूचना, दर्जनों दुकानें जलमग्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**चितरपुर ।** लगातार रुक रुक कर हो रही बारिश के कारण माँ छिन्नमस्तिका मंदिर प्रक्षेत्र के भैरवी नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने से भैरवी नदी पूरे उफान पर हैं। रविवार को तीसरे दिन भी भैरवी का पानी कम नहीं हुआ, बल्कि धार में इजाफा हुआ है। भैरवी का पानी छिलका पुल के उपर से बह रही है। जिससे गोला के रास्ते रजरप्पा मंदिर का संपर्क टूट गया है। सम्पर्क टूट जाने से गोला की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। श्रद्धालुओं को 2 किमी अधिक दूरी तय कर नए रास्ते से रजरप्पा मन्दिर पहुंचना पड़ रहा हैं।

**जान जोखिम में डालकर स्नान कर रहे श्रद्धालु**

भैरवी नदी उफान पर हैं। भैरवी का जलस्तर में काफी बढोत्तरी हो गयी हैं। जिसके बाद छिन्नमस्तिका मंदिर न्यास समिति द्वारा अलर्ट जारी कर श्रद्धालूओं को गहरे पानी में न जाने का आग्रह किया हैं। मंदिर नयास समिति ने बोर्ड लगाकर श्रद्धालुओं को चेतावनी दी है। इसके बावजूद रजरप्पा पहुंचने वाले श्रद्धालु जान जोखिम में डालकर नदी के गहराई में जाकर स्नान कर रहे हैं। जिस कारण कभी भी बड़ी घटना घट सकती हैं।

**दर्जनों दुकाने जलमग्न**

भैरवी का जलस्तर बढ़ने के कारण नदी के किनारे अवस्थित दर्जनों दूकानें जलमग्न हो गई है। हलंकि समय रहते दूकानदारों ने सामनों को हटा लिया था। इसके कारण किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई।

**एक युवक के नदी में डूबने की खबर**

रविवार को पूजा अर्चना करने पहुंचे कुछ लोगों ने कहा कि एक युवक भैरवी नदी के तेज धार में बह गया है। जिससे उसके डूबने की आशंका है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नही हो पाई है। इस बाबत रजरप्पा थाना प्रभारी विद्या शंकर व मंदिर न्यास समिति के सचिव सुभाशीष पंडा ने ऐसी किसी भी तरह की खबर का खंडन किया है। उनलोगों का कहना था कि कोई भी श्रद्धालु के डूबने की सूचना नही है।

### एनडीआरएफ की टीम ने पानी में बहे दो लोगों का शव किया बरामद, एक की खोजबीन जारी

**भुरकुंडा।** बासल थाना क्षेत्र के हरिहरपुर नदी में बहे लोगों का खोजबीन के लिए एनडीआरएफ का रेस्क्यू जोरशोर से चल रहा है। रविवार की सुबह बहे लोगों के खोजबीन के लिए रांची से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया था। खोजबीन के तीसरे दिन देवाशीष रोबिन तिग्गा व समीर कुमार का शव बासल थाना क्षेत्र के हरिहरपुर पुल नलकारी के पास बरामद हुआ है। वहीं विवेक गौरव की खोजबीन जारी है। ज्ञात हो कि अब तक लापता पांच लोगों में चार लोगों का शव बरामद कर लिया गया है। जबकि एक की खोजबीन लगातार जारी है। घटनास्थल पर सभी के परिजन भी पहुच चुके हैं। मौके पर पतरातू सीओ शिवशंकर पांडेय, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार और बासल थाना भी दल-बल के साथ मौजूद थे।

### रजरप्पा मंदिर में उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़



**रजरप्पा :** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा स्तिथ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ उमड़ी। जिसके कारण श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर माता के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। यहां पहुँचे हजारों की तादाद में श्रद्धालुओ ने बकरों व नारियल बलि देकर पुजारियों से रक्षासूत्र बंधवाकर लिया आशीर्वाद। लगातार बारिश होने के कारण 12 दिन बजे के करीब अचानक हुए बारिश के कारण मां भक्त श्रद्धालुओं का कतार मैं हो गई अफरा-तफरी। कुछ घंटों के बाद बारिश थमते ही माहौल हो गया सामान्य। मां भगवती का दर्शन करने के लिए सुबह से ही मंदिर में लगी रहे लंबी कतार प्रवेश लिए श्रद्धालु गन आपस में भिड़ गए। काफी मशक्कत के बाद छिन्नमस्तिका मंदिर न्यास समिति और स्थानीय पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयास के बाद भीड़ को नियंत्रित कर पाई।

### फरार अभियुक्त के घर रामगढ़ पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना पुलिस ने चोरी के मामले में फरार अभियुक्त न्यू बगीचा कॉलोनी निवासी गोविंद राय पिता गौरांग राय के घर में शनिवार को इश्तेहार चिपकाया। पुलिस के अनुसार रामगढ़ थाना कांड संख्या 28/2017 धारा 379 के अभियुक्त गोविंद राय लंबे समय से फरार चल रहा है।

### डैली पैयला को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव

**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड के गोडातू गांव स्थित आस्था के केन्द्र डैलीपैला को पर्यटक स्थल के रुप विकसित करने के लिए जिला प्रशासन ने द्वारा पहल शुरू कर दिया। दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीणो की मांग पर स्थानीय विधायक ममता देवी पिछले सत्र के दौरान विधानसभा में रखी थी। क्योंकि पर्यटक स्थल के रुप में विकसित होने से आस पास के क्षेत्र को लोगों को रोजगार के साथ साथ आस्था का केंद्र संरक्षित होंगा, कैसी है डैलीपैला की संरचना गोडातू ईचातू के प्राकृतिक सुंदर पठारी क्षेत्र में स्थित डैलीपैला में पहुंचने के बाद अद्भुत शक्ति का एहसास होता है साथ ही ठंडक सा अनुभव और मन की शुद्धि का एहसास होता है बुजुर्ग लोग बताते हैं कि अंग्रेजों के समय में डैलीपैला के आसपास क्षेत्र में रजगोडाटांड से चीनी सैनिक के द्वारा युद्ध अभ्यास किया जा रहा था डैलीपैला निशाना लगाकर जमकर गोलीबारी और तोप बरसाया गया था लेकिन एक भी गोला यहां नहीं फटा यहां बचने के लिए पहुंचे सभी लोग सुरक्षित निकल गए थे जिसके बाद चीनी सैनिकों ने भी यहां की महानता जानकर माथा टेका था। मौके पर मुखलाल महतो, रामघृत महतो, शंभु महतो, पुनित महतो, महेताब राही, छोटन कुमार ,उतम कुमार, शिव कुमार, परन कुमार, बबलू कुमार ,शुभम कुमार आदि।

### सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज होम समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**रामगढ़।** सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति की बैठक रविवार को शहर के बाजार टांड़ स्थित सिद्धू कान्हू जिला मैदान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रोशनलाल चौधरी ने किया। इस दौरान बैठक में रावण दहन कार्यक्रम भव्य रुप से मनाने को लेकर कई निर्णय लिया गया। जिसमें रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाथ का विशाल पुतला बनाया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में अबे रूप से आतिशबाजी की जाएगी। अगली बैठक अगस्त को सिद्धू कान्हू मैदान में की जाएगी। बैठक में सचिव महावीर अग्रवाल, संरक्षक युगेश बेदिया, मनोज कुमार महतो, इंद्रपाल सिंह सैनी, परमिंदर सिंह जस्सल, राजेश गुप्ता, दिनेश कुमार, गंगा भगत, कैलाश रजक, अनिल कुमार, मनीष गोयल, नीरज मंडल, कुलदीप वर्मा, अजय कुमार महतो, नरेश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सामाजिक समरसता जरूरी : रामअवतार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के गोला रोड स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य बैठक रविवार को संपन्न हो गई। इस दौरान बैठक में विद्या भारती की योजना अनुसार संपन्न कार्यों की समीक्षा और वर्ष के आगामी कार्यों की योजना पर व्यापक चर्चा करते हुए सभी प्रधानाचार्य को उचित दिशा-निर्देश दिए। जिसमें मुख्य रूप से वार्षिक कार्य योजना को पूर्ण रूप से लागू करने की बात कही गई। मांसात बैठक नियमित रूप से हो, नई शिक्षा नीति के अनुसार योजना बनाकर कार्य करें।

**छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सामाजिक समरसता जरूरी : रामअवतार**

बैठक में प्रधानाचार्यों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय मंत्री रामअवतार नारसरिया ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सामाजिक समरसता जरूरी है, और इसे शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य विद्यालय के रीढ़ होते हैं, जिस प्रकार रीढ़ पूरे शरीर को संतुलित करता है, उसी प्रकार प्रधानाचार्य पूरे विद्यालय को संतुलित करते हैं। उसके सामंजस्य से ही विद्यालय सफलता के पथ पर अग्रसर होता है। प्रधानाचार्य अपने विद्यालय में एटीएल के माध्यम से प्रयोग करवाएं, जिससे छात्र-छात्राएं तकनीकी शिक्षा में भी पारंगत हो। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन रांची विभाग प्रमुख फणींद्र नाथ झा ने दिया।



**ये लोग थे उपस्थित**

विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, स्थानीय प्रबंधन समिति के संरक्षक महेश अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेश बगड़िया, सचिव शंकरलाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी, प्रभारी प्रधानाचार्य अनिल कुमार राय के अलावा शिक्षक कन्हैया कुमार, दिनेश महतो, दयाशंकर तिवारी, महेश्वर महतो, आशीष अग्रवाल, अमित बर्मन, योगेंद्र प्रसाद सिंह, जयदेव पंडित, राजीव कुमार दास, विकास कुमार कुशवाहा, सुनील कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह, दयाशंकर उपाध्याय, प्राण रंजन कुमार, नागेश्वर साव, रवि खंडेलवाल, अमर लाल महतो, रीता तिवारी, संगीता मिश्रा, कुमकुम झा, पद्मावती सिंह, लक्ष्मण महतो, दुर्गेश कुमार, सोमा चाकी, अंजू कुमारी, बबीता रानी, अनीशा रंजन, शालू कुमारी आदि उपस्थित थे।

## विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी पोटंगा की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**उरीमारी ।** लोकल सेल एवं विस्थापित ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर रविवार को उरीमारी परियोजना कार्यालय में पीओ पीके सिन्हा की अध्यक्षता में विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी पोटंगा की बैठक संपन्न हुई। विसमो ने उरीमारी परियोजना प्रबंधन को पंद्रह दिन पुर्व 11 सुत्री मांग पत्र ज्ञापन सौंपा था। जिसमें लोकल सेल में ई ऑक्शन के तहत प्रतिमाह तीस हजार टन कोयला देने, उरीमारी परियोजना से विस्थापित कर पुनर्वास किए गए रैयतों को विस्थापित प्रमाण पत्र देने, बिरसा चौक समीप रेलवे ओवरब्रिज से लेकर श्मशान घाट नदी तक पक्की सड़क बनाने,पोटंगा वर्क शॉप से हेसाबेड़ा कांटा घर तक अलग से सड़क का निर्माण करने,खाता नं 10 में बकाया जमीन के बदले आर एंड आर के तहत नौकरी देने,हेसाबेड़ा गंधौनिया, एवं उरीमारी सरना धर्म स्थल में चारदीवारी कर घेराबंदी करने, कांटा घर में लेबर शेड को मरम्मती करने,हेसाबेड़ा में सामुदायिक भवन की मरम्मती करने, लालदेव मांझी के घर से लेकर सिलाई प्रशिक्षण सेंटर तक सड़क का निर्माण करने सहित मांगे शामिल हैं।इन सभी मांगों पर परियोजना पदाधिकारी पीके सिंहा ने जल्द से जल्द सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रबंधन की ओर से कविन साहब, जितेंद्र साहब,सीबी राजभर वहीं विसमो की ओर से उरीमारी मुखिया कमला देवी, पोटंगा मुखिया चरका करमाली, पंसस गीता देवी, सचिव महादेव बेसरा, सीताराम किस्कू,कानू मरांडी, विश्वनाथ मांझी, मुनीष राम मांझी, डॉ जी आर भगत, महेश गंझू,दशाराम हेंब्रोम, सिगू हेंब्रोम,तालो बेसरा, रवि पवरिया, जतरु बेसरा, सरोज, जुगल, राजेंद्र किस्कू, सीता मुनि देवी, फुलमुनी देवी, तेतरी देवी, शांति देवी सहित मौजूद थे।

### रामगढ़ जिला स्तरीय बैंच प्रेस एंड डेडलिफ्ट चैम्पियनशिप 11 सितंबर को

**रामगढ़।** अभिजीत फिटनेस मंत्रा (जिम) द्वारा आगामी 11 सितम्बर 2022 को रामगढ़ जिलास्तरीय बैंच प्रेस और डेडलिफ्ट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार पूर्व मंत्री सह गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुनीता चौधरी होंगे। अभिजीत फिटनेस मंत्रा जिम के निर्देशक राजेश कुमार महतो ने कहा कि ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी अंदर की प्रतिभा को निखारने अवसर प्राप्त होता है। पावर लिफ्टिंग इंडिया फैडरेशन के द्वारा विजय हुए प्रतिभागियों को मेडल ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं जिम ट्रेनर सूरज ने कहा झारखंड पावर लिफ्टिंग एशोसिएशन के सचिव इंद्रजीत सिंह व देवी प्रसाद चटर्जी एवं मिस्टर एशिया पावर लिफ्टिंग आशीष देव मुख्य जज के रूप में उपस्थित रहेगें। मौके पर मनोज कुमार महतो, अजय आस्था, छोटेलाल महतो,राजू महतो,रोशन कुमार,प्रभात कुमार, मनीष कुमार, आदि लोग उपस्थित थे।

### लायंस क्लब में नप उपाध्यक्ष ने किया फलदार पौधरोपण



**चतरा :** श्री श्री तपेज नगर स्थित लायंस क्लब परिसर में रविवार को नगर परिषद उपाध्यक्ष सुदेश कुमार के नेतृत्व में क्लब के सदस्यों साथ फलदार पौधारोपण किया। जिसमें नीबू, मौसमी व कीनू जैसे फलदार पौधे लगाया गया। साथ ही मुनगा के पौधे भी लगाए गए। इस दौरान नप उपाध्यक्ष सुदेश कुमार ने कहा कि पौधे हमारी जीवनरेखा हैं। एक एक श्वास इनकी कृपा से ही चल रहा है। मुनगा व फलदार वृक्ष लगाए जाएँ तो इनसे हमें शुद्ध हवा के साथ-साथ पौष्टीकता से भरपूर मुनगा उत्पाद व कीमती फल सेवन करने को मिलता है। इसीलिए तो हम देवी देवताओं के रूप में इनकी पूजा करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लायंस क्लब विश्वभर में पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय प्रयासरत है विशेषकर पौधारोपण व पॉलीथिन से मुक्ति की दिशा में देश को इनका काफी सराहनीय योगदान मिल रहा है। लायंस क्लब के जिला प्रेसिडेंट दीपक कुमार ने कहा हर संभव तरीके से पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारी संस्था सर्वदा कृतसंकल्प है। मौके पर उपस्थित पौधारोपण में क्लब के एडमिन लायन रेणु रीना, सर्विस चेयर पर्सन लायन माधवी गुप्ता, लायन चंद्रशेखर लाल गुप्ता, लिओ सदस्य ऋषिका दीप, रीतिका दीप व राधिका दीप मुख्य रूप से शामिल थे।

### कुएं में गिरने से युवक की मौत

**गोला ।** गोला के बेटुल कलां गांव निवासी एक युवक की मौत कुएं में गिरने से हो गई। युवक का शव गांव निवासी चंद्रु बेदिया उम्र करीब 35 वर्ष के होने की संभावना जताई जा रही है। सूचना पर रविवार शाम को गोला पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर लिया है। बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से शव के कुएं में पड़े रहने के कारण बदबू आ रही है। मृतक के घर मे फिलहाल परिवार के एक भी सदस्य नही है।

### दो दिवसीय आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन



**चतरा :** जिला ताइक्वांडो हेड क्लब के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद् अध्यक्ष ममता कुमारी व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग के लिए राज्य के विभिन्न जिलों से आए हुए प्रतिभागियों को जिला परिषद् उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने उज्वल भविष्य की शुभकामनाए व बधाई दिए उन्होंने कहा की आप सभी देश के भविष्य हैं आप सभी से हम बहुत ही आशा और उम्मीद जु ता है आप सभी बेहतर खेले और देश, राज्य का नाम रोशन करें। इस मौके पर राज्य ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव, संघ सचिव विकास कुमार केशरी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीनाथ महतो, सचिव उपेन्द्र कुमार अग्रवाल, जिला ताइक्वांडो संघ के संरक्षक मुकेश साह, अध्यक्ष मोहम्मद जमालउद्दीन , मिडिया प्रभारी दीपक कुमार समेत उपस्थित थे ।

## चतरा में भाजपा की जिला संगठनात्मक बैठक 24 को

- अतिथिओं ने मां भद्रकाली मंदिर पूजा कर संगठन बैठक में करेंगे शिरकत
- बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू सांसद समेत अधिकारी करेंगे शिरकत





आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा :** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठनात्मक बैठक 24 अगस्त को 11:00 बजे भाजपा कार्यालय आयोजित की गई है बैठक में झारखंड प्रदेश क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी तथा प्रदेश महामंत्री प्रमंडलीय प्रभारी सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व विधायक जय प्रकाश भोक्ता, भाजपा जिला प्रभारी विपिन बिहारी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा 23 को अतिथि चतरा पहुचेंगे। पश्चात 24 को सुबह जिले के प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर चतरा जिला कार्यालय में पार्टी संगठन मजबूती पर चर्चा करेंगे। भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला के सम्मानित पदाधिकारीगण, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण, पूर्व जिला अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्षगन,सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष समेत अधिकारियों से सादर अनुरोध है कि उक्त तिथि में ससमय पहुंचकर संगठन मजबूती में योगदान दें।

### गरीबों के बीच किया भोजन का वितरण

**भुरकुंडा।** राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आये गरीब महिला-पुरूषों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान मंच के संस्थापक जगतार सिंह व मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने दर्जनों गरीब महिला-पुरुष व बच्चों के बीच पाव-भाजी का वितरण करते हुए कहा कि पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीब जरूरतमंदों को भोजन कराया जा रहा है, जो सबों के सहयोग से आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के संस्थापक जगतार सिंह, अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रितिका भोक्ता, डॉ जयश्री प्रसाद मेहता, लखन राम, दिलीप गंझू, लालू उरांव, कमलेश कुमार, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

### सम्मान समारोह 23 को, स्वर्ण पदक विजेता रूपा रानी तिर्की को किया जायेगा सम्मानित

**रामगढ़।** स्वर्ण पदक विजेता रूपा रानी तिर्की और जेपीएससी 2022 के सफल अभ्यर्थियों के सम्मान में झारखंड विकास न्यास एवं रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में आगामी 23 अगस्त को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह शहर के थाना चौक स्थित स्पाइस गार्डन के सभागार में आयोजित की गई है। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे होंगे। उक्त बातों की जानकारी रविवार को बसंत हेतमसरिया और अरुण कुमार राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### कांग्रेस ने किया महंगाई चौपाल का आयोजन



**कुजू।** कांग्रेस पार्टी ने कुजू चौक पर महंगाई चौपाल का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सिंह व संचालन सिमरिया विधानसभा प्रभारी धर्मराज राम ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष संजय लाल पासवान उपस्थित रहे। इस दौरान संजय लाल पासवान ने कहा कि मोदी सरकार हर मुद्दे पर विफल साबित हो रही है। जिसमे महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे के साथ साथ सभी देश के छोटे व मंझले उद्योग को बंद कर दिया गया। आज चारों तरफ आम जनता त्राहिमाम है। कार्यक्रम को रियाज अहमद, सुधीर सिंह, धर्मराज राम, राजकुमार यादव, सागर महतो, मो मिस्टर, बूटी तिवारी ने भी संबोधित किया। मौके पर ललित राम, आकाश ओझा, अब्दुल जब्बार, मुकेश शर्मा, अनिरुद्ध सिंह, अरविंद राम, बिनोद राम, ,सुरेश राम, राजू नायक, मो रईस, मिंटू, अरविंद राम, पिन्टू राम,कौलेश्वर भुइयाँ, दिलीप केसरी शामिल रहे।

## करंट लगने से पति-पत्नी की मौत

### सीसीएलकर्मी और उसकी पत्नी का आंगन में मिला शव



फाईल फोटो



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** ओपी क्षेत्र के रीवर साइड भुरकुंडा स्थित चीफ हाउस पंचायत में रविवार की सुबह सीसीएलकर्मी और उनकी पत्नी का शव क्वार्टर के आंगन में पाया गया। बताया जा रहा है कि बिजली का करंट लगने से उनकी मौत हुई है। जानकारी के अनुसार ठाकुर मेडिकल चौक के निकट सीसीएल कॉलोनी निवासी अजीत कुमार सिंह और उनकी पत्नी अनीता देवी अकेले रहते थे। रविवार की सुबह उन दोनों का शव घर के आंगन में पड़ा हुआ पाया गया। आंगन में कपड़ा सुखाने के लिए लगा तार (टंगना) शव पर गिरा पाया गया। कयास लगाया जा रहा है कि टंगना में बिजली का करंट दौडा होगा, करंट की चपेट में आकर दंपति की मौत हो गई होगी। जानकारी के अनुसार मृतक अजीत कुमार पिपरवार कोलियरी में मैकेनिकल फीटर के पद पर कार्यरत थे। उनका एक पुत्र और पुत्री बाहर जॉब करते हैं। एक पुत्री का विवाह हो चुका है। बताया जाता है कि रविवार को उनके पुत्र प्रशांत सिंह ने घर में कई बार फोन किया। जवाब नहीं मिलने पर उसने पड़ोस के सरजू सिंह को फोन कर माता-पिता से बात कराने की बात कही। इसके बाद पड़ोसियों के क्वार्टर पहुंचाने पर दंपति का शव आंगन में पड़ा हुआ पाया गया। घटना की जानकारी फैलते ही आसपास के लोगों की काफी भीड़ जुट गई। सूचना के बाद भुरकुंडा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन करते हुए शव का पंचनाम में जुट गई। साथ ही घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समचार लिखे जाने तक स्व. अजीत कुमार सिंह का पुत्र प्रशांत अपने घर नहीं पहुंचा था।

### दृष्टिबाधित सौरभ को सांसद प्रतिनिधि ने किया सम्मानित

टंडवा।चट्टीगाड़ीलौंग निवासी दृष्टिबाधित सौरभ प्रसाद की सफलता पर सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने सम्मानित किया। श्री पांडे ने सौरभ माला पहनाकर व शाल तथा डायरी कलम देकर सम्मानित किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधी ने सौरभ का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि सौरभ ने इतिहास रचने का कार्य किया है। कहा कि कड़ी मेहनत व लगन से प्रयास किया जाये तो सफलता जरूर मिलती है। कहा की सौरभ ने यह साबित कर दिखाया कि दिब्यांगता अभिशाप नही वरदान है। उन्होंने कहा कि सौरभ की इस सफलता में उनके माँ व पिताजी का भी अतुलनीय योगदान है। कहा कि आज टंडवा व चतरा नही बल्कि पूरा झारखण्ड सौरभ की सफलता पर खुशी मना रहा है। कहा कि सौरभ ने जो समाज को एक बहुत बड़ा संदेश देने का काम किया है। वही सांसद प्रतिनिधि के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा की समाज में लोग दिब्यांग को अलग दृष्टि से देखता है इस धरना को बदलने की जरूरत है। उन्होंने आग्रह किया को विकलांग छात्रों को दसवीं के बाद साइंस की पढ़ाई में पुस्तक के अभाव में दिक्कत होती है। कहा कि दृस्टिबधित लोगों के लिए उनके पास एक योजना है जिसपर कार्य कर रहें हैं जिसे सांसद महोदय को दिखाना चाहते है। सांसद प्रतिनिधि ने सौरभ को जल्द सांसद सुनील सिंह से मिलवाने की बात कही। गौरतलब है शिक्षक महेश प्रसाद के दृस्टिबधित पुत्र सौरभ का चयन माइक्रोसाफ्ट कंपनी में इक्यावन लाख के वार्षिक पैकेज में हुवा है। वर्तमान में सौरभ दिल्ली में तीसरे वर्ष में इंजीनियरिग की पढ़ाई कर रहें हैं।

# कश्मीर में नये वोटरों पर सवाल

ज म्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले ही वोटर लिस्ट में नये नाम जोड़े जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। यहां के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बुधवार को बताया कि जो मतदाता सूची तैयार की जा रही है, उसमें 25 लाख नये वोटरों के नाम जोड़े जाने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने के लिए डोमिसाइल सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं होगी। इस पर जम्मू-कश्मीर के नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया सामने आयी। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इसे जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र के ताबूत में आखिरी कील बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूख अब्दुल्ला ने सोमवार 22 अगस्त को अपने आवास पर इस सिलसिले में एक बैठक बुलायी है। बैठक में बीजेपी को छोड़कर जम्मू-कश्मीर के सभी प्रमुख दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इन नेताओं की इस तीखी प्रतिक्रिया का कारण यह है कि इन्हें लग रहा है इसके जरिए सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी चुनाव प्रक्रिया को अपने पक्ष में मोड़ना चाहती है। कुछ बातें ऐसी हैं जो इस आशंका को हवा दे रही हैं। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए समाप्त किये जाने से स्थानीय नागरिकों को जमीन, रोजगार और नागरिकता में मिली कथित सुरक्षा समाप्त हो गई। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में 15 साल से रह रहे तमाम भारतीय नागरिकों को डोमिसाइल सर्टिफिकेट दिया जाने लगा। अब मुख्य चुनाव अधिकारी के मुताबिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए डोमिसाइल सर्टिफिकेट की भी जरूरत नहीं होगी। स्थानीय निवासियों को लग रहा है कि इन उपायों से 20-25 लाख (14 फीसदी से ऊपर) नये मतदाताओं के जरिए इस क्षेत्र का डेमोग्राफिक स्वरूप बदलने की कोशिश हो रही है। हालांकि मुख्य चुनाव अधिकारी के मुताबिक इनमें से बड़ा हिस्सा नये वोटरों का है, जिन्होंने इस बीच 18 साल की आयु सीमा पार की है। फिर यह बात भी है कि देश के अन्य हिस्से के जो लोग यहां रह रहे हैं, उन्हें वोट के अधिकार से वंचित रखने की वकालत नहीं की जा सकती। इसमें भी दो राय नहीं कि जो बदलाव किये जा रहे हैं, वे नियम कानूनों के अनुरूप ही किये जा रहे हैं। मगर इन सबकी सार्थकता तभी है, जब जम्मू-कश्मीर के लोगों को साथ लेते हुए, उनका भरोसा बनाये रखते हुए आगे बढ़ा जाए। यह बात सही है कि किसी खास दल या नेता को इस क्षेत्र की पूरी आबादी का प्रवक्ता नहीं माना जा सकता, लेकिन इसमें भी शक नहीं कि स्थानीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा इनसे जुड़ा रहा है, इन्हें वोट देता रहा है। ऐसे में इन्हें दरकिनार करने के बजाय बातचीत के जरिए इनकी आशंकाएं दूर करना और जहां तक संभव हो इन्हें साथ लेते हुए आगे बढ़ना उपयुक्त होगा।

**पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूख अब्दुल्ला ने सोमवार 22 अगस्त को अपने आवास पर इस सिलसिले में एक बैठक बुलायी है। बैठक में बीजेपी को छोड़कर जम्मू-कश्मीर के सभी प्रमुख दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है।**

पुणे स्थित भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आइआइटीएम) के शोधकर्ताओं का नवीनतम अध्ययन दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के मामले के साथ-साथ हमारे दैनिक जीवन के कई अन्य क्षेत्रों और पहलुओं के समक्ष एक दिलचस्प सवाल प्रस्तुत करता है। जलवायु परिवर्तन अगले पांच दशकों में भारत की सौर और पवन ऊर्जा क्षमता को नियत रूप से प्रभावित करेगा।

# 'जलवायु परिवर्तन झारखंड के अक्षय ऊर्जा क्षमता को कर सकता है प्रभावित'



**डॉ पार्थसारथी मुखोपाध्याय**

पुणे स्थित भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आइआइटीएम) के शोधकर्ताओं का नवीनतम अध्ययन दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के मामले के साथ-साथ हमारे दैनिक जीवन के कई अन्य क्षेत्रों और पहलुओं के समक्ष एक दिलचस्प सवाल प्रस्तुत करता है। जलवायु परिवर्तन अगले पांच दशकों में भारत की सौर और पवन ऊर्जा क्षमता को नियत रूप से प्रभावित करेगा।

यह नवीनतम अध्ययन हाल ही में पीयर-रिव्यू जर्नल करंट साइंस में प्रकाशित हुआ है। जिसका शीर्षक है, 'जलवायु मॉडल के जरिए भारत में भविष्य के पवन और सौर क्षमता का विश्लेषण'। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के स्वायत्त संस्थान आइआइटीएम, पुणे और सेंटर फॉर प्रोटोटाइप क्लाइमेट मॉडलिंग, न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी, अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात के शोधकर्ता टीएस अनंध, दीपा गोपालकृष्णन और पार्थसारथी मुखोपाध्याय इस शोध अध्ययन के लेखक हैं।

सौर ऊर्जा क्षमता के प्रक्षेपण का प्रमुख प्रभाव उत्तर मध्य भारत में गंगा के मैदानी इलाकों में दिखायी देता है। इस क्षेत्र में भविष्य के सभी मौसमों में सौर क्षमता में तेज गिरावट का अनुमान है। ऐसे में इस चुनौती से निपटने की बेहतर तैयारी करने की जरूरत महत्वपूर्ण हो जाती है। भविष्य में मानसून के दौरान अधिक बादल छाए रहने की उम्मीद है।

**ऊर्जा मंत्रालय को एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना चाहिए जहां इच्छुक व्यक्तियों के लिए बिना किसी परेशानी के सौर और पवन ऊर्जा इकाइयां स्थापित करना आसान हो।**

शोधकर्ताओं ने भारतीय उपमहाद्वीप में भविष्य (अगले 40 वर्षों) के लिए अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के पवन और सौर उर्जा क्षमता अनुमानों का विश्लेषण इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आइपीसीसी) द्वारा तैयार किये गये विभिन्न अत्याधुनिक जलवायु मॉडल के जरिए किया।



**ऊर्जा उत्पादन क्षमता में कमी का अनुमान झारखंड जैसे राज्य के लिए इस कारण ज्यादा चिंताजनक है क्योंकि यह उन राज्यों में शामिल है। जहां सबसे कम सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। 2 अगस्त, 2022 को राज्य सभा में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा प्रस्तुत ताजा आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2021 से मई 2022 के बीच चार राज्यों- दिल्ली, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश द्वारा क्रमशः 268.5 मिलियन यूनिट (एमयू), 195.36 एमयू, 21.94 एमयू और 3,564.4 एमयू सौर ऊर्जा का उत्पादन हुआ। इन चार राज्यों में सबसे ज्यादा उत्पादन उत्तर प्रदेश और सबसे कम झारखण्ड में हुआ।**

नवीनतम अध्ययन के शोधकर्ताओं ने यह भी बताया अधिकांश जलवायु मॉडल में गंगा के मैदानी इलाकों में पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता में कमी का अनुमान लगाया गया है। मानसून के महीनों में, जब गंगा के मैदान के ऊपरी इलाकों (दिल्ली और उत्तर प्रदेश) में हवा की गति में वृद्धि दर्ज की गयी।

ऊर्जा उत्पादन क्षमता में कमी का अनुमान झारखंड जैसे राज्य के लिए इस कारण ज्यादा चिंताजनक है क्योंकि यह उन राज्यों में शामिल है। जहां सबसे कम सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। 2 अगस्त, 2022 को राज्य सभा में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा प्रस्तुत ताजा आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2021 से मई 2022 के बीच चार राज्यों- दिल्ली, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश द्वारा क्रमशः 268.5 मिलियन यूनिट (एमयू), 195.36 एमयू, 21.94 एमयू और 3,564.4 एमयू सौर ऊर्जा का उत्पादन हुआ। इन चार राज्यों में सबसे ज्यादा उत्पादन उत्तर प्रदेश और सबसे कम झारखण्ड में हुआ। जबकि झारखंड की सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन क्षमता 88.79 मेगावाट है।

पिछले महीने, झारखंड ने अपनी सौर ऊर्जा नीति प्रस्तुत की, जिसमें रूफटॉप सोलर पॉवर के माध्यम से 720 मेगावाट सहित 5 वर्षों में 4,000 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वहीं संसद में भी इस अध्ययन की चर्चा हुई और इस अध्ययन के चिंताजनक आकलन से संबंधित सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री (विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा) आरके सिंह ने कहा कि सरकार पवन और सौर ऊर्जा संयंत्रों की क्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए कदम उठा रही है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय विभिन्न क्षेत्रों में 'नवीकरणीय ऊर्जा अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास कार्यक्रम' के तहत अनुसंधान और विकास को वित्त पोषित कर रहा है, जिनमें सोलर सेल्स की दक्षता बढ़ाना, संसाधन आकलन, सटीक पूवार्नुमान तकनीक, पवन चक्कियों के हब की ऊंचाई बढ़ाना और बड़े रोटर ब्लेड बनाना शामिल है। साथ ही उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 'उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल पर राष्ट्रीय कार्यक्रम' से संबंधित उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन कार्यक्रम को लागू करने की योजना है।

**विशेषज्ञ की राय** : डॉ. अंजल प्रकाश, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी में अनुसंधान निदेशक और एसोसिएट प्रोफेसर एवं दो अलग-अलग आईपीसीसी रिपोर्ट (2020 और 2022 के बीच जारी) के मुख्य लेखकः

'यह वैज्ञानिकों का बहुत ही महत्वपूर्ण अध्ययन है जो सौर और पवन ऊर्जा से संबंधित भविष्य की संभावनाओं को सामने रखता है। वर्तमान में, भारत की समस्या यह है कि इसने अक्षय ऊर्जा- सौर और पवन ऊर्जा - उत्पादन की अपनी क्षमता का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया है। यह अध्ययन भविष्य के अनुमानों को दर्शाता है जो नीति एवं व्यावसाय संबंधी निर्णयों के लिए बहुत उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि, दिलचस्प चुनौती सौर और पवन ऊर्जा दोनों के विकेंद्रीकृत दोहन से संबंधित है। सौर उर्जा उत्पादन जैसे कार्यक्रम में हरेक घर, जहां प्रत्येक के पास क्षमता है, में योगदान दे सकता है। सब्सिडी उपलब्ध होने के बावजूद, विभिन्न नीति और प्रशासनिक बाधाओं के कारण परिवार सौर प्रणाली स्थापित करने में सक्षम नहीं हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को इन पर ध्यान देना चाहिए और एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना चाहिए जहां इच्छुक व्यक्तियों के लिए बिना किसी परेशानी के सौर और पवन ऊर्जा इकाइयां स्थापित करना आसान हो। यहां उद्यमियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है जिसे सुद्दढ़ किया जा सकता है।

**( शोध अध्ययनकर्ता हैं लेखक)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सनातन उत्सव समिति ने बाढ़ पीड़ितों के बीच बांटी राहत सामग्री

**विपदा के समय में अगर समाजिक संस्थाएं आगे आकर राहत कार्य करें तो कोई भी परिवार भूखे नहीं सोयेगा : चिंटू सिंह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सनातन उत्सव समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत के लिए ब्रेड जेम, मुड़ी-चावल, केला दूध के आलावे अन्य समाग्री का वितरण किया गया।

मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने बलराम बस्ती सोनारी, निर्मल नगर, टीलू भट्टा, के आलावे बारीडीह लालभट्टा, बागुनहातु, बागुननगर का प्रभावित इलाकों में पहुंच कर लोगो का हाल चाल जाना। इस बीच एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचाने के लिये वाहन मुहैया कराया। कुछ लोगों के बीच तिरपाल देकर राहत प्रदान की गयी।

इस अवसर पर सनातन उत्सव समिति के संस्थापक चिन्टू सिंह ने कहा विपदा के समय में अगर समाजिक संस्थाएं आगे आकर राहत कार्य करें तो बेशक किसी भी परिवार के लोग भूखे नहीं सोयेंगे। उन्होंने सनातन उत्सव समिति के सभी सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने समय पर अपने बहुमूल्य समय में सेवा कार्य सामूहिक रूप से आगे बढ़कर करते हैं।

मौके पर सोनू ठाकुर, प्रभात शंकर तिवारी, ललित राव, अभय सिंह, मनीष सिंह, प्रतीक सिंह, साहिल पति, अमृत सिंह, लक्की सिंह, सन्नी कुमार, दीपक शुक्ला, कुलदीप सिंह, चुनमुन सिंह, समेत अन्य मौजूद रहे।

# कुर्मी सेना का विशाल करम महोत्सव 4 सितंबर को

**झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के कला संस्कृति का लुप्त उठाएंगे शहर वासी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** कुर्मी सेना का विशाल करम महोत्सव का आयोजन 4 सितंबर को बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में किया जाएगा। रविवार को निर्मल गेस्ट हाउस में कुर्मी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र महतो ने प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम की जानकारी दी।

उन्होंने बताया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुर्मी सेना के द्वारा 4 सितंबर को गोपाल मैदान में भव्य करम महोत्सव का किया जाएगा।

करम महोत्सव में झारखंड, बिहार, उड़ीसा और बंगाल के मुख्यमंत्री सहित केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को आमंत्रण भेजा गया है।

साथ ही राज्यों के मंत्री, सांसद व राज्य सभा सांसद को आमंत्रित किया गया है। स्वीकृति मिलने के बाद कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। करम महोत्सव में झारखंड, उड़ीसा और बंगाल से कलाकारों के द्वारा कला संस्कृति की प्रस्तुति की जाएगी।

करम महोत्सव में स्टेट के संस्कृति को बचाये रखने के लिए प्रति वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। तीन स्टेट के कला संस्कृति को गोपाल मैदान में आम लोगों के बीच दर्शाया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान गोपाल मैदान में चारो स्टेट से हजारों हजार की संख्या में कुर्मी सेना के कार्यकर्ता शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद उठाएंगे।

# बारीगोड़ा दुर्गा पूजा पंडाल का विधायक मंगल कालिंदी ने किया भूमि पूजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर में बीते 2 वर्ष कोरोना काल के बाद स्थिति सामान्य होते ही दुर्गा पूजा के सभी कमेटी लगभग तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बारीगोड़ा दुर्गा पूजा मैदान के पंडाल का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूमि पूजन के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित हुए। कमेटी के द्वारा विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर झारखंड सरकार के सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी व पूजा कमिटी के अध्यक्ष दुबराज नाग ने संयुक्त रुप से भूमि पूजन कर पंडाल निर्माण की शुरूआत की। मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष दुबराज ने कहा इस बार भव्य पंडाल का निर्माण किया जाएगा। मौके पर ए यादव, आनंद चौधरी, सुनीता नाग ,जय किशन , नीतीश, मुनीम, उदय रजक, ओम प्रकाश, विक्की मिश्रा,राहुल, सुदामा गिरी, चमन तिवारी,मनोज यादव, बीरेंदर यादव, जय प्रकश, विनोद गिरी,अजय, अनिल पांडे, शिव नारायण रजक, भीम चिडू रजक कमलेश तिवारी, संजय यादव आदि स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# चक्रधरपुर : केंद्रीय दुर्गा पूजा कमेटी का गठन, विधायक सुखराम चुने गये अध्यक्ष व शेषनारायण लाल सचिव

**चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर अनुमंडल में केंद्रीय दुर्गा पूजा कमेटी का गठन रविवार को किया गया। कमेटी में स्थानीय विधायक सुखराम को अध्यक्ष चुना गया है, जबकि शेषनारायण लाल सचिव चुने गये हैं। कमेटी में संरक्षक अशोक षाड़ंगी व राजू प्रसाद कसेरा, उपाधयक्ष शमरेश सिंह, संजय कुमार मिश्रा, राजेश शुक्ला, सह सचिव अनूप दुबे व सजंय पासवान, कोषाध्यक्ष कुमार विवेक, अप्पू को चुना गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सभी पूजा पंडाल के अध्यक्ष व सचिव शामिल किये गये हैं। बैठक में विभिन्न पूजा कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों ने भी अपने-अपने विचार रखे। साथ शांतिपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने का निर्णय लिया गया।

# नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को समारोह आयोजित कर किया गया सम्मानित

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के गोविंदपुर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल सेवा समिति एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आज सरदार बल्लभ भाई पटेल मध्य विद्यालय के प्रांगण में नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह एवं मुखिया रंजीत सरदार, पंचायत समिति अंजय सिंह भोला, उपमुखिया दिनेश सिंह के साथ सभी वार्ड के सदस्य का सम्मान समारोह का आयोजन संस्था के संस्थापक अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद के द्वारा किया गया। इसमे उनके द्वारा सभी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को शॉल, सम्मान पत्र एवम पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सरदार वल्लभभाई पटेल उच्च विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ अमर सिंह ने किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण संस्था के सचिव बिंदा सिंह के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य जय कुमार सिंह ने किया।

# मानगो में सिख युवकों ने बाढ़ प्रभावितों की सेवा कर सामाजिक दायित्व निभाया

**खिचड़ी का लंगर घर-घर पहुंचाया, ताकि भूखे पेट न रहें प्रभावित लोग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** मानगो में एक बार फिर सिर पर दस्तार सजाये फरिश्तों ने मानगो में बाढ़ प्रभावितों को खिचड़ी का लंगर घर-घर पहुंचा कर अपना समाजिक दायित्व निभाया। जमशेदपुर की नदियों खरकई और स्वर्णरेखा नदी का जल स्तर बढ़ने से तटीय और निचले स्थानों में रहने वाले लोगों के घर जलमग्न हो जाने के कारण वे बेघर हुए लोगों को एक बार फिर फरिश्तों के रूप में सिख युवकों ने मदद कर इंसानियत को जीवित रखा।

रविवार को गुरुद्वारा सिंह सभा मानगो के समस्त कमेटी सदस्यों ने मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के सहयोग से मानगो के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वाहनो के माध्यम से खिचड़ी का लंगर जन-जन तक पंहुचाया। बाढ़ प्रभावित बस्तीवासी ससमय मदद पाकर भावुक हो गये। उनकी भीगी आंखों में पीड़ा साफ देखी जा सकती थी।

मानगो गुरुद्वारा के प्रधान भगवान सिंह पूरे दल बल के साथ राहत कार्य में जुटे थे। उन्होंने बताया कि आज दिन में उन्हें मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के अधिकारियों ने उन्हें फोन के मार्फत लंगर सेवा लगाने हेतु सहयोग के लिए निवेदन किया था, मानगो कमिटि ने बिना समय गवाएं लंगर तैयार करवा कर प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत पंहुचाया।

इस दौरान मानगो के सिख युवकों का काफिला प्रधान भगवान सिंह के नेतृत्व में जाकिरनगर, ओल्ड पुरुलिया रोड, गौड़ बस्ती, चाणक्यपूरी, रामनगर, श्यामनगर और अन्य क्षेत्रों में खिचड़ी का लंगर की सेवा की। महासचिव जसवंत सिंह जस्सू ने बताया कि युवकों ने टीम बनाकर राहत कार्य किया जिसमें कुल पांच टीमों का जत्था अलग-अलग तटीय और निचले हिस्से के प्रभावितों की मदद को जमे रहे। सुबह से शुरू हुआ राहत कार्य देर शाम तक चलता रहा। राहत कार्य को सफल बनाने में भगवान सिंह की अगुवाई में जसवंत सिंह जस्सू, हरविंदर सिंह जमशेदपुरी, गुरप्रताप सिंह,कुलवंत सिंह, जगजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, भगत सिंह, हीरा सिंह, अमृतपाल सिंह, इकबाल सिंह, जसबीर सिंह, चरणजीत सिंह समेत अन्य ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# भाजपा कदमा मंडल ने बाढ़ पीड़ित परिवारों में बांटी खाद्य सामग्री

**मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह के नेतृत्व में किया गया दौरा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लगातार हो रही बारिश से नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण कदमा के नदी के किनारे बसे हुए सभी क्षेत्रों में जल-जमाव की स्थिति एवं बाढ़ का खतरा बढ़ने पर भाजपा कदमा मंडल के द्वारा शास्त्री नगर ब्लाक नम्बर एक से ब्लाक नंबर पांच तक एवं प्रतिमा नगर, बागे बस्ती, ग्रीन पार्क सहित अनेक क्षेत्रों में मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह के नेतृत्व में दौरा किया गया तथा सभी पीड़ित परिवारों से मिलकर ब्रेड, केला एवं बिस्किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा, मंडल महामंत्री अजय झा, ललन चौहान, रमेश बास्के, अमरेन्द्र मल्लिक, मंडल उपाध्यक्ष भोला शर्मा, कार्तिक गोप, निर्दोष वर्मा, के एन ओझा, डी एन सिंह, कृष्णा देवी, रेणु झा, विक्की यादव, खुशी ओझा, राजाराम, बिनोद रजक, बबली देवी गुड्डी देवी सहित सभी कार्यकताओं का योगदान था।

## कार्रवाई : मेराल थाना पर हंगामा करते हुए पथराव करने के आरोप में पुलिस ने 19 लोगों को भेजा जेल

# घायल आधा दर्जन व्यापारियों ने सीओ पर करायी प्राथमिकी दर्ज

**धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व भाजपा विधायक के नेतृत्व में हजारों लोग जुलूस के रूप में मेराल थाना पहुंचे और थाना प्रभारी एवं डीएसपी को 48 घंटा के अंदर दोषी को गिरफ्तार करने को कहा**





धरना पर बैठे लोग एवं पुलिस और पदाधिकारियों के विरोध में रहा मेराल बंद

बलराम शर्मा

**मेराल/गढ़वा।** मेराल थाना पर गत शनिवार को हुए उपद्रव तथा लाठीचार्ज को लेकर मेराल थाना मुख में रविवार को भी दिन भर गहमागहमी रहा। घटना के बाद मेराल सीओ द्वारा पुलिस बल के साथ मेराल बस स्टैंड के दुकानदारों को पिटाई करने के विरोध में आज रविवार को स्थानीय व्यवसायियों ने दुकान बंद कर धरना दिया। इस दौरान लोगों ने कहा कि अंचलाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार ने पुलिस बल के साथ मेराल बस स्टैंड के दुकानदारों के दुकान तथा मकान में घुसकर बर्बरता पूर्वक पिटाई की । जिसमें कई लोगों का हाथ टूट गया तथा कई लोग चोटिल हुए हैं। इस दौरान लोगों ने कहा कि जब तक बेकसूर दुकानदारों पर की गई बर्बरता पूर्वक पिटाई के लिए दोषी सीओ पर करवाई नहीं होती है तब तक सभी व्यवसाई अपना अपना प्रतिष्ठान बंद करते हुए अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे रहेंगे।

**झामुमो नेताओं ने व्यापारियों के धरना स्थल पर पहुंचकर दोषी सीओ पर करवाई के लिए दिया आश्वासन :** मेराल में व्यवसायियों द्वारा दुकान बंद कर धरना पर बैठने की सूचना मिलने पर गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, गढ़वा विधायक प्रतिनिधि असावी चंद्रवंशी ,सचिव मनोज ठाकुर, विकास सिंह कुशवाहा आदि पहुंचकर व्यवसायियों की बातों को सुनने के बाद कहा कि मेराल बस स्टैंड पर सीओ द्वारा दुकानदारों के साथ की गई मारपीट की घटना काफी निंदनीय है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी झारखंड के मुख्यमंत्री तथा सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को दे दी गई है।

**एसडीओ एवं एसडीपीओ पहुंचे धरना स्थल पर :** गढ़वा सदर एसडीओ राज महेश्वरम एवं एसडीपीओ अवध कुमार यादव धरना स्थल पर पहुंचकर कहा कि मारपीट के लिए दोषी अधिकारियों पर करवाई की जाएगी।

पुलिस ने थाना पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे भीड़ का नेतृत्व करने के आरोप में मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, मेराल दक्षिणी के जिप सदस्य के पिता करीब अंसारी, दुलदुलवा के मुखिया रामप्रताप साव, हासनदाग के पूर्व मुखिया रामप्रवेश चंद्रवंशी तथा मुस्ताक अंसारी पर भीड़ को उकसाने के आरोप में भादवी की धारा 353 तथा अन्य 15 धाराओं के तहत अंचलाधिकारी के आवेदन पर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**डेढ़ दर्जन से अधिक लोग भेजा गए जेल :** रविंद्र कुमार चौधरी हारादाग, अजय कुमार चौधरी छप्परदागा-डंडा, राम सरेश तिवारी करकोमा, राजेश कुमार चौधरी चिनिया रोड, राजकरण चौबे लखेया, राजेश बैठा लखेया, भोला राम मेराल, कमरुद्दीन अंसारी मेराल, गोविंद साव खुरडाहा, पीरमोहम्मद अंसारी मेराल, संतोष विश्वकर्मा हारादाग, शिव वचन बैठा, अविनाश कुमार चौबे, आशुतोष कुमार चौबे, मुदसीर अंसारी, उदय कुमार चौधरी, सोहेल अंसारी, मुबारक अंसारी सभी ग्राम हासनदाग तथा मुस्ताक अंसारी चामा शामिल है।

**सीओ पर पांच दुकानदारों ने कराई प्राथमिकी दर्ज :** मेराल बस स्टैंड में दुकानदारों के साथ हुई मारपीट को लेकर मेराल सीओ अंगार नाथ स्वर्णकार पर 5 दुकानदारों द्वारा मारपीट किए जाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। आवेदन देने वालों में फिरोज अंसारी पिता अनिस अंसारी, साहेब अली जुबेर अंसारी, विश्व प्रकाश पिता गुप्तेश्वर प्रसाद, जितेंद्र कुमार पिता राज बिहारी, रामचंद्र राम पिता स्वर्गीय राम लोचन राम तथा इम्तियाज अंसारी पिता जुबेर अंसारी शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त सभी घायल दुकानदारों का इलाज सदर अस्पताल गढ़वा में कराया जा रहा है।

## रिम्स पहुंचे मंत्री मिथिलेश, क्षेत्र के मरीजों का लिया हाल-चाल



**परिजनों का किया आर्थिक सहयोग**

**संबंधित विभाग के चिकत्सा प्रमुख को मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर रविवार को रिम्स पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने गढ़वा जिले के भर्ती मरीजों से मुलाकात की। मंत्री ने मरीजों व उनके परिजनों से मिलकर हालचाल लिया। साथ ही उन्हें आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। इस दौरान मंत्री ने संबंधित विभाग के चिकत्सा प्रमुख को मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। यदि कहीं से कोई समस्या हो तो इसकी सूचना उन्हें दें। उसे दूर किया जाएगा।

इस दौरान मंत्री ने मेराल थाना क्षेत्र के करकोमा निवासी जय प्रकाश तिवारी के पुत्र दिव्य प्रकाश तिवारी, बाहाहारा गांव निवासी संजय साव की पत्नी सोना देवी, शकुंतला देवी सहित कई अन्य लोगों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

मंत्री ने कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी। उनके सहयोग के लिए वे हमेशा तैयार हैं। इस दौरान मंत्री ने गढ़वा जिला के साथ-साथ रांची एवं अन्य क्षेत्रों के मरीजों से मिलकर उनका भी हालचाल लिया एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## मनरेगा कुआं का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी वेंडर पर पैसा नहीं देने का लाभुक ने लगाया आरोप



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी प्रखंड क्षेत्र के गनियारीकला पंचायत में लाभुक के द्वारा मनरेगा कुआं का निर्माण कार्य पूरा कर लेने के बाद भी वेंडर द्वारा पैसा नहीं देने के आरोप में लाभुक ने प्रभारी बीपीओ चंद्रशेखर चौबे के नाम लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में खरवार आदिवासी समुदाय वर्ग के दिव्यांग व अतयंत ही गरीब लाभुक लक्ष्मण सिंह खरवार ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि गत तीन वर्ष पूर्व उन्हें मनरेगा से कुआं निर्माण करने के लिए पंचायत से योजना मिली थी, वहीं उसके बाद उन्होंने उधार कर्ज लेकर कुआं निर्माण कार्य का काम पूरा भी कर दिया है। इसके बाद जब उन्होंने वेंडर से पैसे की मांग की तो वेंडर ने उन्हें कुछ पैसे देकर शेष पैसा देने के लिए टालमटोल कर पैसा देने से इंकार कर दिया है। इसके बाद लाभुक लक्ष्मण सिंह खरवार ने वेंडर पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वेंडर से जब वह पैसा मांगने के लिए फोन करते हैं तो वेंडर अपने घर बुलाकर योजना के पैसे में सबका कमीशन कटौती गिनाने लगता है। इधर इस संबंध में रोजगारसेवक सह प्रभारी बीपीओ चंद्रशेखर चौबे से पूछे जाने पर बताया कि लाभुक ने वेंडर के खिलाफ योजना पूर्ण करने के बाद भी पैसा नहीं देने के खिलाफ आवेदन दिया है।

## अलग-अलग दो घटनाओं में तीन नामजद अभियुक्तों को रंका पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो घटनाओं में तीन नामजद अभियुक्तों को रंका पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।घटना की जानकारी देते हुए रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया की पहला अभियुक्त चटकमान गांव निवासी रघुवंश कुमार पिता संजय साहू के संबंध में बताया कि रंका थाना कांड संख्या 289/ 2021 भा द वि 354 /389 का लंबित अभियुक्त था जो लंबे समय से फरार चल रहा था। दूसरा अभियुक्त रंका थाना क्षेत्र के बेलवादामर गांव के अरुण मेहता एवं राजेश मेहता दोनों के पिता रामसेवक मेहता गोदरमाना में अपने घर मालिक के साथ गाली गलौज एवं मारपीट कर घायल रविवार को सुबह में किया था जिसके बाद रंका पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह दोनों अभियुक्त गोदरमाना निवासी इम्तियाज अंसारी के घर में रहकर सीएसपी सेंटर संचालित करते हैं। जब घर मालकिन घर के किराया की मांग करने गई तो उसके साथ गाली ,गलौज एवं मारपीट करने लगे इसके बाद मामला रंका थाना तक मामला आ पहुंची। जिसमें पुलिस ने मामले को गंभीर देखते हुए दोनों अभियुक्तों को रंका थाना कांड संख्या 142 / 2022 दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## चार्ज करने वाले दोषी पुलिसकर्मी व पदाधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला प्रवक्ता धीरज दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मेराल में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम में प्रशासनिक पदाधिकारीयों की लापरवाही सामने आई है। अंचल अधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार की असंवेदनशीलता एवं तानाशाही रवैए ने आम लोगों को भड़काने का काम किया है। हासनदाग पंचायत में वृद्ध व्यक्ति के शव मिलने के पश्चात पुलिस पदाधिकारियों ने समुचित कदम उठाया होता तो आम जनता उग्र नहीं होती। प्रशासन के ऐसे रवैए

**प्रशासन की तानाशाही रवैया एवं लापरवाही से हुई घटना : धीरज दुबे**

से स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सरकार की छवि धूमिल होती है जो झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी नहीं होने देगा, इस घटना के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों पर निश्चित करवाई होगी तथा आम जनों को बहुत जल्द इंसाफ मिलेगा।

श्री दुबे ने कहा कि स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश



कुमार ठाकुर ने पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जानकारी लिया एवं लाठीचार्ज में घायल लोगों से बात कर घटना की उच्चस्तरीय जाँच कराने का आश्वासन दिया है, उन्होंने कहा कि जो भी दोषी पाए जाएँगे उनपर सख़्त करवाई की जाएगी। निर्दोष लोगों के साथ बर्बरता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री मिथिलेश ने प्रशासनिक रवैया को अव्यावहारिक बताते हुए उपायुक्त को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने हासनदाग पंचायत एवं मेराल की जनता से शांति बनाए रखने तथा कानून हाथ में ना लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वह जनता के हितों के साथ खड़े हैं। दोषी चाहे जी भी हों बख्शे नहीं जाएंगे।

## दुर्घटना में झामुमो कार्यकर्ता की मौत पर मंत्री ने परिजनों को किया 15 हजार रुपये का सहयोग



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के चुटिया पंचायत अंतर्गत भौंरी गांव निवासी झारखंड मुक्ति मोर्चा के कर्मठ कार्यकर्ता नरेश प्रसाद की वाहन दुर्घटना में मौत हो जाने पर जानकारी मिलते ही मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा 15000 रुपये का आर्थिक सहयोग मृतक के परिजनों को युवा मोर्चा प्रखंड कमेटी रंका के द्वारा दिया गया। बताते चलें कि नरेश प्रसाद पिछले सप्ताह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए थे और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, राजकिशोर रवि, संतोष कुमार रवि सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा चक्का जाम : सत्येंद्र तिवारी

**जिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल मेराल पहुंचा, धरना-प्रदर्शन कर रहे लोगों का किया समर्थन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** भाजपा गढ़वा जिला का एक प्रतिनिधिमंडल मेराल पहुंचा। मेराल लाठी चार्ज मामले में स्थानीय जनता एवं व्यवसाइयों के धरना प्रदर्शन के दौरान गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने पहुंचकर धरना प्रदर्शन का समर्थन किया।

धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के नेतृत्व में हजारों लोग जुलूस के रूप में मेराल थाना पहुंचे और थाना प्रभारी एवं डीएसपी को निर्देशित करते हुए प्रशासन 48 घंटा के अंदर दोषी को गिरफ्तार करने को कहा है। इस दौरान भाजपा का प्रतिनिधि मंडल हासनदाग गांव पहुंचा, जहां सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि अगर 48 घंटा के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो समस्त जनता के साथ भाजपा आंदोलन करेगा। मौके पर ग्रामीणों ने आंदोलन में साथ देने का वादा किया।



मौके पर पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में बाहर से लोग आकर गुण्डाराज फैला चुके हैं। दलाली, लूट, हत्या, गुण्डागर्दी का कारोबार बड़े पैमाने पर खुलेआम चल रहा है। जनता को लूटा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आखिर किसके इशारे पर प्रशासन द्वारा अपराधियों को पकड़ कर छोड़ा जा रहा है। आम जनता एवं व्यवसायी को दुकान घर में घुस कर मारा गया। राहगीर को पकड़ कर मारा गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन अपनी कमी को छिपाने के लिए निर्दोष लोगों पर डंडा चलाया यह बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार इस तरह का घटना मेराल में घटी है। सरकार में बैठे मंत्री विधायक के इशारे पर अपराधियों को बचाया जा रहा है, लेकिन भाजपा आम जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन 48 घंटा के अंदर अविलंब दोषी पर कार्रवाई करे वरना भाजपा ईंट से ईंट बजाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों एवं दोषी अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे जिले भर में चक्का जाम किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, उपाध्यक्ष संजय भगत, जिला महामंत्री संतोष दुबे, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अरविंद धर दुबे, भाजपा गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, मेराल मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा, मनोज जायसवाल डॉ. लाल मोहन विकास दुबे व्यवसायी संघ के अध्यक्ष कृष्णा कुशवाहा सहित अन्य हजारों लोग मौजूद थे।

## नगर ऊंटारी थाना को 2022 में देश के सर्वश्रेष्ठ तीस थानों में किया गया है चयनित



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के लिये अच्छी खबर है। जिले के नगर ऊंटारी थाना को 2022 में देश के सर्वश्रेष्ठ तीस थानों में चयनित किया गया है। चयन भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से किया गया है। जानकारी के अनुसार भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने टू एग्रीको नामक एजेंसी से देश के सभी थानों के सर्वे कराया था। जिसमें थाना की गतिविधियों के साथ-साथ पुलिस पब्लिक रिलेशन, थाने में आम नागरिकों के साथ व्यवहार समेत कई बिंदुओं पर सर्वे हुआ था। उक्त सर्वे में नगर ऊंटारी थाना को देश के सर्वश्रेष्ठ तीस थानों में चयनित किया गया है। चयनित टॉप तीस थानों में से अब टॉप दस थानों का चयन के लिये सर्वे शुरू हो गया है। टू एग्रीको नामक एजेंसी के मो अजीमुल हक की टीम सर्वे कर रही है। मो अजीमुल हक ने बताया कि पुनः देश के टॉप टेन थाना के लिये सर्वे किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि टॉप टेन में चयनित थाने को मंत्रालय की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा।

## कमांडर जीप पलटने से 9 सवारी घायल



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर-भवनाथपुर रोड स्थित तुलसीदामर घाटी में कमांडर जीप पलटने से 9 सवारी घायल हो गए। जिसमे चार की हालत गंभीर है। घटना रविवार दोपहर 2 बजे की है। उक्त कमांडर गाड़ी केतार से श्री बंशीधर नगर जा रही थी। तुलसीदामर घाटी में चढ़ाई पर चढ़ने के दौरान जीप का पिछला टायर फट गया। जिससे अनियंत्रित होकर जीप पलट गई। हादसे में जीप में सवार 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय लोगो की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल तुरीमुण्डा निवासी बुधन सिंह, सरस्वती देवी, चौपरिया निवासी गोपाल सिंह और पचौर निवासी रेणु कुमारी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही अन्य घायलों में रेशमा देवी, पचौर की रिद्धि कुमारी, राजकुमार, मयंक कुमार सिंह और नंदू सिंह का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच कर कमांडर को कब्जे में ले लिया है। दुर्घटना में चालक पूरी तरह से सुरक्षित है।

## कार्यक्रम : स्टेट टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 18 सदस्यीय गढ़वा की टीम जमशेदपुर रवाना

# राज्य में गढ़वा को बनायें चैम्पियन : अलखनाथ पांडेय

**खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना और जिला का नाम रौशन करें, संघ आपको हरसंभव मदद करने को तैयार है : अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जमशेदपुर में आयोजित फर्स्ट झारखंड स्टेट टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की बीस सदस्यीय टीम रविवार को सासाराम-रांची एक्सप्रेस से रवाना हो गयी। बीस सदस्यीय टीम को संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। इस मौके पर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए जो मेहनत कर रहे हैं उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप जा रहे हैं। आप प्रतियोगिता में जिला को चैम्पियन बनाने के साथ-साथ चैम्पियन बनकर आयें। आप अपने खेल का शत प्रतिशत लगा दें तो आपको जीत से कोई रोक नहीं सकता है। अभिभावक और संघ आपके बेहतर के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आप बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना और जिला का नाम रौशन करें, संघ आपको हरसंभव मदद करने को तैयार है।

उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि आप सभी लोग अपने आप को खिलाड़ी नहीं बल्कि अपने को चैम्पियन समझें और जीत के संकल्प के साथ आप प्रतियोगिता में भाग लें और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर खेलें। अशोक कुमार दुबे ने कहा कि खेल आज के दौर में कैरियर का साधन भी बन चुका है, सरकार भी खेल को बढ़ावा देने के साथ-साथ खिलाडियों को नौकरी भी दे रही है।

सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि सोमवार से जमशेदपुर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बीस सदस्यीय टीम भाग लेने जा रही है। टीम के खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन करेंगे। टीम में अमल कुमार ठाकुर, अनुप कुमार, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पांडेय, रौशन कुमार पाल, नितीश कुमार मेहता, अनिल कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार रवि, हिमांशु पाल, उज्ज्वला कुमार, मयंक राज, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी, रिद्धि सिंह, आयुषी कुमारी पाण्डेय, आशा रानी, आयुषी कुमारी दुबे को शामिल किया गया है। टीम का कोच संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे को बनाया गया है। इस मौके पर नवनीत शुक्ला, आमोद पांडेय, मिथलेश कुमार सिंह, नागेन्द्र चौधरी, संजय सिंह शामिल थे।

## अचेतावस्था में मिली वृद्ध महिला को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरिया बगुला पतरा से रविवार को स्थानीय ग्रामीणों को पतरा से एक बृद्ध महिला बेहोशी के हालत में मिली। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना भंडरा पुलिस को दिया पुलिस पहुंचकर उक्त बृद्ध महिला को तुरंत भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बतया जा रहा है कि वृद्ध महिला पतरा में बेहोश पड़ी हुई थी सुबह कुछ ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना दिया। वृद्ध महिला कहा की है अब तक पहचान नहीं हो पायी है।

## शादी की नियत से साली को लेकर भागने वाला जीजा को भेजा जेल



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के नवागढ़ पंचायत की रहने वाली सबीना देवी की बड़ी पुत्री जूही बीबी का विवाह तरवाडीह के रहने वाले लाडले हसन पिता इदरीश पवारिया से हुआ था। परंतु लाडले हसन जूही बीवी को छोड़कर सबीना देवी की छोटी नाबालिक पुत्री उम्र करीब 12 वर्ष को शादी की नियत से लेकर दिनांक 01/05/2022 भाग गया। इस मामले में सबीना देवी के आवेदन के आधार पर लातेहार थाना काण्ड संख्या-213/2022 दिनांक 20/08/2022 धारा 366(अ) भादवि अंकित किया गया। इस मामले में गुप्त सूचना के आधार पर अपहृत नाबालिक लड़की को अभियुक्त लाडले हसन के पास से पलामू से बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त लाडले हसन को जेल भेजा दिया गया। छापामारी में पुलिस अवर निरीक्षक रूपलाल प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक मो. शाहरुख एवं सशत्र बल शामिल थे।

## मारपीट और छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा जेल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के चंदनडीह निवासी धनमनी देवी के द्वारा दिनांक- 20/08/2022 को लातेहार थाना में अपने पति रोहन उरांव के विरुद्ध उसके ऊपर जान मारने की नियत से हमला करने एवं उसकी नाबालिक दिव्यांग बेटी से छेड़छाड़ करने के आरोप में आवेदन दिया था । जिसके आधार पर लातेहार थाना काण्ड संख्या- 214/2022,दिनांक,20.08.2022 धारा-341/326/307 भा०द०वि० एवं 8/10 पोक्सो एक्ट अंकित किया है। इस मामले में लातेहार थाना के द्वारा अविलंब कार्रवाई करते हुए कांड के आरोपी रोहन उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस छापामारी में पुलिस अवर निरीक्षक गौरव कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक देवानंद कुमार, सहायक अवर निरीक्षक धर्मेंद्रनाथ राय शामिल थे।

## टीएमएफटी योजना का महा घोटाला करने वाले अभियंताओं को मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया जायें: रवि डे



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा डीएमएफटी योजना का करोड़ों रुपये डकार ने वाले लातेहार कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार तथा कनीय अभियंता मनीष कुमार ने जिस प्रकार से महा घोटाला का अंजाम दिया है उससे हर कोई हस्प्रभ है। महा घोटाले के मास्टरमाइंड इन दोनों अभियंताओं का अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर पूरे पलामू प्रमंडल में चर्चाओं का बाजार गर्म है। श्री डे कड़े शब्दों में कहा कि लातेहार उपायुक्त डीएमएफटी से कार्य हुए सभी योजनाओं को तत्काल जांच कराते हुए दोनों अभियंताओं के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करवाने का काम करें तथा गिरफ्तार कर जेल भेजवाने का कार्य किया जाये। श्री डे ने भी लातेहार उपायुक्त को कहा कि अगर ऐसा भ्रष्ट अधिकारी को अगस्त माह में जेल नहीं भेजा जाता है, तो सितंबर माह के अंदर जन आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी। श्री डे ने यह भी कहा कि इस मामले को लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराया जायेगा और भ्रष्ट लोगों पर कड़ी कार्रवाई करायी जायेगी और ऐसे लोगों से जनता को राहत मिलेगी।

## बैठक कर 11 लोगों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड मुख्याल स्थित पंचायत भवन में रविवार को कृषि जलछजन विभाग के द्वारा मुखिया के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। विभग के ओर से आये हुए अनिता साहू, दीपक कुमार, प्रेम कुमार ने जछाजन के 11 सदस्यी समिति का चयन मुखिया बीरेंद्र महली, उप मुखिया रवि प्रजापति, उतका ग्राम प्रधान पंचम उरांव, वार्ड सदस्य राजू महली के उपस्थित में अध्यक्ष तिल्ला उरांव, सचिव रामप्रसाद पाल, सदस्य ओम सोनी, सुजाता देवी, पुतुल देवी, कुलदीप साहू, शुसील उरांव, मदन उरांव सहित 11 लोगों को लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। मौके पर जितबहान महतो, सुजीत साहू, मुन्ना राम, राजू प्रजापति, परमेश्वर भगत, संदीप राम, बिपिन उरांव, नाजरुल खान, सुसीला उरांव, दीप सीखा उरांव, शिला उरांव, धर्मबीर उरांव, ब्रजेश राम, राजेश राम, रमेश साहू, रमेश राम, राणा संग्राम यादव, सागर सोनी सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### देश में महंगाई चरम सीमा पर, गांव-गांव में जाकर बतायेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

# मोदी सरकार को आनेवाले दिनों में जनता सबक सिखायेगी: मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** रविवार को मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एक दिवसीय कार्यक्रम में लोहरदगा पहुंचे। जहां मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र की एनडीए सरकार ने देश मे महंगाई में बेतहाशा वृद्धि हुई है। खाने पीने की वस्तुओं में टैक्स लगाकर गरीब असहाय लोगो को परेशान कर रही है। हमारे पार्टी के कार्यकताओं ने गांव गांव बाजार हाट जाकर लोगो को पर्चा बांट कर कांग्रेस नीत यूपीए सरकार में वस्तुओ की कीमत और एनडीए सरकार में वस्तुओं की कीमतों में तुलनात्मक रूप से बतायेंगे। जब 2014 से पहले यूपीए सरकार थी तब देश मे इतनी महंगाई नहीं थी। खाने पीने के वस्तुओं पर कोई टैक्स नही लगाया गया था। वही जब से एनडीए सरकार आयी है देश में तब से महंगाई चरम सीमा पर है। हर वस्तु की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आने वाले दिनों में देश की जनता इस सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी और देश में फिर से कांग्रेस नीत यूपीए सरकार आयेगी।



### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में कार्यकारी जिला अध्यक्ष सूखैर भगत, विधायक प्रतिनिधि, निशीथ जायसवाल, संतोष महतो, सामूल अंसारी, रविंद्र सिंह खेरवार, मनोज जायसवाल,दीपक जायसवाल, हाजी सिकंदर अंसारी, विशाल डुंगडुंग, नसीम अंसारी, प्रकाश लोहरा, जयवन्त कुजूर, जतरु उरांव, सेख सादिक, मीर रिजवान, राजेश लाल, पंकज जायसवाल,असलम अंसारी, जमील अंसारी,किसा साहू,शुशील उरांव, सोमनाथ उरांव, सहजादी खातुन, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### बरवाडीह व्यावसायिक समिति के अध्यक्ष बने पंकज गुप्ता

## 294 में 165 मत प्राप्त किये, 80 मतों से हासिल की जीत

रवि कुमार गुप्ता

**बरवाडीह।** बरवाडीह व्यवसायिक समिति के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम और तिथि के तहत रविवार को नयी कमिटी का पूर्णगठन किया गया। जहां अध्यक्ष पद के लिये चार व्यवसायियों ने अपनी दावेदारी पेश की। जिसमें एक उम्मीदवार विवेक कुमार सिंह ने नाम वापस ले लिया। वही पहले वर्ष के कार्यकाल के अध्यक्ष विनोद प्रसाद, वर्तमान अध्यक्ष डॉ.भूपेंद्र सिंह एवं पूर्व उप प्रमुख पंकज गुप्ता ने अपनी दावेदारी पेश की। जिसमें प्रथम वोट व्यवसायी दीपलेश सिंह उर्फ सोनू सिंह ने दिया। सामुदायिक भवन में बनाये गये मतदान केंद्र में सभी दुकानदारों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर अपने-अपने मतों का बारी-बारी से प्रयोग किया। मतदान के बाद पीठासीन पदाधिकारियों और प्रत्याशियों की उपस्थिति में मतपेटी को खोल कर मतों की गणना की गई। जिसमें पंकज गुप्ता को 165 मत मिलें, उन्होंने 80 मतों से एकतरफा जीत हासिल की। वहीं डॉ.भूपेंद्र सिंह 85 मत लाकर दूसरे स्थान पर रहें, और विनोद प्रसाद को 37 मत प्राप्त हुये। सामुदायिक भवन में बनाये गये। मतदान केंद्र में सुबह 8 बजे से मतदान के लिये व्यवसायियों की भीड़ लगी हुई थी। सभी अपने मत का प्रयोग करने के लिये कतार में लगे हुए थे। जहां चुनाव जीतने के बाद पंकज गुप्ता ने पंचमुखी शिव मंदिर में पहुंच आशीर्वाद लिया। उसके बाद पूरे बाजार का भ्रमण कर दुकानदारों का आभार प्रकट किया। वहीं कई जगहों पर उनका स्वागत दुकानदारों ने फूलमाला पहनाकर किया। पंकज गुप्ता ने बाजार भ्रमण के दौरान सभी वरिष्ट व्यवसायियों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया और दुकानदारों के हित में काम करने का संकल्प लिया। श्री गुप्ता ने कहा कि सभी दुकानदार हमारे लिए एक समान है। हम व्यवसायियों के हर सुख-दुख में शामिल रहने की कोशिश करेंगे। दुकानदारों की समस्या का समाधान करने के लिये वह हर समय उनके साथ खड़े है। जल्द व्यावसायिओं के साथ बैठक कर कमिटी का विस्तार किया जायेगा।

### नवनियुक्त अध्यक्ष ने जीत के बाद पूरे बाजार का भ्रमण कर दुकानदारों का जताया आभार



### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

इधर पीठासीन पदाधिकारियों में रवि गुप्ता, मीडिया प्रभारी दीपक राज, प्रमोद ठाकुर, सिराज अहमद, संजय यादव, दीपक बादशाह, कंहाई प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, गुलाम असगर, गौतम पांडेय, इंतियाज अहमद, अनिल प्रसाद एवं महेंद्र प्रसाद समेत काफी संख्या में व्यवसायी मौजूद रहे।

## हाथियों ने दो घरों को किया ध्वस्त



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत जाला ग्राम के हड़ही जाला टोला में जंगली हाथी ने दो ग्रामीणों के घर को ध्वस्त कर दिया है और घर में रखे अनाज चट कर दिया। जंगली हाथी द्वारा टोला निवासी बालेश्वर उरांव एवं जयराम उरांव के घर को ध्वस्त किया गया है। इसमें उन्हें हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। इस बरसात के मौसम में जंगली हाथी द्वारा घर को क्षतिग्रस्त कर दिये जाने से उन्हें रहने और मवेशियों को रखने में काफी कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों का मानना है कि समय रहते ग्रामीण अगर रात में नहीं जगते तो जान माल की क्षति के साथ-साथ और घरों को नुकसान हो सकता था। हालांकि ग्रामीण एकजुट होकर जंगली हाथी को अपने क्षेत्र से दूसरी ओर भगाने में सफल रहे। जंगली हाथी द्वारा लगातार बालूमाथ थाना क्षेत्र के कई ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पात मचाया जाने के कारण लोगों में दहशत और भय का माहौल देखा जा रहा है तथा तत्काल मुआवजे की मांग की है।

## अवैध कोयला लदे एक ट्रक के साथ दो गिरफ्तार

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुइया ग्राम के पास खड़ी एक 14 चक्का में अवैध लगा कोयला धारा ट्रक चंदवा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा सूचना पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली थी उसके बाद थाना प्रभारी मदन शर्मा की टीम ने कोयला भरा 14 चक्का ट्रक को धर दबोचा उसके साथ चालक और उप चालक की भी गिरफ्तारी हुई गिरफ्तार होने के पूर्व पुलिस की टीम ने ट्रक की पूरी तलाशी ली जिसमें सही दिशा और कागजात नहीं मिलने के कारण दोनों चालक और उप चालक को गिरफ्तार कर लिया। ट्रक संख्या जेएच 02 ए-8399 है थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा ने बताया कि जिला में अवैध कोयला का धंधा पूरी तरह बंद है। उसके बावजूद भी इन लोगों के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। जिसको सूचना मिलने पर चंदवा पुलिस ने यह कार्रवाई किया गिरफ्तार युवक सुरेंद्र कुमार पिता रामप्रवेश यादव उम्र 28 वर्ष औरंगाबाद उप चालक छोटू यादव पिता महेंद्र यादव पकहा औरंगाबाद का रहने वाला है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना के समीप रामनगर में एनएच 143 ए पथ पर आल्टो कार जेएच 01 एए 4699 तथा बाइक जेएच 08 एफ 1907 में आमने सामने टक्कर हो गया। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीण एवं सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच त्वरित कारवाई करते हुए घायल युवक को इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा। क्षतिग्रस्त दोनो गाड़ी को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई में पुलिस जुट गई। बताया जाता है कि आल्टो कार गुमला की ओर से लोहरदगा जा रहा था वहीं विपरीत दिशा से बाइक आ रहा था कि ओभर टेक करने में आल्टो कार बाइक को टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार पाखन टोली निवासी स्वर्गीय जीवन उरांव के 22 वर्षीय पुत्र कृष्णा उरांव के रूप में किया गया। जबकि आल्टो कार चालक सह मालिक किसको थाना क्षेत्र के नारी नवाड़ी निवासी स्वर्गीय मकबूल अंसारी के 57 वर्षीय पुत्र नेसार अहमद जो स्वंय गाड़ी चला रहा था। जिसे भी कार के शीश टूटने से सर में चोटें आयी है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना कार चालक की लापरवाही से हुआ है। जबकि थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि कार तेज गति से लोहरदगा की ओर जा रहा था। वहीं लोहरदगा की ओर से बाइक सवार अपना घर जा रहा था कि कार ने ओभर टेक करने में बाइक को धक्का मार दिया। फिलहाल गाड़ी को जब्त करते हुए कार चालक को इलाज के लिये भेजा जा रहा है।

## सेवा भारती के निशुल्क जांच शिविर में मरीजों ने करायी जांच



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में लगातार ग्यारहवे सप्ताह रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। वर्षा के कारण शिविर में मात्र 13 मरीजों ही उपस्थित होकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर लाभान्वित हुए। सेवा भारती लोहरदगा के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि लगातार 82 दिनों से चल रहे योगाभ्यास के उपरांत प्रत्येक रविवार को सुबह 7:00 से 8:00 तक 1 घंटे के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाई जाती है। जिसमें की शुगर, बीपी, हार्टबीट, ऑक्सीजन लेबल, वजन आदि के जांच के अलावा कई अन्य बीमारियों के डॉक्टर से चेकअप भी की जाती है। शिविर में अध्यक्ष दीपक सर्राफ,सचिव जय प्रकाश शर्मा,विकास कास्यकार,अजय प्रसाद, अनिल कांस्यकार,देवानंद महतो,आनंद गुप्ता,अतुल सर्राफ,अशोक गुप्ता, मीणा देवी, अंजलि सर्राफ आदि थे।

## बालूमाथ कृषि विज्ञान केंद्र में राष्ट्रीय गाजरघास जागरूकता सप्ताह आयोजित



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ मे राष्ट्रीय गाजरघास जागरूकता सप्ताह के कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ द्वारा 17 वां राष्ट्रीय गाजरघास जागरूकता सप्ताह का आयोजन 16 से 22 अगस्त तक किया जा रहा है। इस अवसर के लिए विशेष रूप से तैयार पोस्टर और प्रसार सामग्री पूरे बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हितधारकों को वितरित की गयी है। कृषि विज्ञान केन्द्र बालूमाथ के वरिय वैज्ञानिक डां सुनिता कंडयांग, महेश जेराइ, डा. सुनिता कुमारी कमल ने कहा कि गाजरघास से मनुष्यों में कई बीमारियां आंखों/त्वचा की एलर्जी, बुखार और श्वास संबंधी संबंधी समस्याएं पैदा होती है। गाजरघास, कृषि उत्पादकता को भी कम कर देती है। इस समस्या का समाधान जागरूकता और प्रशिक्षणों के माध्यम से ही किया जा सकता है। वरिय वैज्ञानिक डां सुनिता कंडयांग ने दैनिक *आजाद सिपाही* को बताया कि गाजर घास, गाजर जैसा दिखने वाला खरपतवार है, जिसका वैज्ञानिक नाम पार्थेनियम हिस्टोफोरस है। इसे कांग्रेस घास,सफेद टोपी,छंतक चांदनी/चटक चांदनी ,गंधी बूटी आदि नामों से भी जाना जाता है। यूं तो कई खरपतवार किसानों और फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, लेकिन गाजरघास फसलों के साथ ही मनुष्यों और जानवरों को भी नुकसान पहुंचाता है। इसकी मौजूदगी के कारण स्थानीय वनस्पति नहीं उग पाती है। जिससे जैव विविधता पर प्रभाव पड़ता है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। गाजरघास से ग्रसित जगहों में रहने वाले लोगों में त्वचा और श्वास संबंधी रोगों में अधिक वृद्धि देखी गई है। यह जानवरों में भी कई रोग फैला देता है। आपने प्रगतिशील बालू माथ के किसानों और आमजनों से जन भागीदारी द्वारा गाजरघास मुक्त करने का आह्वान किया। मौके पर बालूमाथ कृषि विज्ञान केन्द्र के मुनी सिंह, संजय राम, बाबुलाल, ऐतवरिया देवी (लक्ष्मी) सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एमएस जेड मोटर पार्टस दुकान का हुआ शुभारंभ



**बारियातु (आजाद सिपाही)।** बालुमाथ थाना अंतर्गत सीसीएल क्षेत्र चमातु स्थित 17 नम्बर कांटा के समीप रविवार को राष्ट्रीय जनता दल के लोकप्रिय नेता सह समाज सेवी सुरेश राम, टोंटी पंचायत समिति सदस्य मो होजैफा, समाज सेवी मो सालिम,पंकज सिन्हा, अजित कुमार व जेड मोटर्स दुकान के संचालक मो अजहर ने एम एस जेड मोटर पाटर्स दुकान का शुभारंभ बारी बारी से नारयल फोड़ व संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। शुभारंभ के पश्चात उपस्थित वाहन मालिक, चालक व ग्रामीणों को आरजेडी नेता राम ने कहा कि चमातु कोल क्षेत्र में काफी वाहनों का परिचालन होता है वाहन खराब हो जाने पर पार्टस के लिए लोगों को बाहर जाना पड़ता था जिससे वाहन मालिकों का समय के साथ साथ छोटी मोटी पार्टस के लिए भी खर्च अधिक होता था। इन सभी को सुविधा देने के उपदेश से एम एस मोटर पार्टस दुकान का शुभारंभ किया गया है। वहीं संचालक अजहर को कहा कि वास्तविक मुल्क पर व सही पार्टस का बिक्री करें। संचालक अजहर ने बताया कि मेरे दुकान में टाटा, महिन्द्रा, लिलन सहित सभी कम्पनीयों के वाहन का सभी तरह का पार्टस उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर मो शाकिर, मो आलम,मो सजाद,समिर उरांव दिलेश्वर साव, मदन मिस्त्री, रोहन मिस्त्री, मुनेश्वर मिस्त्री सहित कई लोग मौजूद थे।

### गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में 21 ब्रह्मचारियों को उपनयन एवं वेदारंभ संस्कार संपन्न

# वैदिक संस्कार ही मानव जीवन को महान बना सकता है: आचार्य शरदचंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में 21 ब्रह्मचारियों को वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन के उपरांत उपनयन संस्कार एवं वेदारंभ संस्कार किया गया। आचार्य गणेश शास्त्री की अगुवाई में पांच हवन कुण्ड के साथ सामूहिक रूप से हवन संपन्न हुआ। सहयोगी की भूमिका में आचार्य राकेश आर्य ने की। जीवन के 16 संस्कारों में महत्वपूर्ण उपनयन संस्कार बताया गया। ब्रम्हचर्य का पालन, 48 वर्ष तक वेद का पाठ, आचार्य के संसर्ग में रह कर, नृत्य, गंध, अंजन, अति भोजन, निंदा, मोह, शोक, का ग्रहण नहीं करना। रात्रि के चौथे प्रहर में जागना, योग करना, मांस मद्य का सेवन पालन निषिद्ध बताया गया। इसके उपरांत वेदारंभ संस्कार वाले ब्रम्हचारियों को गायत्री मंत्र का पाठ कराकर उसके भाव को बताया गया। उन्हें गुरु और शिष्य के संबध, व्रत, मेखला के उपयोग, कटिबद्ध होकर हर कार्य, शिखा की व्याख्या भी की गई। गुरुजनों द्वारा ब्रम्हचर्य, निरंतर 48 वर्ष तक वेद का पाठ, आचार्य के संसर्ग में रहने को बताया गया। नृत्य, गंध, अंजन, अति भोजन, निंदा, मोह, शोक का ग्रहण नहीं करना की भी बातें बताई गई। रात्रि के चौथे प्रहर में जागना, योग करना, मांस, मद्य का सेवन निषिद्ध आदि की व्याख्या की गई। आदर्श व्यक्तित्व के लिए सभा में बैठने योग्य ज्ञान अर्जित करने, कम बोलना आदि भी बतायी गई। आचार्य शरचचंद्र आर्य ने कहा कि वैदिक संस्कार ही मानव जीवन को महान बना सकता है।



### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिव शंकर सिंह, पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण भारती, प्रमोद साहू, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, नीतीश सिंह, बाल किशोर शाहदेव, बंशी साहू, बबन प्रसाद, नरेश साहू, भूषण प्रसाद, अभय भारती, विजय साहू, कुंती साहू, आर्य बालवाड़ी केंद्र के संचालिकाओं में काजल कुमार राय, मंजू कुमारी, खुशी भारती, नमिता कुमारी, निशा कुमारी,सरस्वती कुमारी, सृष्टि कुमारी, संजय चंद्र यादव, राकेश कुमार, पूनम कुमारी, रीना कुमारी, किरण कुमारी, अनिता भगत व सूरज उरांव आदि उपस्थित रहे।

# नागफेणी नदी के निचले पुल पर जान खतरे में डालकर सेल्फी ले रहे हैं युवा

**प्रशासन की ओर से अभी तक नहीं उठाया गया है एहतियाती कदम**



आफताब अंजुम

**गुमला।** सेल्फी की सनक लोगों के जीवन से लगातार खिलवाड़ कर रही है। लेकीन सेल्फी का भूत युवाओं के सर पर ऐसे सवार है कि अंजाम देखने के बाद भी उतरने का नाम नहीं लेता। अब गुमला के नागफेनी का ताजा मामला देख लीजिए। जिले में पिछले दो दिनों से हुए लगातार बारिश हो रही थी। जिसके कारण कई नदियां उफान पर है।

रविवार को बारिश बंद हुई तो कुछ युवा पहुंच गए अपनी बहादुरी का प्रदर्शन करने नागफेनी के तट पर। नागफेनी कोयल नदी पर दो पुल हैं। एक बहुत पुराना पुल हैं, जो नए पुल से काफी नीचा है। अब जाहिर सी बात है कि नदियां उफान पर रहेंगी तो नीचे वाला पुल के उपर से पानी बहेगा। नीचे वाले पुल के लेबल में पानी बह रहा था। इतने में जान जोखिम में डालकर कुछ युवा नीचे वाले पुल पर नदी के बीचों बीच पहुंच गए। और सेल्फी लेने लगे।

युवाओं को सेल्फी लेते देख आसपास के ग्रामीण शोर मचाने लगे। पुल से पानी सटकर गुजर रहा है और पानी की धार भी काफी तेज है ऐसे में एक छोटी सी लापरवाही बड़े खतरे का कारण बन सकती है। लेकिन लापरवाह युवा लगातार डेंजर जोन में पहुंचकर सेल्फी लेते नजर आए। वही बाइक से युवाओं को स्टंट करते हुए भी देखा गया। मौके पर पहुंचे कुछ प्रबुद्धजनों ने युवाओं को पुलिया के ऊपर जाने से मना किया इस पर युवाओं ने प्रभु जनों की एक नही सुनी। दूसरी ओर नागफनी के घाघ के समीप भी कई युवाओं को तेज बहाव के समीप जाकर सेल्फी लेते हुए देखा गया। काफी संख्या में पुलिया के ऊपर युवा पहुंचकर सेल्फी लेते नजर आए।

जाहिर है ऐसे उदंड युवाओं से ग्रामीण नाराज होंगे ही। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से ऐसी खतरनाक जगह पर जाने से रोक लगाने की अपील की है। साथ ही कहा है कि पुलिया के दोनों ओर डेंजर जोन का साइन बोर्ड लगा कर लोगों को जाने से मना करना चाहिए साथ ही ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जानी चाहिए।

मगर भैया प्रशासन तो प्रशासन है। जब तक कोई बड़ी घटना हो नहीं जाती, कोई भी कारवाई कैसे होगी। न डेंजर जोन का बोर्ड लगेगा न ही लोगों को ऐसे स्थानों पर आने जाने से रोकने की कोशिश की जायेगी। लेकिन दुसरी तरफ ये भी है कि कोई खुद ही जान देने पे तुला है तो प्रशासन हो या कोई और, कर भी क्या सकता है। फिर भी प्रशासन को एहतियाती कदम तो जरूर उठाना चाहिए।

## मिशन बदलाव ने गिरे विशालकाय पेड़ को हटवा कर दिया मानवता का परिचय



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के महादेव उरांव व उनके कई साथियों ने रास्ते में गिरे विशाल काय पेड़ को काट कर हटा दिया। महादेव के नेतृत्व में कोटाम रोड में गिरे पेड़ को काट कर हटवा कर एक मिसाल कायम की।

मिशन बदलाव सदस्य महादेव उरांव ने बताया कि सदस्यों के द्वारा लगातार बारिश के वजह से कोटाम के मुख्य पथ में विशालकाय पेड़ गिरा हुआ था।ग्रमीणों एवं आमजनों को आवागमन में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।महादेव उरांव एवं सभी सदस्यों ने समस्या को देखते हुए त्वरित कदम उठाते हुए पेड़ को काटकर किनारे हटाया गया। मिशन बदलाव सदस्य महादेव उरांव ने बताया कि अभी मौसम बहुत खराब है एवं कभी भी पेड़ एवं किन्ही का घर गिर सकता है। इसलिये कभी भी कुछ भी घटना हो तो सूचना साझा करें जिससे तुरंत लोंगों के लिए मदद किया जा सके एवं मानवता को ध्यान देते हुए सभी आमलोगों को मदद करने के आगे आने का अपील भी की।

## मोटर साइकिल पर गिरा पेड़, मूसलाधार बारिश से जिले में हुआ काफी नुकसान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लगातर हो रही बारिश के कारण जिले में सैकड़ों पेड़ गिर गए। शनिवार की रात पालकोट रोड में डूमरडीह के समीप पेड़ गिरने की सूचना मिली। जिससे आवागमन कई घंटों तक अवरुद्ध रहा। वहीं सिसई रोड में भी कई स्थानों पर पेड़ गिरे जिसे ग्रामीणों ने झटपट काटकर रास्ते को सुचारू कर दिया। गुमला से छत्तीसगढ़ जाने वाले मार्ग में सीलम गांव के स्कूल के समीप एक गुलमोहर का पेड़ गिर गया। जिसकी चपेट में वहां पर खड़ी एक मोटरसाइकिल आ गई। जिससे उसे काफी नुकसान हुआ। बताया जाता है कि वह मोटरसाइकिल तिर्रा डुमरटोली की वार्ड पार्षद चंद्रमणि देवी के पति इंद्रदेव भगत का है। शनिवार की शाम इंद्रदेव ने उस गुलमोहर के पेड़ के समीप अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की थी। बारिश के कारण जमीन काफी ढीली हो गई थी। और पेड़ पुराना होने की वजह से उसकी जड़ की पकड़ मिट्टी पर कमजोर पड़ गई थी जिसके कारण वह पेड़ जड़ सहित जमीन पर गिर गया। और मोटरसाइकिल उसकी चपेट में आ गई। वहीं इस पेड़ की चपेट में आकर जितनी देवी नामक एक महिला के मकान के क्षतिग्रस्त हो जाने जाने की भी सुचना है।

## पिता ने लापता पुत्र को सकुशल बरामद करने की थाना में लगायी गुहार



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी राजमोहन यादव ने अपने 14 वर्षीय पुत्र कैलाश यादव की गुमशुदगी का घाघरा थाना में रविवार को लिखित आवेदन देते हुए सकुशल बरामद करने की गुहार लगायी। इस बाबत राजमोहन यादव ने बताया कि बिगत 18 अगस्त को प्रातः 4 बजे उसका पुत्र कैलाश यादव घर से शौच करने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद वह नहीं लौटा। तीन दिनों तक सारे सगे संबंधियों के पास भी खोजबीन की फिर भी उसका पता नहीं चल सका। अंततः रविवार को घाघरा थाना पहुंच लिखित आवेदन और पुत्र का फोटो दिया ताकि उसकी खोजबीन हो सके। घाघरा थाना के प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। बच्चे की खोजबीन के लिए पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

## सांप के डंसने पर अस्पताल इलाज के लिए आयें, झाड़-फूंक न करायें : डॉ. राहुल देव

**सर्पदंश से सात वर्षीय बच्ची गंभीर, सदर अस्पताल में भर्ती, स्थिति खतरे से बाहर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** विशुनपुर थाना क्षेत्र के वनालात गांव निवासी हाकिम खेरवार की सात वर्षीय पुत्री अलका कुमारी को सांप ने काट लिया। घटना रविवार की है। सर्पदंश से वह जख्मी हो गई। जिसे तत्काल परिजनों के द्वारा इलाज के लिए विशुनपुर स्वास्थ्स केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार अलका कुमारी घर के सामने गिरे एक ईमली पेड़ के पास अपनी सहेलियों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान एक सांप ने उसे काट लिया। जिसे अलका की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। साथ खेल रही सहेलियों ने घटना की जानकारी अलका के परिजनों को दी। परिजन तत्काल अलका को उठाकर इलाज के लिए अस्पताल लायें। इलाज के बाद अलका की स्थिति में सुधार है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर राहुल देव ने कहा कि बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटना में वृद्धि हो जाती है। जिसे कुछ लोगों की मौत भी हो जाती है।

उन्होंने कहा कि बरसात में लोग घरों पर जमीन पर न सोये। साथ ही जब भी घर से बाहर निकलतें हैं तो हाथ में टार्च या अन्य किसी प्रकार के रोशनी लेकर निकले। सांप के काटने पर मरीज को लेकर अस्पताल जाएं। उन्होने कहा कि सर्प दंश का झाड़ फूंक न करायें। फाड फूंक से स्थिति मरीज की खराब हो जाती है। अस्पताल में दवा उपलब्ध है। इलाज से मरीज ठीक हो जाएंगे।

## पोकटा नदी पुल में दरार आने से कई पंचायतों का मुख्यालय से संपर्क टूटा

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के नारेकेला जंगल के पास स्थित सिसई बसिया मुख्य मार्ग में स्थित पोकटा नदी पुल में दरार आ गयी। जिससे ममरला, नारेकेला, ओकबा पंचायत के ग्रामीणों का बसिया अनुमंडल मुख्यालय से संपर्क मार्ग टूट गया है। हजारों लोगों को अपने कार्यों के लिए अनुमंडल सह प्रखंड मुख्यालय बसिया आने के लिए नवाडीह होकर लंबी दूरी तय कर आना पड़ रहा है। हालांकि कुछ ग्रामीण जान जोखिम में डालकर उसी पुल से आना-जाना कर रहे हैं।

## गुड सेफ्रड कान्वेंट चैनपुर ने धूमधाम से मनाया गया आदिवासी दिवस

**हर प्रकार की कुरीतियों को दूर कर आदिवासियों को आगे बढ़ने की जरूरत है : मेरी लकड़ा**





**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** बारवे हाई स्कूल परिसर चैनपुर में गुड सेफ्रड कोन्वेंट चैनपुर द्वारा रविवार को आदिवासी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। मौके पर कई तरह के आदिवासी सांस्कृतिक नाच गान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से नाच गान प्रस्तुत कर एवं फूलमाला पहनाकर किया गया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव एवं जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने कहा कि आज आदिवासीयों की पहचान उनकी संस्कृति एवं पारंपरिक वेशभूषा से ही होती है। आज देश एवं विदेशों में भी आदिवासी अपनी सभ्यता एवं संस्कृति के माध्यम से अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए हैं। वहीं जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि जो आदि काल से यहां निवास कर रहें हैं यानी यहां के मूलवासी हैं वही आदिवासी कहलाते हैं। उन्होंने आदिवासियों को अपने हक व अधिकार के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के रास्ते में आने वाले हर प्रकार की कुरीतियों को दूर कर हम आदिवासियों को आगे बढ़ने की जरूरत है। वहीं मंच का संचालन ज्योति किरण एक्का ने किया। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर प्रमुख ओलिभा कान्ता कुजूर, थाना प्रभारी प्रियंका, चैनपुर डीन फादर रजत एक्का, कोर्डिनेटर हैरीवोर्ड लकड़ा, संगठन सहयोगी डिफॉल्ट तिर्की, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सिस्टर नीत्या, बारवे हाई स्कूल प्राचार्य फादर राजेंद्र तिर्की, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, रामपुर मुखिया दीपक खलखो सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आरोप : जेएनडी ने राज्य सरकार पर लगाया भेदभाव करने का आरोप, शंकर उरांव ने कहा

# राज्य सरकार आंदोलन से जुड़े केस वापसी में कर रही है भेदभाव

**झारखंडी जनता के हित के लिए किये गये आंदोलन से जुड़े मुकदमों की वापसी में भेदभाव किए जाने की स्थिति में झानद आंदोलन को बाध्य होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) ने हेमंत सरकार पर केस वापसी के एक मामले में भेदभाव करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने कहा कि वर्ष 2016 में रघुवर सरकार द्वारा सीएनटी व एसपीटी एक्ट में संशोधन किया गया था। किसके विरोध के लिए हजारों प्रदर्शन कारी सड़को पर उतर कर आन्दोलन किया था। संशोधन बिल की वापसी को लेकर झारखंड बंद को सफल बनाने के लिए सड़क पर उतरे बंद समर्थकों पर दर्ज मुकदमें की वापसी को लेकर अब हेमंत सरकार भेदभाव कर रही है। विदित हो कि रघुवर सरकार के शासन काल के वक्त 2016 में सीएनटी एक्ट संशोधन बिल लाई गई थी, जिसके विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा व आदिवासी संगठनों ने झारखंड बंद बुलाया था जिसका समर्थन झारखंड के वामपंथी पार्टियों ने भी किया था जिसके तहत गुमला में माले नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के नेतृत्व में जिला मुख्यालय गुमला स्थित पालकोट रोड में शांतिपूर्ण तरीके से झारखंड बंद के समर्थन में जनता से अपील करने के लिए सैकड़ों बंद समर्थक के साथ सड़क पर उतरे थे। ज्ञात हो कि झारखंड बंद को विफल करने के लिए रघुवर सरकार द्वारा राज्य में धारा 144 लागू कर दी गई थी



जब सैकड़ों बंद समर्थकों को लेकर बंद के लिए विजय सिंह गुमला के पालकोट रोड में जुलूस की शक्ल में सड़क पर आगे बढ़ रहे थे उसी वक्त गुमला के तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी व पुलिसकर्मियों से बंद समर्थकों का झड़प भी हुई थी बाद में भारी पुलिस बल ने बंद समर्थकों को गिरफ्तार कर गुमला थाना ले गई थी जहां शाम में सभी बंद समर्थकों को रिहा कर दिया गया था। बाद में पता चला कि ज्यादातर बंद समर्थकों पर मुकदमा कर दिया गया है। जिसमें गुमला के विधायक भूषण तिर्की के साथ करीब 6 लोगों पर मुकदमा हुए। वहीं कामरेड विजय सिंह के साथ 39 लोग अभियुक्त बनाए गए। हालांकि बाद में निवर्तमान राज्यपाल द्रोपदी मुर्मू द्वारा सीएनटी एक्ट में संशोधन बिल को पुनः सरकार को ही वापस कर दी गई थी। विधायक भूषण तिर्की सहित जेएमएम के कार्यकताओं ने बेल ले लिया लेकिन माले नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने यह कहते हुए दर्ज की गई मुकदमे पर बेल नहीं लिया कि जब सीएनटी एक्ट संशोधन बिल ही वापस हो गई है तो केस को भी सरकार को वापस करना चाहिए । यह कह कर दर्जनों बंद समर्थकों ने भी अब तक बेल नहीं लिया है । रघुवर सरकार तो केस की लेकिन हेमंत सरकार ने भी अपने शासन के 2 साल बाद भी केस वापसी में भेदभाव कर रही है जबकि फिलहाल पत्थलगड़ी सहित कई केस वापस लिए गए हैं , लेकिन गुमला थाना में दर्ज जीआर नंबर 482/2016 जो सीजीएम कोर्ट में केस चल रहा था अब एमपी एमएलए कोर्ट रांची केस को ट्रांसफर कर दिया गया है मुकदमे में फंसे अधिकतर गरीब किसान है लेकिन हेमंत सरकार अब तक इस केस के बारे में विचार तक नहीं कर रही है हेमंत सरकार का यह कदम भेदभाव पूर्णरवैया को दशार्ता है । सबसे मजे की बात यह है कि इस मामले में गुमला जिला के गुमला , बिशुनपुर व सिसई में जेएमएम पार्टी के विधायक होने के बावजूद चुप्पी साधे बैठे हुए हैं । झारखंड नवनिर्माण दल ने मांग की है कि सीएनटी एक्ट में संशोधन के विरुद्ध झारखंड बंद में उतरे झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह व विधायक भूषण तिर्की सहित दर्जनों बंद समर्थकों पर लादे गए गुमला सीजीएम कोर्ट में केस दर्ज जिसका जीआर नंबर 482/2016 में दर्ज मुकदमा को अविलंब बगैर भेदभाव के वापस लेने की मांग की गई है ।

झारखंड नवनिर्माण दल ने यह भी कहा है कि झारखंडी जनता के हित के लिए की गई आंदोलन से जुड़े मुकदमों की वापसी में भेदभाव किए जाने की स्थिति में झारखंड नवनिर्माण दल आंदोलन की भी रणनीति बनाने के लिए बाध्य होगी और हेमंत सरकार से जवाब तलब किया जाएगा ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सिसई में कच्चा मकान धंसने से चार वर्षीय बच्चे की मौत, मां घायल



**सिसई (आजाद सिपाही)।** दो दिनों से हुई भारी बारिश व तेज हवा से छारदा गांव निवासी रामेश्वर उरांव का कच्चा मकान शनिवार को गिर गया। जिसमें दब कर उसके चार वर्षीय पुत्र अंश उरांव की मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी अनिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। अनिता देवी वार्ड संख्या 5 की वार्ड सदस्य हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिता अपने पुत्र अंश के साथ घर के पिछले कमरे में शनिवार दोपहर को सोयी हुई थी। इसी बीच जल जमाव के कारण बगल के घर के मिट्टी की दिवाल टूटकर रामेश्वर के घर की दिवाल से टकरायी, जिससे उसके घर की मिट्टी की दीवाल टूटकर लकड़ी खपड़ा सहित अनिता व अंश के ऊपर गिर गया। आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य कमरे में पहुंचे और मलबा हटाकर अनिता देवी एवं अंश को बाहर निकाला। तब तक अंश की मृत्यु हो चुकी थी। सिसई पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा था, किन्तु परिजनों व ग्रामीणों के आग्रह पर मुखिया पार्वती देवी की उपस्थिति में गांव में ही पंचनामा बनाकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### सिसई में बारिश से बिजली व्यवस्था चरमरायी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई में पिछले दो दिनों हुई मूसलाधार बारिश से विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी है। नगर, ओलमुण्डा, लंरगो और मादा फीडर के कई क्षेत्रों में बिजली तार व पोल गिरने से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के कई इलाकों में दो दिन से लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। वहीं बिजली से संबंधित कार्य ठप हो गया है। रविवार को मौसम ठीक होते ही बिजली कर्मी बिजली ठीक करने में जुटे हुए हैं। बिजली मिस्त्री सफीक अंसारी ने बताया कि बिजली विभाग के द्वारा क्षतिग्रस्त पोल व तारों की मरम्मति युद्ध स्तर पर जारी है। शहरी क्षेत्र में बिजली शाम तक चालू कर दी जाएगी। बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने में मिस्त्री सफीक अंसारी, खुर्शीद अंसारी, अमरजीत महतो, नागेश्वर उरांव, इजराईल अंसारी सहित अन्य कर्मी लगे हुए हैं।

### घाघरा में कच्चा घर गिरने से पिता-पुत्री हुए घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड में लगातार हो रही बारिश के कारण पोढ़ा गांव में रविवार को घर गिरने से पिता और पुत्री दब गये। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा घायल अवस्था में दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया गया। घटना की सूचना मिलने पर रुकी पंचायत के मुखिया भीम उरांव घटनास्थल पहुंचे। घटना के बाबत बताया कि दो दिनों से लगातार तेज हो रही बारिश के कारण पोढ़ा निवासी रोपा उरांव का घर गिरा गया। जहां रोपा और उसकी पुत्री पूजा कुमारी दबकर घायल हो गयी। रोपा और उसकी पुत्री पूजा कुमारी घर में सोये हुए थे कि अचानक घर की दीवाल और ऊपर लगे अस्बेस्टस गिर गया। जिससे दोनों मिट्टी के मलबे में दब गए। इधर परिजनों द्वारा किसी तरह उन्हें निकाला गया। जहां दोनों की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है। मुखिया ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि तेज बारिश के कारण आप लोग अपने सतर्क रहें, ताकि अप्रिय घटना से बचा जा सके। इधर पीड़ित परिवार के लोगों ने अंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

### बिशुनपुर में बारिश से कई घर हुए क्षतिग्रस्त

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में 48 घंटे लगातार हुई मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचायी। दर्जनों की संख्या में पेड़ गिरे व घरों को नुकसान पहुंचा। कई के घर के छत उड़े तो किसी की बाउंड्री टूटी, एक दर्जन बिजली के पोल भी सड़क पर आ गिरे, जिससे बिजली व्यवस्था पूर्णरूपेण ठप हो गयी है। मूसलाधार बारिश के कारण सड़क किनारे लगे विशालकाय लिप्टस, शीशम सहित कई पेड़ गिर गये, जिससे सड़क किनारे लगे बिजली के पोल सहित तार टूट गये।थाना कैंपस में लगे लिप्टस का पेड़ गिरने से बलिराम भगत की बाउंड्री टूट गयी। वहीं चीपरी निवासी कृष्णा लोहरा, रेहे कुबटोली ईश्वर उरांव, चापाटोली बसंत बड़ाईक सहित अन्य लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। पीड़ित लोगों ने मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक को जानकारी देते हुए उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। इधर अंचलाधिकारी धनंजय पाठक ने कहा कि बारिश से प्रखंड क्षेत्र के जिनके घर को आंशिक या पूर्ण क्षति हुई है वे अविलंब घर के फोटो के साथ आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक लेकर अंचल में आवेदन करें ताकि उचित मुआवजा दिया जा सके।

### डुमरी में चला एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी मनीष कुमार के द्वारा नवाडीह चौक डुमरी में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गयी। जांच के दौरान वाहनों की डिक्की एवं कागजात की जांच की गयी। जिनके पास हेलमेट एवं गाड़ी के कागजात नहीं थे उन्हें कड़ी हिदायत देकर छोड़ा गया और दोबारा आगे सभी कागजात लेकर एवं हेलमेंट पहनकर चलने की हिदायत दी गयी। मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार सहित थाना के शस्त्र बल शामिल थे।

### घाघरा में बारिश से कई ग्रामीणों के घर गिरे

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों से लगातार हो रही बारिश में चुंदरी पंचायत अंतर्गत नवाटोली में संतोषी देवी, हापामुनी में करमा उरांव व बासु उरांव का घर गिरा गया। हालांकि इससे किसी को कोई चोटे नहीं आयी, पर घर में रखे सारे महत्वपूर्ण सामान मलबे में तब्दील हो गये। घटना के बाद पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने सभी के घरों का अवलोकन किया और अंचलाधिकारी से मुआवजा की मांग की है। अंचलाधिकारी प्रणव ऋतु राज ने संबंधित पंचायत के कर्मचारी को निर्देश देते हुए कहा है कि गांव में जाकर क्षति का अवलोकन करें और पीड़ित परिवार से आवेदन लेकर मुआवजे के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी करें।

### 24 घंटे बाद भी नदी में बहे युवक का शव नहीं हुआ बरामद

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुदार नदी की तेज धार में में शनिवार को बहे दो सगे भाई चरवा लोहरा एवं मुन्ना लोहरा में से अब तक मुन्ना लोहरा का शव बरामद नहीं हो पाया है। जबकि चरवा लोहरा को ग्रामीणों के द्वारा सुरक्षित बचा लिया गया है। इधर प्रशासन एवं ग्रामीणों के द्वारा रविवार की सुबह से ही मुन्ना लोहरा के शव की खोज बिन की जा रही है। परंतु अब तक कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है। मालूम हो कि बिशुनपुर प्रखंड में पिछले दो दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण प्रखंड की तमाम नदियां उफान पर थीं और खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी। इसी बीच शनिवार को मुदार निवासी मुन्ना लोहरा एवं उसका भाई चरवा लोहरा अपने निजी काम से मंजीरा गांव गए हुए थे। जहां से लौटने के दौरान दोनों भाई मुदार नदी पार करने के दौरान पानी की तेज बहाव में बह गये। जहां नदी के बीच एक चट्टान को पकड़ कर दोनों भाई रुक गए और लोगों से मदद की गुहार लगा रहे थे। इसी बीच ग्रामीणों के द्वारा चरवा लोहरा को रस्सी के सहारे बचा लिया गया, परंतु मुन्ना पानी की धार में बह गया। रविवार की सुबह से ही बिशुनपुर थाना प्रभारी सदानंद सिंह एवं ग्रामीणों के द्वारा मुन्ना के शव की खोजबीन की जा रही है। सीओ धनंजय पाठक ने बताया कि ग्रामीण एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा रविवार की सुबह से ही मुन्ना लोहरा के शव की खोजबीन की जा रही है परंतु अब तक कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है। एनडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई है। एनडीआरएफ के द्वारा मुन्ना के शव की खोज करायी जाएगी।

## विधायक के निर्देश पर इंटक महासचिव बिनु सिंह ने मुरली पहाड़ी का किया निरीक्षण

# मुरली पहाड़ी आस्था से बनी धरोहर है, इसे बर्बाद नहीं होने दिया जायेगा : विधायक

**मुरली पहाड़ी की भूमि को अतिक्रमण से बचाने को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद** ।मुरली पहाड़ी के स्तित्व को बचाने व कीमती लकड़ियों व पत्थर को संवेदक द्वारा बेचे जाने की शिकायत ग्रामीणों ने हुसैनाबाद विधायक को आवेदन देकर की है। उन्होंने लिखा है कि मुरली पहाड़ी व महाकालेश्वर धाम का स्तित्व संकट में है। ग्रामीणों ने जवाहर नवोदय विद्यालय का भवन निर्माण



करा रहे संवेदक पर करोड़ों रुपए के पेड़ व पत्थर काट कर बेचने, महाकालेश्वर धाम का रास्ता अतिक्रमण करने आदि का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड प्रदेश इंटक महासचिव सह एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह को लंगर कोट मुरली पहाड़ी भेज कर पूरे मामले की जांच कर विस्तुस्थिति से अवगत होने का निर्देश दिया। विधायक के निर्देश पर उन्होंने लंगर कोट मुरली पहाड़ी बचाव संघर्ष मोर्चा के सदस्यो के साथ महाकालेश्वर शिव धाम व अन्य मामलों का जायजा लिया। उन्होंने गुफा, पर्यटन स्थल सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण कर, महाकालेश्वर शिव धाम परिसर में संघर्ष समिति के साथ आवश्यक बैठक की। बैठक कि अध्यक्षता लंगर कोट गांव निवासी डॉ रामचंद्र चौधरी ने की। बैठक में इंटक महासचिव सह एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह ने कहा कि मुरली पहाड़ी आस्था से जुड़ी है। गुफा, मन्दिर के रास्ते को बचाना प्राथमिकता है। संवेदक के द्वारा हजारों पेड़ की कटाई और पत्थरों का उत्खन्नन गंभीर मामला है। उन्होंने संवेदक की करतूतों की जानकारी विधायक कमलेश कुमार सिंह को देकर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह करेंगे। ग्रामीणों के आवेदन व विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह की जांच के बाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि रास्ता का अतिक्रमण नहीं होने दिया जायेगा। इस मामले में वह अंचल पदाधिकारी हुसैनाबाद को रास्ता को अतिक्रमण मुक्त करने को बोल चुके हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ काट कर व पत्थरों का उत्खनन कर बेच दिया जाना गंभीर मामला है। वह इस मामले में वन विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों को पत्र लिख कर दोषी संवेदक पर कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। बैठक में संघर्ष मोर्चा सदस्य, महाकालेश्वर शिव धाम परिसर महंत,एनसीपी नेता विनय कुमार पासवान, लवकेश चौधरी अशोक कुमार चौधरी, बब्लू कुमार चौधरी, सोनु कुमार, पटेल विजय कुमार, ठाकुर चंदन कुमार पटेल, मृत्युंजय कुमार सिंह, विगन कुमार सिंह के अलावा मुरली पहाड़ी बचाव संघर्ष मोर्चा समिति सदस्य अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## प्रखर समाजवादी चिंतक मोहन ठाकुर की प्रथम पुण्यतिथि आयोजित

**हुसैनाबाद** । हुसैनाबाद प्रखंड के प्रखर समाजवादी,सामाजिक चिंतक दंगवार निवासी स्वर्गीय मोहन ठाकुर जी का प्रथम पुण्य तिथि मनाई गई ।पुण्य तिथि में शामिल आगुंतकों ने सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाली ।उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा की मोहन ठाकुर प्रखर वक्ता के साथ साथ गरीबों के हक अधिकार के लड़ाई लड़ने वाले व्यक्ति भी थे,इन्ही के प्रेरणा से हमने पहला विधान सभा का चुनाव लडा था और विजयी हुए। ऐसे समाजवादी व्यक्ति का आदमकद प्रतिमा स्थापित होनी चाहिए। जिप सदस्य सदस्य राजू मेहता ने कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है ।मुखिया संघ अध्यक्ष श्रवन राम ने कहा की ऐसे सामाजिक व्यक्ति कभी कभी धरती पर आते हैं शरीर तो मर जाती है पर आत्मा नही,इनकी आत्मा अमर है। पुण्य तिथि में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से दंगवार पंचायत मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, बेल बीघा मुखिया राम लखन यादव, देवरी मुखिया मनोज भारती, पथरा मुखिया नरेश पासवान, बराही मुखिया सुदामा यादव, महुअरी मुखिया पति विमलेश पासवान, बडेपुर मुखिया पति प्रशांत सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, हसन खलीफा, संतोष राम, आजाद अंसारी, मनोज गुप्ता, राजेंद्र पासवान, विजय पासवान मुखिया,अनुज गुप्ता, रामजी ठाकुर के साथ सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एक ही रात चार घरों में लाखों की चोरी

**हैदरनगर(पलामू)** । मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में बीते रात्रि चोरों द्वारा अलग-अलग गांव के 4 घरों में धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। थाना क्षेत्र के डाली गांव में विजय पासवान के घर चोरी की नियत से दीवार फांदकर तीन की संख्या में चोरों ने विरोध करने पर विजय पासवान एवं उनके 12 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी को कुदाल से मारकर चोरों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। माली गांव निवासी सूरज देव राम के घर भी चोरी की घटना हुई है। चोर रात्रि में घर में घुसकर दो बक्सा को उठाकर ले गया और घर के पास ही खेत में फेंक दिया और बक्से में रखे 10000 नगर और 10000 के गहने लेकर फरार हो गए हैं। वही मालीगांव के सत्यदेव शर्मा के घर भी चोर रात्रि में घुसकर घर में रखे दो बक्सा को उठाकर ले गए और घर के पास ही खेत में फेंक दिया और बक्से में रखे 13000 नगर और 3000 के गहने लेकर फरार हो गए। सोनबरसा गांव में अरुण चंद्रवंशी के घर भी बीते रात्रि चोरों ने घुसकर दो बक्सा को उठाकर ले गए और घर के पास खेत में उसे फेंक दिया बक्से में रखे कुछ कपड़े और राशन की सामग्री थी जिसे लेकर चोर भाग गए। हालांकि इस संबंध में अभी तक मोहम्मद गंज थाना में कोई भी प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है घटनास्थल पर एसआई आशीष कुमार को जांच के लिए भेजा गया है लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कृष्ण की कूटनीति कर्मठता जनता के लिए प्रेरणादायक : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिवस पर शहर के 90 साल पुराना व ऐतिहासिक इस मामले में की गांधी एवं मदनमोहन मालवीय द्वारा विष्णु मंदिर का आधारशिला रखी गई थी। जन्माष्टमी के प्रसाद खाने के लिए अविनाश देव को भ्रमण करने का मौका मिला। मन्दिर प्रबंधन समिति सदस्य श्रवण सोनी ने राधेकृष्ण अंकित अंगवस्त्र दे कर मंदिर परिसर में सम्मानित व फूल देकर स्वागत किया। फिर जन्माष्टमी का प्रसाद ग्रहण किए। उपस्थित भक्तगण सुधीश्रोता को संबोधित करते उन्होंने कहा कि रहस्यमयी अवतार का नाम भगवान श्रीकृष्ण है। विषम परिस्थिति चौकस शत्रु मूसलाधार बारिश, घुप अंधेरा कादो भादो में पैदा हुए माधो कालिया नाग ,कंस, पूतना समेत वृन्दावन मथुरा इलाके के शत्रुओं को संहार कर हर नागरिक को मुक्ति दिलाए ,चीरह कर संस्कार का ज्ञान गोपियों को दिए। ज्ञान का गुरूर उद्धव के जरिये तोड़े, राजा



होते कभी राजा नहीं बल्कि सखा कहलाए,घुलनशीलता का ये आलम की चोर भी कहलाना स्वीकार किया । 360 पटरानी रख कर एक ही रात सब घर नजर आए और निर्विवाद बालब्रह्मचारी बने रहे।कौरव कंस कुरुक्षेत्र महाभारत को जीत गीता का उपदेश देकर दुनियाँ को आज भी सोचने पर मजबूर कर दिया। विराट रूप धारण कर हारे मन को हिम्मत देने वाला एक बहेलिया के तीर से मौत को गले लगाए। मोहब्बत में बंधा हुआ विरक्ति हुई तो चल दिए ,पीछे मुड़ कर देखा तक नहीं। कर्म के प्रधानता दिये सब ग्वाल बाल को साथ लेकर चले कोई भेद नहीं किया। आज के तथाकथित बुद्धिजीवियों को कृष्ण के हर रूप से सीखना चाहिए हिंदुस्तान के कोने कोने में भरे पड़े कंसो के सरदार को तड़ित पार कर आधी अबादी के स्वतंत्रता समानता निर्भयता के लिए धर्मयुद्ध लड़ना चाहिए। बेखौफ होकर युवतियां बोलने लगे--चलो सखी तहँ जाएं जहाँ बसत ब्रजराज! गोरस बेचन हरि मिलन एक पंथ दो काज। आज दुश्मन के सामने राफेल भी फेल है। कवि ने लिखा ₹जहाँ काम न चलता था तीर और कमानो से वहां विजयी नटवर की होती थी मुरली की तानों से। विष्णु मंदिर का साढ़े सन्तानबे एकड़ जमीन है, मालवीय जी के बीएचयू से हम लोगों को सीखना चाहिए। बंशी के राग अलापने से कुछ नहीं होगा उस जमीन पर गीता के ज्ञान के लिए शोध संस्थान व कोई साबरमती आश्रम बनना चाहिए जहाँ से आवाम के बुनियादी हक के लिए दांडी मार्च कर सकें। आज के हिदुस्तान का जो ट्रेंड है वह द्वापर के ट्रेंड से ही जीत सकते हैं तभी भारत समृद्ध राष्ट्र के साथ विश्व गुरू बनेगा।

## बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट ने पर्यावरण संरक्षण महाअभियान किया शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट द्वारा बेल्चम्पा स्थित ग्रामीण व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र में शनिवार को पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण महाअभियान की शुरूआत की गयी। महाअभियान के पहले दिन प्रशिक्षिण केंद्र परिसर में 100 फलदार,इमारती व औषिधीय पौधे लागये गये। जबकी कई लाभुकों के बीच चार हजार इमारती व फलदार पौधे वितरित किये गये। पौधारोपण व वितरण मुख्य अतिथि गढ़वा अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह,ग्रासिम इंडस्ट्रीज के मानव संसाधन प्रमुख अजित तिवारी,पावर प्लांट हेड दीपक शर्मा व महाप्रबंधक कर्मचारी संबंध अमित माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से किया। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के मानव संसाधन प्रमुख अजित तिवारी ने बताया कि जन सेवा ट्रस्ट द्वारा पौधारोपण व वितरण महाभियान



की शुरूआत की गयी है। 15 हजार फलदार,इमारती व औषिधीय पौधा वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाने के अलावा आम लोगो को स्वरोजगार प्रदान करना है। वितरण कार्यक्रम में वैसे लोग भी शामिल हुये जो ट्रस्ट के माध्यम से पूर्व में पौधा लेकर नर्सरी तैयार कर चुके है। इनलोगो ने नये लाभुकों के साथ अपना अनुभव भी साझा किया। मौके पर सीएसआर के अनिल गिरी,राकेश तिवारी,नितेश पाण्डेय,नागेंद्र यादव,कमता प्रसाद विकास तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## गरीबों का हक लूटने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा : रामचंद्र चंद्रवंशी

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर प्रखंड मे रविवार को झारखंड सरकार द्वारा संचालित सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण शुरू किया गया। वितरण समारोह का आयोजन



प्रखंड कार्यालय के सभागार में किया गया था। वितरण समारोह की अध्यक्षता बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम व संचालन रोजगार सेवक मनोज चौबे ने किया। सोना सोबरन योजना की शुरूआत पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। उन्होंने अपने हाथों से कई लाभुकों को धोती, साड़ी और लुंगी दिया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सोना सोबरन योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। प्रखंड के हर कार्डधारी को इस योजना के तहत धोती साड़ी स लुंगी मिलना चाहिए। इस कल्याणकारी योजना में गड़बड़ी बर्दास्त नहीं की जायेगी। गरीबों का हक लूटने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीब सहित हर तबके के लोगों के कल्याण हेतु कई योजनाएं चला रही है। बस जरूरत है उन योजनाओं को धरातल पर उतारने की। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इससे पहले बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने विधायक श्री चंद्रवंशी सहित सभी अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मौके पर जिला पार्षद बिजय रविदास,वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रबशी,सांसद प्रतिनिधि अनुज पाण्डेय,बिधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, बिधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,गुरहा मुखिया राधाकृष्ण साव,तोलरा मुखिया रोहित तिवारी,भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी,नगर मंडल महामंत्री मनीष कुमार,बिजय कुमार रवि,जनवितरण दुकानदार जगनारायण पाल, बिनोद चंद्रबशी, हरेकृष्ण सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# श्री विष्णु मंदिर में धूम धाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के श्री विष्णु मंदिर में लगातार 88वें वर्ष भी धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विधि विधान से मंदिर के मुख्य पुजारी कमल किशोर ने रात्रि 12 बजे मंदिर में महाआरती की और भगवान को भोग निवेदित किया गया। जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए शहर के हजारों भक्तगण मंदिर पहुंचे और महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं इस जन्माष्टमी महोत्सव में गायक उमाशंकर मिश्रा और उनकी टीम ने भक्ति जागरण से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोलकाता से आयी राधा-कृष्ण की झांकी और मंदिर का 90 साल पुराना फव्वारा भी आकर्षण का केन्द्र रहा। कार्यक्रम में ट्रस्ट की ओर से आये महानुभावों के



साथ-साथ ट्रस्ट के पूर्व न्यासीगण एवं दानदाताओं को सम्मानित किया गया। वहीं इस जन्माष्टमी महोत्सव को यादगार बनाने के लिए मंदिर के भिस्टर बाक्स और सीसीटीवी का भी लोकार्पण किया गया। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने हाई क्वालिटी सीसीटीवी अधिष्ठापन पर ट्रस्ट का आभार जताया और कहा की इस से प्रशासन को भी काफी फायदा मिलेगा।

## लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ हुसैनाबाद क्षेत्र में कांग्रेस का हल्ला बोल कार्यक्रम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर(पलामू)** ।हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के जपला जयप्रकाश चौक व हैदर नगर रेलवे गुमटी पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बेतहाशा महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉक्टर एम तौसीफ शामिल हुए। डॉक्टर तौसीफ ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा जिस तरह से लगातार बेतहाशा महंगाई की जारही है इस से देश की आम जनता परेशान है। रोजमर्रा की चीजों को खरीदने में सभी के घर



के बजट गड़बड़ा गए है गैस सलेंद्र , डीजल, पेट्रोल, रेल,बस / ट्रांसपोरिंग कराया , साग सब्जी हर चीज की कीमतें कई गुना बढ़ा दी गई है हद तो तब हो गया जब दूध दहाई पनीर जैसी चीजों पर जीएसटी लागू कर दिया गया उन्होंने कहा की बीजेपी की केंद्र सरकार की मंशा साफ इस महंगाई के पीछे कई राज है उस राज्य को कांग्रेस पार्टी देश की एक एक जनता को हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से बताने जा रहे हैं । सरकार का मकसद रोजमर्रा की चीजों के मूल्य में वृद्धि करके गरीबों के पैसे को लूटना और इस पैसे से अपने पूंजी पति मित्रों को फायदा पहुंचाना। डॉक्टर तौसीफ ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार बनी है तब से अब तक मोदी जी ने अपने पूंजीपति मित्रों के बैंक लोन 10 लाख करोड़ माफ कर दिया है । जिस के पैसे से इन्होंने अपने मित्रों का कर्ज माफ किया गरीबों का पैसा लूटकर इस काम को अंजाम दिया ।

# हरे कृष्ण और हरे राम के नाम से झूमे श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर के प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। इस दौरान विश्रामपुर नरेश राजा रंजीत राय और रागिनी राय के द्वारा मुख्य पूजा की गई। मालुम हो कि इस पंचमुखी मंदिर की सारी व्यवस्थाएं राज परिवार की ओर से ही की जाती है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूजा राजपुरोहित अच्युतानंद पांडे ने पूजन संपन्न कराया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ थी। इस दौरान राजा रंजीत राय के पुत्र भी इस कार्यक्रम में शामिल थे। इस अवसर पर विजय कुमार रवि, राजेश कुमार मार्शल, गोपाल सोनी, दीपक कुमार, थाना प्रभारी शशी रंजन, एसआई अनिल सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



## भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में रंगे रहे भक्त

**हरिहरगंज (पलामू)।** नगर पंचायत क्षेत्र के मोती राज महिला इंटर कॉलेज स्थित कृष्ण राधे मैदान में कृष्ण राधे पूजा समिति अम्बा हरिहरगंज के तत्वधान में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में रंगे रहे। अहले सुबह से ही भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना भक्तों ने बड़े ही धुम-धाम से किया। रात्रि में श्रीकृष्ण लीला का सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने खूब झूमें ।वहीं शनिवार को हवन पूजन के बाद कृष्ण राधे पूजा समिति अम्बा हरिहरगंज के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र के, राजद के पूर्व विधायक संजय सिंह यादव के साथ सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।इस दौरान श्री संजय सिंह यादव ने जन्माष्टमी पर लोगो को शुभ कामना देते हुए क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखने की कामना की ।मौके पर समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार मेहता, रविन्द्र कुमार यादव, सचिव अखिलेश विष्वकर्मा संरक्षक महादेव यादव, बुधन सिंह यादव, लखन यादव, अरविन्द पासवान, विजय यादव, डॉ रघुनन्दन मेहता, अशोक शर्मा सहित सैकड़ो भक्तगण शामिल थे।



## ज्योति प्रकाश विद्यापीठ में वानिया एवं विराज ने राधा कृष्ण बनकर लोगों को खुब लुभाया

**मेदिनीनगर।** पूरे पलामू में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर सभी देवालयों में भक्तों की लम्बी भीड़ देखी गई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन कहीं मटका फोड़ तो कहीं अखंड कीर्तन तो कहीं प्रवचन का आयोजन किया गया था। वहीं कई स्कूलों और कालेजों में छोटे बच्चों के द्वारा राधा कृष्ण बनकर झांकी प्रस्तुत कर रहे थे। इसी कड़ी मे ज्योति प्रकाश विद्यापीठ में वानिया और विराज ने कृष्ण और राधा बनकर सबो का दिल मोह लिया। ज्योति प्रकाश विद्यापीठ में झांकी के दौरान बच्चों एक से बढ़कर एक राधा कृष्ण बन कर ऐसी झांकी प्रस्तुत की मानो ऐसा लग रहा था जैसे मथुरा वृदांवन आ गए हो। इसी खास कर वानिया और विराज ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि बच्चों के इस तरह की झांकी प्रस्तुत करने से उनके अंदर की प्रतिभा निखार कर सामने आती है साथ ही उनमें भक्ति भाव का प्रवाह होता है।

# स्पोर्ट्स

## खेलना और मेडल जीतना हर खिलाड़ियों का कर्तव्य : दिलीप चौरसिया

**प्रयागराज :** विद्या भारती से सम्बद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, राजापुर में पूर्वी उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दिलीप चौरसिया ने कहा कि खेल खेलना और देश के लिए मेडल लाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनता है। प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडेय के संरक्षण में आयोजित एवं संगीताचार्य मनोज गुप्ता के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख विजय उपाध्याय ने भैया-बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। आप लोग खेल की विधा से जुड़े हैं। देश में आज खिलाड़ियों की कमी है, इसलिए मोदीजी के नेतृत्व में खेल को बढ़ावा देने के लिए कई संगठनों की स्थापना की गई है। अध्यक्षीय आशीर्वचन में विद्या भारती काशी प्रांत के संगठन मंत्री डॉ. राम मनोहर ने कहा पहले एक कहावत कही जाती थी, खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब पढ़ोगे लिखोगे होगे नवाब। आज वह कहावत उल्टी हो गई है। आज खेलेंगे कूदेंगे तो नवाब बनेंगे। ओलम्पिक के तालिका पदक में जब भी हम अपने देश का नाम पदक ढूंढने में खोजते हैं तो हमारे देश का नाम सबसे नीचे दिखाई देता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद इसमें काफी सुधार हुआ है। हमारे विद्या भारती के छात्र-छात्राएं 71 प्रकार के खेलों में भागीदारी करते हैं। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश सिंह ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने एस.जी.एफ.आई तथा खेलो इंडिया खेलो में भी प्रतिभाग करते हुए कई पुरस्कार और मेडल भी प्राप्त किए हैं। हमारे खिलाड़ियों का लक्ष्य है कि आगे वह ओलम्पिक खेलों में भी प्रतिभाग करते हुए देश के लिए पदक जीतें। अवध प्रांत के खेलकूद प्रमुख सोमदेव शर्मा ने खिलाड़ियों की प्रतिज्ञा का संचालन एवं स्वागत काशी प्रांत के प्रांतीय खेलकूद प्रमुख अजीत सिंह, सह प्रांतीय खेलकूद प्रमुख विमल चंद्र दुबे तथा विजय मौर्य ने और आभार ज्ञापन संतोष तिवारी ने तथा कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार शुक्ला ने किया।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर एक की मौत

धनबाद (आजाद सिपाही)। महुदा तालगड़िया रेल पथ पर बारकी पुल के समीप रविवार तड़के मालगाड़ी की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान भुनेश्वर महतो (40) के रूप में हुई। वह बोकारो जिले के चास थाना अंतर्गत डुमरदहा बस्ती का रहने वाला था। मृतक साइकिल से कोयला ढोने का काम करता था। मृतक के पिता हरिपद महतो ने बताया कि बेटे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका इलाज चल रहा था। मृतक की दो बेटी और एक बेटा है जो बिजुलिया हाई स्कूल में पढ़ते हैं। घटना के संबंध में कुछ प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि मृतक साइकिल से जा रहा था। अचानक वह साइकिल खड़ी कर मालगाड़ी के सामने रेल लाइन पर लेट गया। मालगाड़ी के गुजरते ही उसकी मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दुखद : ससुराल में एक दिन और रहने के पत्नी के दबाव के बावजूद पति के चले जाने से थी नाराज

# नव विवाहिता ने मायके में की खुदकुशी

दो महीना पहले ही कतरास निवासी युवक से हुई थी शादी

आजाद सिपाही संवाददाता



- दो महीना पहले ही धूमधाम से हुई थी शादी
- दो दिनों से ससुराल में रह रहे पति को एक दिन और रहने की कर रही थी जीद
- यूडी केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

**अलकडीहा।** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के इस्ट बरारी बजरंगबली मंदिर के निकट मोहल्ला में रहने वाली एक विवाहित महिला द्वारा शनिवार की देर रात अपने मायके में ही गले में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिए जाने की घटना प्रकाश में आई है।

मृतका की पहचान ज्योति कुमारी (21) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी स्वजनों को रविवार तड़के हुई। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। खबर पाकर अलकडीहा ओपी सहायक पुलिस निरीक्षक आरएन झा और शंकर ठाकुर मौके पर पहुंच गए और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है.।

जानकारी के मुताबिक ज्योति का विवाह दो महीना पहले ही कतरास निवासी दीपक भुईयां के साथ धूमधाम से हुई थी। बतातें चलें कि दीपक अपने ससुराल में ही पिछले दो दिनों से ठहरा था। शनिवार की शाम वह ससुराल से अपने घर चला गया। उधर, पति के जाते ही ज्योति ने मायके में ही अपने कमरे में देर रात आत्महत्या कर ली। परिजनों की मानें तो ज्योति पति दीपक को एक दिन और ससुराल में ही रूकने का दबाव बना रही थी, लेकिन वो जरूरी काम का हवाला देकर चला गया। संभवतः इसी से नाराज ज्योति ने आत्महत्या कर ली। उधर, पुलिस मामले में यूडी केस दर्ज कर छानबीन में जुटी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। ज्योति ने किन कारणों से आत्महत्या की इसका भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है। मृतक के स्वजनों का कहना है कि ज्योति बहुत ही व्यवहारिक थी। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया यह समझ से परे है।

## स्थानीय लोगों को निजी क्षेत्र में मिले 75 फीसदी नियोजन : सचिन महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** आजसू संघर्ष एवं बलिदान से उपजी हुई पार्टी है। इसलिए स्थानीय लोगों को झारखंड के निजी क्षेत्र में 75 फीसदी नियोजन देने का काम करें। उक्त बातें बोकारो के जिलाधक्ष सचिन महतो ने कही। वे रविवार को बालीडीह गोविंद महतो विद्यालय में आयोजित जिला कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि निजी कंपनियों में स्थानीयों को 75 फीसदी आरक्षण का गजट झारखंड सरकार द्वारा लागू किया गया है, लेकिन यह निर्देश किसी भी कंपनी द्वारा पालन नहीं किया गया है। गजट को लागू करवाने के लिए आजसू चरणबद्ध आंदोलन करेगी जिसके तहत 25 अगस्त को बोकारो के डीसी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी तरह 29 अगस्त को उपश्रमायुक्त को ज्ञापन और आठ सितंबर को बोकारो जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। वहीं, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक महतो ने कहा कि आजसू ही शुरू से जनता के हितों की सुरक्षा के लिए आंदोलन करते आ रही हैं। इस मौके पर जिला प्रधान सचिव तपन सिंह, निरंजन बाउरी, लखन ख्वास, प्रकाश शर्मा, नरेश महतो, संटू सिंह, अजय गोस्वामी, अमर लाल महतो, सुरेश महतो, महेंद्र चौधरी, उमेश जयसवाल, कृष्णा महतो, गोविंद कुमार, नरेंद्र महतो, संजय दास, राजेंद्र महतो, इंद्रनाथ महतो, उमाशंकर महतो, भरत महतो, विनय साव, दीपक कुमार, विपिन नायक, मोहन महतो, बॉबी पटेल, अनिल झा, जलेश्वर महतो, संजीत कुमार और सुबोध गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## चास प्रखंड के कला संस्कृति भवन में होगा करम जावा महोत्सव का भव्य आयोजन : अखिलेश



चास (आजाद सिपाही)। झारखंड सांस्कृतिक मंच की ओर से 11 सितंबर को चास प्रखंड कार्यालय के निकट कला संस्कृति भवन में करम जावा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर रविवार को आरएम इंटर कॉलेज में बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता झारखंड सांस्कृतिक मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद महतो और संचालन केंद्रीय महासचिव राजदेव माहथा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से करम महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। अखिलेश महतो ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत दिवंगत नेता स्व राजेंद्र महतो ने दो जनवरी 1986 में शुरू की थी। झारखण्डी संस्कृति के संरक्षण और संबर्धन के लिए पारंपरिक पर्व के आयोजन की शुरूआत की थी। अब स्व राजेंद्र महतो के स्मृति में इस वर्ष भी करम महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संचालन समिति भी गठित की गई है। बैठक में मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष हाबुलाल गोराईं, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम महतो, करम चांद गोप, धीरेंद्र नाथ महतो, मनोज महतो, खगेंद्र नाथ वर्मा, अखिलेश सिंह, साधन मंडल, बनमाली दत्ता, दिनेश नायक, सुनिल महतो, अमिर शेख, बंधु दास, भुवन चंद्र दास, गणेश दत्ता, नकुल प्रसाद, गोपाल साह, बिरंची चौधरी, मुन्ना महतो, संजय लाल महतो, मनभुल सिंह, चंडीचरण झा, मोती लाल गोराईं आदि उपस्थित रहे।

## दलित छात्र मौत के मामले में स्वाभिमान मंच ने राजस्थान सरकार के विरुद्ध निकाला कैंडल मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** राजस्थान में इंद्र कुमार मेघवाल नामक दलित छात्र की हुई मौत के विरोध में रविवार को राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच ने लोयाबाद में कैंडल मार्च निकाला। दर्जनों लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर राजस्थान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मृतक के माता-पिता को इंसाफ दिलाने की मांग की। मंच के नेता डब्ल्यू पासवान ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच राजस्थान सरकार से दोषी को फांसी की सजा की मांग करता है। दलितों पर अत्याचार की घटना बर्दास्त नहीं करेंगें। वहीं, कैंडल मार्च लोयाबाद पांच नंबर से शुरू होकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर राजू यादव चौक पर समाप्त हुआ। जहां दो मिनट का मौन रखकर मृतक को श्रद्धांजलि दी गई। बतातें चलें कि तीसरी कक्षा के दलित छात्र इंद्र मेघवाल को सिर्फ मटकी छू देने के कारण बुरी तरह पिटाई की गई थी। जिससे गंभीर रूप से घायल होने के बाद 13 अगस्त को उसकी मौत हो गई थी। नाबालिग के साथ हुई मारपीट की घटना 20 जुलाई की बताई जा रही है। वहीं, कैंडल मार्च में मुख्य रूप से डॉ नरेश कुमार, डब्ल्यू पासवान, बिनोद पासवान, सुरेद्र पासवान, बिनोद पासवान, शंभु पासवान, नागदेव पासवान, रमेश राजा, रोशन पासवान, मिंटू पासवान, केदार पासवान, सत्येन्द्र पासवान सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## विधायक अपर्णा ने दर्जनों लोगों को माला पहनाकर किया भाजपा में शामिल

धनबाद (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के पोद्धारडीह स्थित आवासीय कार्यालय में रविवार को चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के दूसरे पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। सभी ने भाजपा के नेतृत्व एवं पति शहीद सुशांतो सेनगुप्ता के सिद्धांत पर आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा का दामन थामा। विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने सभी को माला पहनाकर और पार्टी का ऑनलाईन सदस्यता दिलवा कर शामिल किया। इस मौके पर निरंजन कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मनोज गोराई, शमशेर राय, राकेश बाउरी, ललन तुरी,शांता तुरी, भोला गोराई, संदीप यादव, बुलेन बाउरी , संतोष सिंह और मदन बाउरी आदि मौजूद थे।

## श्री राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में पहुंचे पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय और रागिनी सिंह



धनबाद (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रविवार को धनबाद यूनियन क्लब में विप्र सेना धनबाद महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित श्री राधा कृष्णा रूप सज्जा प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह शामिल हुए। जहां विप्र सेना की महिला सदस्यों द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा नीतू तिवारी, सुधा मिश्र (अधिवक्ता) कुमुद शर्मा (प्रांतीय संयोजिका) निशा शर्मा, सुधा मिश्रा, सुभद्रा झा (कवित्री) और कल्पना झा आदि मौजूद थे।

## अध्यक्ष व सचिव पद के लिए गौतम राजेंद्र और शमीमुद्दीन ने दर्ज की जीत

धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन जोरापोखर शाखा का चुनाव संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**जोड़ापोखर।** धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन जोड़ापोखर शाखा का चुनाव रविवार को भागा आशीर्वाद लॉज में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए मतदान किया गया, जिसमें कुल 100 मतदाताओं में 99 डेकोरेटर्स सदस्यों ने अपना मत का उपयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्यासी गौतम कुमार रंजन व विश्वजीत चटर्जी उर्फ बिल्लू, सचिव पद के लिए राजेंद्र कुमार विद व उत्तम मित्रा और कोषाध्यक्ष पद के लिए मो शमिमुद्दीन एवं कन्हैया शर्मा के बीच मुकाबला हुआ। चुनाव पदाधिकारी में भरत जी भगत, राजेस्वर प्रसाद एवं लल्लू मालाकार ने चुनाव कराया। अध्यक्ष गौतम कुमार रंजर को 73, विश्वजीत चटर्जी को 24 मत मिले वहीं दो मत रद्द हो गए। जबकि सचिव में राजेंद्र कुमार विद को 64 उत्तम मित्रा 33 और कोषाध्यक्ष मो समिमुद्दीन 62 मत मिले। वही कन्हैया शर्मा को 36 मत मिला। जीते तीनों सदस्यों ने कहा कि डेकोरेटर्स सदस्यों के लिए वे लोग हमेशा उनके साथ खड़े है। कहा कि डेकोरेटर्स सदस्य बहुत लगन से किसी कि शादी हो या फिर पार्टी का काम करते हैं। कोरोना काल में सभी को परेशानी उठानी पड़ी थी। वहीं चुनाव पदाधिकारी भरत जी भगत ने बताया कि आठ अगस्त को नामांकन और नौ अगस्त को नाम वापसी हुआ था। अब शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराया गया। इस दौरान चुनाव को सफल बनाने वालों में प्रदीप मुखर्जी, दिलीप विद, मो रफीक, पिन्टू राय, दिलीप गुप्ता, मधु सेन, रमेश पांडेय और सुरेश चौधरी आदि प्रमुख थे।

## धर्म के साथ कला को निखारने में अहम भूमिका निभा रही सूर्य मंदिर समिति

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के बैदकारो पंचायत स्थित श्री सूर्य नारायण मंदिर प्रति रविवार को लगने वाले नियमित विशेष भोग के लिए प्रसिद्ध है। इसी का परिणाम है कि यहां अन्य दिनों को भी श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। मंदिर समिति सदस्यों के प्रयास और दूरदर्शी सोच के कारण यहां विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होते रहता है। इसी कड़ी में मंदिर समिति की ओर से बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए मंदिर परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ऐसे आयोजन कर सूर्य मंदिर समिति के सदस्य धर्म के साथ कला को भी निखारने में अहम भूमिका निभा रहे है। मंदिर समिति के सचिव सह मजदूर नेता इंद्रदेव महतो ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन वृहद रूप में किया जाएगा। प्रतियोगिता में रूप सज्जा राधे-कृष्ण, परिधान, नृत्य, रंगोली आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं स्थानीय युवक के लिए मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसमें प्रतिभागियों के प्रदर्शन परिणाम तिथि निश्चित कर की जाएगी। वहीं मटका फोड़ प्रतियोगिता के तीन समूह को नगद राशि से पुरस्कृत कर दिया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय को क्रमशः 1500, 800 व 700 रुपये नगद राशि दी गई। शिशु विकास विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम अयोध्या सिंह एवं कला शिक्षिका उमा वर्मन ने बताया कि उनके विद्यालय के सुहाना, श्रेया, आयुष, खुशी, कुंकुम, तलत ने रंगोली प्रतियोगिता में, आदित्य, बुलबुल, मोनिका, खुशी, कुंकुमतलत ने रूप सज्जा परिधान राधे कृष्ण प्रतियोगिता में भाग लिया था।

## मारवाड़ी समाज हमेशा से सामाजिक कार्यों के प्रति रहा है सजग : कृष्णा अग्रवाल



धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से रविवार को सराय ढेला लंदन स्ट्रीट रेस्टोरेंट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के नव निर्वाचित अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे-बच्चियों के लिए 10+2 से स्नातक तक स्कॉलरशिप प्रोग्राम चलाने, शिक्षा के क्षेत्र में काउंसलिंग प्रोग्राम चलाने, छात्रवास का निर्माण और मारवाड़ी सम्मेलन का अपना भवन का निर्माण उनकी योजना में है। आगामी सम्मेलन की बैठक में उपरोक्त विषयों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया मारवाड़ी समाज हमेशा से सामाजिक कार्यों के प्रति सजग रहा है। रक्तदान शिविर, पेयजल की व्यवस्था, स्वास्थ्य कैंप आयोजित करना आदि का आयोजन होते रहता है। अब समाज की राजनितिक क्षेत्र में भी भागीदारी मिले यह भी प्रयास होगा। साथ ही कहा कि मारवाड़ी समाज के सभी संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर एक समाज एक कार्यक्रम को लागू करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर कृष्णा अग्रवाल, जीतेंद्र अग्रवाल, सीए आरबी गोयल, सीए ललित झुनझुनवाला, प्रदीप अग्रवाल, दीपक रुइया, अधिवक्ता विनोद अग्रवाल, शेखर शर्मा, संजय गोयल, सुभाष रिटोलिया, शिवप्रकाश लाटा, अजय अग्रवाल, विजय तुलसियान, प्रकाश केजरीवाल, मिट्ठू सरिया, सीए विनय अग्रवाल, अनिल खेमका, नारायण कथुरिया, विनय बागड़िया, वेदप्रकाश केजरीवाल आदि उपस्थित थे।

### बेतहाशा महंगाई और बेरोजगारी के विरुद्ध कांग्रेस ने लोयाबाद में लगायी हल्ला बोल चौपाल

# केंद्र सरकार को नहीं है गरीबों की थाली की चिंता : जलेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



महंगाई के खिलाफ आयोजित हल्ला बोल चौपाल में केंद्र सरकार की आलोचना करते कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता।

**लोयाबाद।** खाद्य, पेट्रोलियम व दैनिय इस्तेमाल की वस्तुओं के लगातार बढ़ती कीमतों और जीएसटी के प्रतिवाद में रविवार को कांग्रेस ने लोयाबाद मोड़ पर हल्ला बोल चौपाल का आयोजन किया। जिसमें कांग्रेसी वक्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने केंद्र सरकार की आचोलना करते हुए कहा कि खाद्य पदार्थों की कमरतोड़ महंगाई से जनता पहले से ही लोग परेशान थी। उस पर अतिरिक्त जीएसटी लगाकर केंद्र सरकार ने गरीबों की कमर ही तोड़ दी है। जनता डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, रेल किराया में अत्यधिक वृद्धि एवं बढ़ती बेरोजगारी से काफी परेशान हैं। केंद्र सरकार को न तो किसानों और न ही मजदूरों की चिंता है। उनके थाली में दाल सब्जी है या नहीं इससे केंद्र की मोदी सरकार को कोई सरोकार नहीं है। कहा कि देश में कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो मजदूरों-किसानों और गरीबों के बारे में सोचती है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा था कि 2022 में सभी के पक्के मकान होंगे। पर सवाल है कि कितने लोगों को पक्का मकान मिला है। झूठा प्रलोभन देकर सत्ता में काबिज होने वाली भाजपा सरकार ने लोगों को कई लुभावने सपने दिखाए थे, लेकिन किसी को भी पूरा नहीं किया। जबकि केंद्र सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने में लगी है। वहीं, मो असलम मंसूरी ने कहा कि आसमान छूती मंहगाई और बेरोजगारी इस कदर बढी है कि लोग सही से दो वक्त का खाना भी नहीं खा पा रहे हैं। राजकुमार महतो ने कहा कि जब तक केंद्र में भाजपा की सरकार रहेगी तब तक लोगों को मंहगाई से राहत नहीं मिलेगी। गैस सिलेंडर की कीमत जब चार सौ रुपये हुआ तो भाजपा नेत्री स्मृति इरानी सड़क पर उतर आई थीं। पर अब गैस सिलेंडर 1100 व 2000 रुपये का हो गया है। अब मंहगाई के नाम पर हल्ला मचाने वाले नेता दिखाई नहीं दे रहे हैं। इक कार्यक्रम की अध्यक्षता क्यूम आलम व संचालन डब्ल्यू पासवान ने किया। मौके पर रवि चौबे, इम्तियाज अहमद, शाहरुख खान, गणेश साव, कृपाशंकर सिंह, जमीर अंसारी, हाकिम खान, आजाद अंसारी, गुड्डु मिश्रा, रमेश्वर तुरी, प्रेमनाथ गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, गणेश साव, मो आजाद, विशाल महतो, मुकेश साव, शिबलू खान, राहुल पांडेय आदि उपस्थित थे।

## धनबाद के साथ हो रही नाइंसाफी : राज सिन्हा

भारत विकास परिषद का धनबाद के विकास की चुनौतियां और समाधान पर विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के साथ नाइंसाफी हो रही है। सरकार बदलती है तो प्राथमिकताएं भी बदल जाती है। यहां के विद्यालयों में बुनियादी विकास होना चाहिए। आधारभूत संरचना के विकास से ही मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। उक्त बातें धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कही। वे रविवार को भारत विकास परिषद द्वारा राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में धनबाद के विकास की चुनौतियां और समाधान पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे ते। उन्होंने कहा धनबाद में हवाई अड्डा के निर्माण का प्रयास जारी रहेगा। लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए गया पुल चौड़ीकरण एवं फ्लाईओवर के निर्माण की दिशा में भी प्रयास जारी है। आने वाले 50 साल के हिसाब से योजना बनानी होगी। वहीं, पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि बिजली, सड़क, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य को मजबूत बनाना होगा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बीच की दूरी को कम करना होगा। राजनीतिक इच्छाशक्ति, जनभागीदारी के समन्वय से स्थिति बेहतर बन सकती है। उद्योगपति केदारनाथ मित्तल ने कहा कि आरोप प्रत्यारोप से समाधान नहीं होगा। सबको मिलकर निदान पर विचार करना होगा। कार्यक्रम के दौरान अमरेश कुमार सिंह, बैंक मोड़ चेंबर के अध्यक्ष प्रभात सुरोलिया, गोपाल भट्टाचार्य, दिलजान सिंह, श्याम परसारी, इंदर मोहन मेनन, आईआईटी आईएसएम के प्रोफेसर रजनी सिंह, पंकज मिश्रा,नवल उपाध्याय, श्री राम, निर्मला तुलसियान, अशोक कुमार, पंकज जैन, डॉक्टर यू क्षएस प्रसाद, डॉक्टर प्रोफेसर बीबी दत्ता, मीनू गोयल, अरुण गुजराल, राजीव शर्मा, किरिट चौहान, केके हड़ोडिया सहित शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने अपने-अपने विचार और समस्याओं के समाधान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संजय जैन, सचिव किशन कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष अमित कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सोमनाथ प्रुर्थी, संयुक्त सचिव सुदीप चक्रवर्ती, योगेंद्र तुलसियान आदि मौजूद थे।

## सरसंघचालक मोहन भागवत बोले

# भारत दुनिया के लिए आदर्श समाज बने, इसके लिए काम कर रहा आरएसएस



### 'मैं और मेरा' के भाव से ऊपर उठने की जरूरत

भागवत ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक कभी भी व्यक्तिगत हितों पर ध्यान नहीं देते। वे हमेशा संपूर्ण समाज के लिए काम करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। हमें समाज के लिए काम करते हुए 'मैं और मेरा' के भाव से ऊपर उठने की जरूरत है। इससे हमें एक समाज के रूप में विकसित होने में मदद मिलेगी। दरअसल, भागवत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दिल्ली इकाई के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया और स्वयंसेवकों की ओर से चलाये जा रहे कल्याणकारी कार्यों पर बात की।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भारत को दुनिया के लिए आदर्श समाज बनाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस समाज को एकजुट करने और उसकी भलाई के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा करना इसलिए जरूरी है, ताकि भारत सम्पूर्ण विश्व के लिये एक आदर्श समाज बन सके। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि समाज जब एक वातावरण में एक मन और संकल्प को लेकर खड़ा होता है तो वास्तव में उसी को समाज कहते हैं। समाज यानी सहयोग से इकट्ठा हुए लोग नहीं है बल्कि समाज वो है जिसके सामने एक सम्मान उद्देश्य है। सरसंघचालक ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिये समाज के विभिन्न वर्गों ने बलिदान दिया। अनेक विभूतियों ने योगदान और बलिदान के बाद ही देश को आजादी मिली। हम समाज के रूप में सोचते हैं। हमारे लिए व्यक्तिगत कुछ भी नहीं है। हमें इस भाव को और आगे ले जाना होगा। यही हम भारतीयों का डीएनए और बुनियादी स्वभाव है।

## मिजोरम के सीएम की बेटी ने डॉक्टर को मारा थप्पड़

**आइजोल (आजाद सिपाही)।** मिजोरम के उट जोरमथंगा की बेटी का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक डॉक्टर को थप्पड़ मारती दिख रही हैं। ये घटना बुधवार को राजधानी आइजोल के एक अस्पताल में हुई। मुख्यमंत्री की बेटी मिलारी छांगटे स्किन डॉक्टर के पास बिना अपॉइंटमेंट के चली गईं थीं। तब उन्हें डॉक्टर ने ये कहकर देखने से मना कर दिया था कि वह अपॉइंटमेंट लेकर नहीं आयी हैं। पहलें अपॉइंटमेंट लेकर आयें, तभी इलाज किया जायेगा। बस इसी बात से नाराज होकर मिलारी ने डॉक्टर को थप्पड़ जड़ दिया। हालांकि इस घटना के बाद मुख्यमंत्री ने माफी मांगी है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही उट जोरमथंगा और उनका परिवार सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल हो रहा है। वहीं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस घटना पर विरोध प्रदर्शन किया।

## मैट्रिक में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत सरकार, खान मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र का 'नवरत्न' उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) के उत्पादन एकको अनुगुल तथा दामनजोड़ी में अपने परिधीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को समर्थन एवं प्रोत्साहन देने की परम्परा रही है। परम्परा को बरकरार रखते हुए, नालको के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र ने प्रद्रावक एवं विद्युत संकुल, अनुगुल के परिधीय विद्यालय के मैट्रिक परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 29 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। नालकोनगर अनुगुल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को 5000 के नकद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर नालको महिला समिति की अध्यक्ष सस्मिता पात्र तथा एपी. पंडा, कार्यपालक निदेशक (प्रद्रावक एवं विद्युत) भी उपस्थित रहे। पधारे हुए विद्यार्थियों, उनके माता-पिता तथा अध्यापकों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र ने नयी पीढ़ी के प्रतिनिधियों से इस सफलता की यात्रा को जारी रखने तथा जीवन लक्ष्य की प्राप्ति ना होने तक संतुष्ट न होने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि, पढ़ाई, संघर्ष तथा सफलता प्रत्येक छात्र का जीवन-मंत्र होना चाहिये। सस्मिता पात्र ने अपने उत्साहवर्धक संभाषण से विद्यार्थियों को प्रेरित किया और उनसे न केवल उज्वल विद्यार्थी बल्कि दृढ़ नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों को विकसित करते हुए भविष्य के योग्य नागरिक बनने का आग्रह किया। श्रेष्ठ मैट्रिकुलेट पुरस्कार की स्थापना प्रद्रावक एवं विद्युत संकुल के परिधीय 22 विद्यालयों तथा कोयला खान क्षेत्र छेंदीपदा के 5 विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को सहयोग, प्रोत्साहन तथा प्रेरणा देने के लिये किया गया है।

## पटना में सीएम नीतीश कुमार के कारकेड पर पथराव



**पटना (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कारकेड पर पटना में रविवार को पथराव हुआ। काफिले में मौजूद तीन-चार गाड़ियों के शीशे टूट गये हैं। हालांकि काफिले में मुख्यमंत्री मौजूद नहीं थे। मामला गौरीचक थाना के सोहरी गांव के पास का है। दरअसल, सोमवार को सीएम को गया पितृपक्ष मेले में जाना है। इसी वजह से कारकेड गया जा रहा था। सोहरी गांव का एक बच्चा दो-तीन दिनों से लापता है। इसे लेकर बच्चे के परिजन सड़क जाम किये हुए थे। इसी दौरान कारकेड उस रास्ते से गुजरने लगा। गुस्साये ग्रामीणों ने काफिले पर पथराव कर दिया।

## हिमाचल कांग्रेस: आनंद शर्मा ने स्टीयरिंग कमेटी का चेयरमैन पद छोड़ा

# सोनिया से बोले, नजरअंदाज किया जा रहा



### आनंद शर्मा का राजनीतिक सफर

पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने पहली बार 1982 में विधानसभा चुनाव लड़ा था और 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा उन्हें राज्यसभा का टिकट दिया गया था। शर्मा तब से राज्यसभा सदस्य हैं और पार्टी में कई प्रमुख पदों पर रहे हैं।

### गुलाम नबी आजाद ने भी दिया था इस्तीफा

बता दें कि चार दिन पहले यानी 16 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने भी प्रदेश (जम्मू-कश्मीर) कैंपेन कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अध्यक्ष बनाये जाने के दो घंटे बाद ही पद से इस्तीफा दे दिया।

### हिमाचल में इस साल होंगे विधानसभा चुनाव

कांग्रेस इस साल के अंत में होनेवाले विधानसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश में भाजपा से सत्ता हथियाने की कोशिश कर रही है। शर्मा को हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े नेताओं में माना जाता है। ऐसे में शर्मा का इस्तीफा देना कांग्रेस के लिए घाटा साबित हो सकता है। हालांकि, शर्मा ने आश्वासन दिया है कि वह कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार में भाग लेंगे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी का अंदरुनी कलह थमने का नाम नहीं ले रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के बाद अब एक और बड़े नेता आनंद शर्मा पार्टी से नाराज बताये जा रहे हैं। आनंद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव संचालन समिति (स्टीयरिंग कमेटी) के अध्यक्ष पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया। शर्मा ने सोनिया गांधी को पत्र लिख कर इस्तीफा दिया है। उन्होंने लिखा कि उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंची है, क्योंकि उन्हें पार्टी की किसी भी बैठक में सलाह या आमंत्रित नहीं किया गया है। उन्हें पार्टी में नजरअंदाज किया जा रहा है। राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता शर्मा को 26 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश में संचालन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

## इमरान खान के भाषणों के सीधे प्रसारण पर रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के भाषणों के सीधे प्रसारण पर रोक लगा दिया गया है। यह रोक उस समय लगया गया है, जब कुछ घंटे पहले खान ने इस्लामाबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए सरकारी प्रतिष्ठानों और सरकारी अधिकारियों को धमकी दी थी। इस्लामाबाद में रैली पर रैली कर रहे भाषणों पर रोक तत्काल प्रभाव से अमल में आ गया है। इमरान खान ने शनिवार को इस्लामाबाद में एक जनसभा में शीर्ष पुलिस अधिकारियों, एक महिला मजिस्ट्रेट, पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने की धमकी दी थी। उन्होंने अपने सहयोगी शहबाज गिल के साथ हुए बर्ताव को लेकर यह धमकी दी, जिन्हें राजद्रोह के आरोपों में पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था। पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पेमरा) ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि टेलीविजन चैनल बार-बार चेतावनी देने के बावजूद सरकारी प्रतिष्ठानों के खिलाफ सामग्री के प्रसारण को रोकने में नाकाम रहे हैं। इसमें कहा गया है, 'ऐसा देखा गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के अध्यक्ष इमरान खान अपने भाषणों/वक्तव्यों में सरकारी प्रतिष्ठानों पर लगातार निराधार आरोप लगा रहे हैं और उकसावे वाले बयानों के जरिये घृणास्पद भाषणों का प्रचार कर रहे हैं, जिससे कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने में मुश्किल हो सकती है और इससे सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंका है।

### पीटीआइ ने प्रतिबंध का किया विरोध

नियामक ने कहा कि खान के भाषण संविधान के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन हैं और मीडिया की आचार संहिता के खिलाफ है। उसने कहा, 'सक्षम प्राधिकरण यानी पेमरा अध्यक्ष इन कारणों को देखते हुए सभी उपग्रह टीवी चैनलों पर इमरान खान के भाषण के सीधे प्रसारण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हैं।' पीटीआइ के अध्यक्ष पर लगाये गये प्रतिबंध पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार फासीवादी सरकार है। इस बीच, खान ने कहा कि वह आज यानी रविवार को रावलपिंडी के लियाकत बाग मैदान में एक रैली को संबोधित करेंगे।





**ठाकुर दयाल देव माणिकराज इंटर महाविद्यालय**
अधौरा, नगर उंटारी, गढ़वा, झारखंड
(झारखंड अधिविद्य परिषद् रांची द्वारा मान्यता प्राप्त)

**आवश्यकता**

निम्नांकित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं

| व्याख्याता | | रिक्त पदों की संख्या | शैक्षणिक अहर्ता |
|---|---|---|---|
| 1. अंग्रेजी | - | 01 | व्याख्याता पद के लिए संबंधित विषय में स्नातकोत्तर |
| 2. हिन्दी | - | 01 | एवं बी.एड झारखंड अधिविद्य परिषद् के नियमानुसार रहेगा। |
| 3. लाइब्रेरियन - (पुस्तकालय अध्यक्ष) | | 01 | बैचलर इन लाइब्रेरी एण्ड इंफारमेशन साइंस |

अभ्यर्थी आवेदन एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ 700(सात सौ) का डिमाण्ड ड्राफ्ट Secretery T.D.M. Inter College Nagar Untari Payable at Nagar Untari के नाम से बनाकर दिनांक 28/08/2022 तक महाविद्यालय में जमा करेंगे। साक्षात्कार हेतु दिनांक 06/09/2022 को महाविद्यालय में अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रातः 09 बजे उपस्थित रहें।

शारदा महेश प्रताप देव
सचिव
शासी निकाय

पत्रांक /sec/03/22, दिनांक 20.08.2022





















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**